भाकृअनुप–राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे

ICAR-National Research Centre for Grapes, Pune

वार्षिक प्रतिवेदन ANNUAL REPORT 2016-17

Cover page illustrates Centre's attempt to reach stakeholders through digital media. (1) Grapes DSS: Decision Support System for Nutrition and Irrigation, (2) Disease DSS: Decision Support System for Downy and Powdery Mildews, (3) IMPRAS: Insect and Mite Pest Risk Assessment and Advisory System.

आवरण पृष्ठ केंद्र द्वारा डिजिटल माध्यमों से हितधारकों तक पहुँचने के प्रयासों को दर्शाता है, (1) ग्रेप्स डीएसएस: पोषण एवं सिंचाई हेतु निर्णय समर्थन प्रणाली, (2) डिज़ीज डीएसएस: डाऊनी एवं पाउडरी मिलड्यू रोगों के लिए निर्णय समर्थन प्रणाली, (3) इंप्रास: कीट एवं माइट नाशीजीव जोखिम आंकलन एवं सलाहकारी प्रणाली।

वार्षिक प्रतिवेदन

ANNUAL REPORT 2016-17

भाकृअनुप–राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र

(आईएसओ 9001:2008 प्रमाणित संस्थान)

डाक पेटी सं 3, मांजरी फार्म डाक घर, सोलापुर मार्ग, पुणे – 412307

ICAR-NATIONAL RESEARCH CENTRE FOR GRAPES

(An ISO 9001:2008 Certified Institute)

P.B. No.3, Manjri Farm P.O., Solapur Road, Pune - 412307.

सही उद्धरण / Correct Citation:

वार्षिक प्रतिवेदन 2016-17. भाकृअनुप-राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे. पृ. 144

Annual Report 2016-17. ICAR-National Research Centre for Grapes, Pune. Pp. 144

संपादन / Edited by:

डॉ. सं.दी. सावंत Dr. S.D. Sawant

डॉ. अनुराधा उपाध्याय Dr. Anuradha Upadhyay

डॉ. अ.कु. शर्मा Dr. A.K. Sharma

डॉ. दी.सिं. यादव Dr. D.S. Yadav

फोटो क्रेडिट्स / Photo Credits:

डॉ. अ.कु. शर्मा Dr. A.K. Sharma

हिन्दी अनुवाद / Hindi Translation:

डॉ. अनुराधा उपाध्याय Dr. Anuradha Upadhyay

डॉ. अ.कु. शर्मा Dr. A.K. Sharma

डॉ. दी.सिं. यादव Dr. D.S. Yadav

डॉ. धनंजय गावंडे Dr. Dhananjay Gawande

वर्ड प्रोसेसिंग / Word Processing:

सुश्री शैलजा वि. साटम Ms. Shailaja V. Satam

प्रकाशन / Published by:

निदेशक, भाकृअनुप-राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे - 412307.

Director, ICAR-National Research Centre for Grapes, Pune - 412307.

मुद्रण / Printed at:

प्रिंट ईम्प्रेशन्स, 131/7ब हड़पसर इंडस्ट्रीयल इस्टेट, पुणे 411013.

Print Impressions, 131/7B Hadapsar Industrial Estate, Pune 411013.

विषय सूची/ Contents

प्रस्तावना	PREFACE	(i)
कार्यकारी सारांश	EXECUTIVE SUMMARY	(v)
परिचय	INTRODUCTION	1
अनुसंधान उपलब्धियाँ	RESEARCH ACHIEVEMENTS	8
सहयोगी, बाह्य वित्त पोषित, अनुबंध अनुसंधान और परामर्श परियोजनायें	COLLABORATIVE, EXTERNALLY FUNDED, CONTRACT RESEARCH AND CONSULTANCY PROJECTS	69
उत्तर-पूर्व पर्वतीय और आदिवासी उप योजना कार्यक्रम	PROGRAMME FOR NEH AND TSP	80
प्रौद्योगिकी आंकलन और स्थानांतरण	TECHNOLOGY ASSESSED AND TRANSFERRED	84
प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण	TRAINING AND CAPACITY BUILDING	92
पुरस्कार एवं सम्मान	AWARDS AND RECOGNITIONS	98
बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं सहित संयोजन और सहयोग	LINKAGES AND COLLABORATION INCLUDING EXTERNALLY FUNDED PROJECTS	103
प्रकाशन	PUBLICATIONS	104
सार्थक निर्णयों के साथ क्यूआरटी, आरएसी, आईएमसी, आईआरसी की बैठकें	MEETINGS OF QRT, RAC, IMC, IRC WITH SIGNIFICANT DECISIONS	110
परामर्श कार्य, पेटेंट और प्रौद्योगिकी का व्यवसायीकरण	CONSULTANCY, PATENTS AND COMMERCIALISATION OF TECHNOLOGY	113
अनुमोदित अविरत संस्थान कार्यक्रम	APPROVED ON-GOING INSTITUTE PROGRAMMES	116
वैज्ञानिकों की सम्मेलन, बैठक, कार्यशाला, सेमिनार आदि में सहभागिता	PARTICIPATION OF SCIENTISTS IN CONFERENCES, MEETINGS, WORKSHOPS, SEMINARS, SYMPOSIA ETC.	119
आगन्तुक	VISITORS	125
कार्मिक	PERSONNEL	127
बुनियादी ढांचा विकास	INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT	129
अन्य गतिविधियां	OTHER ACTIVITIES	130
मौसम आंकड़े	METEOROLOGICAL DATA	140
लघुरुप	ABBREVIATIONS	141

प्रस्तावना
PREFACE

अंगूर के क्षेत्र में 12 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई, जो कि 122000 हेक्टेयर वर्ष 2015-16 के मुकाबले 136,000 हेक्टेयर तक पहुंच गई और 30 लाख मीट्रिक टन के करीब का रिकार्ड उत्पादन हुआ, अंगूर के 7616 कंटेनरों (100569 मीट्रिक टन) का निर्यात; स्थानीय बाज़ार के लिए ताजे अंगूर की फार्म गेट कीमतों में रु 20/- प्रति किग्रा तक रिकार्ड गिरावट, वर्ष 2016-17 के दौरान अंगूर उद्योग की मुख्य विशेषताएं थीं। सिंचाई जल की पर्याप्त उपलब्धता और फलत छंटाई पश्चात बड़े पैमाने पर कोई बारिश न होने से अंगूर का उत्पादन अच्छा होने की उम्मीद थी।

अंगूर की फार्म गेट कीमतों में गिरावट चिंता का विषय है। अंगूर उत्पादन की अनुमानित लागत लगभग रु 35-40/- प्रति किग्रा होती है। एक धारणा से अनुमान लगाया गया है कि औसत उत्पादन लगभग 30 टन/हेक्टेयर होता है। हालांकि, इस वर्ष विशेषकर सोलापुर और सांगली जिलों में कई उत्पादकों ने 35-40 टन/ हेक्टेयर से अधिक उपज ली। उम्मीद है कि इन किसानों को बड़ा नुकसान नहीं हुआ होगा। भारत में कीमतों में गिरावट मार्च में अंगूर की भरमार की वजह से हो सकती है। अक्टूबर में बारिश होने की संभावना के डर से 60 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र में छंटाई अक्टूबर के आखिरी हफ्ते के बाद की गई थी। यदि छंटाई सांतरित होती है तो हम तुड़ाई के मौसम में स्थिर आपूर्ति और बिक्री मूल्य पर कम दबाव रख सकते हैं। हाल के वर्षों में, कडवंची (जालना), बोरी (पुणे), पुलुज (सोलापुर) के नए इलाकों में अंगूर के अंतर्गत काफी क्षेत्र में काफी वृद्धि हुई है। इन क्षेत्रों में आम तौर पर मौसम संबंधी संकट कम होता है और बहुत जल्दी (अगस्त-सितंबर) या बहुत देर से (दिसंबर-जनवरी) छंटाई और दिसंबर या मई के दौरान बाजार में अंगूर ला सकते हैं। कई उत्पादक, जिन्होंने इसे किया, पिछले सत्र के दौरान भी अच्छा प्रतिफल मिला।

इन क्षेत्रों में मौसम की स्थिति के आधार पर कृषि क्रियाओं के विशेष पैकेज प्रदान करके इस गतिविधि को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

Record production, close to 30 lakh MT, record 12 per cent increase in area under grapes, which has reached 136000 ha as compared to 122000 ha during 2015-16, export of 7616 containers (100569 MT) of table grapes; record drop in farm gate prices below Rs. 20/- per kg for local market grapes, were the main features of grape industry during 2016-17. There was sufficient availability of irrigation water and no widespread, major rains after fruit pruning thereforegood production of grapes was expected.

Drop in farm gate prices of grape is a matter of concern. Estimated cost of production of table grapes is about Rs. 35-40/-per kg. It is estimated with assumption that average production is about 30 MT/ ha. However, this year many growers particularly in Solapur and Sangli districts had yields above 35-40 MT/ha. Hopefully, these farmers might not have suffered big losses. Drop in prices in India could be due to glut in March. In fear of possibility of rains in October, more than 60 per cent of area was pruned after last week of October. If pruning is staggered, we will have steady supply throughout the harvesting season and less pressure on sale prices. Recent years, new areas in Kadvanchi (Jalna), Bori (Pune), Puluj (Solapur) have increased sizeable area under grapes. These areas typically have less weather related problems and can go for very early (August-September) or very late (December-January) pruning and bring grapes in market during December or May. Many growers, who did it, got good returns during last season also.

This activity needs to be encouraged by providing special package of practices based on weather conditions in these areas.

अमेरिकन बाजार में अंगूर की विभिन्न किस्मों उपलब्धता के कारण चिली के अंगूर की मांग में कमी आई और, जनवरी से फरवरी के दौरान चिली ने अंगूरों की बड़ी मात्रा को यूरोपीय बाजारों में भेज दिया। इसके परिणामस्वरूप यूरोप में भारतीय अंगूर के शुरुआती निर्यात के लिए अधिक प्रतिस्पर्धा हुई। इसने केवल भारत में निर्यात योग्य अंगूरों की कीमतों में कमी नहीं की, बल्कि भारतीय बाजारों में अंगूरों की कीमतों को भी प्रभावित किया। निर्यात योग्य अंगूरों में अधिक पादप वृद्धि नियामकों के उपयोग के साथ अपेक्षाकृत कम शर्करा को भारतीय उपभोक्ताओं द्वारा अच्छी तरह से स्वीकार नहीं किया गया। इस स्थिति ने एक बार फिर संकेत दिया है कि नई किस्मों की आवश्यकता है जिनमें पादप वृद्धि नियामकों के उपयोग की कम अथवा आवश्यकता नहीं होती है। ऐसी किस्मों से केवल उत्पादन की लागत में कमी नहीं आती बल्कि बेहतर उपभोक्ता वरीयता के कारण, भारतीय बाजार में भी इनसे अच्छा प्रतिफल मिल सकता है।

वर्षों से भारतीय उपभोक्ताओं ने लंबे अंगूरों के लिए विशेष पसंद विकसित कर ली है। हाल के वर्षों में उत्पादकों ने थॉम्पसन सीडलेस (सुपर सोनका, आरके) और शरद सीडलेस (सरिता, कृष्णा, ज्योति) के विभिन्न क्लोनों की पहचान की है, जो कि मणि विकास के दौरान पादप वृद्धि नियामकों के अनुप्रयोग के प्रति मणि दीर्घीकरण में बेहतर अनुक्रिया देते हैं। इन क्लोनों के अंतर्गत क्षेत्र में विशेष रूप से सांगली और शोलापुर जिलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। भारतीय बाज़ार में गोल मणियों की अपेक्षा लम्बी मणियों के अंगूरों को अधिक मूल्य मिलता है। लंबी मणियों की मणि त्वचा अपेक्षाकृत पतली होती है और किशमिश की मांग के आधार पर एक ही अंगूर को सुखाने के लिए या ताजे अंगूर के रूप में बेचा जा सकता है। इसलिए, ऐसे क्लोन भी अधिक आपूर्ति के कारण होने वाली अंगूर कीमतों में गिरावट को कम करने में सहायक हो सकते हैं।

इस केन्द्र में अवशेषों की निगरानी के लिए राष्ट्रीय संप्रेषण प्रयोगशाला की स्थापना के बाद से अवशेषों की निगरानी के लिए पर्याप्त मात्रा में काम किया गया है। वास्तव में अनुसंधान पत्रों की संख्या के आधार पर भाकृअनुप- रा.अं.अनु.कें., अंगूर में खाद्य सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर काम कर रहे शीर्ष संस्थान के रूप में उभरा है। केंद्र के सभी पौध संरक्षण वैज्ञानिकों ने एक साथ मिलकर 'शून्य अवशेष' अंगूर के उत्पादन के लिए दिशानिर्देश तैयार किए। हमारे सम्माननीय महानिदेशक डॉ. त्रिलोचन महापात्रा ने अक्टूबर 2016 में इस केंद्र के दौरे के दौरान यह दस्तावेज जारी किया था। इस फलन मौसम के दौरान उत्पादकों के खेतों पर 'शून्य अवशेष' अंगूर के उत्पादन पर चार प्रदर्शन किए गए थे। परिणाम बहुत उत्साहवर्धक हैं इसलिए भविष्य में इस पर अधिक जोर देने का प्रयास जारी रहेगा।

Due to different varieties of table grapes available in American market, demand for Chilean grapes decreased in USA and Chile diverted huge quantities of grapes to European markets during January-February. It resulted in greater competition for early exports of Indian grapes in Europe. This not only reduced prices of exportable grapes, but also affected prices of table grapes for Indian markets. Exportable grapes with high plant growth regulators use and relatively low sugar were not accepted well by Indian consumers. This situation once again has indicated that there is a need for new varieties that require less or no use of plant growth regulators. Such varieties not only reduce the cost of production, but due to better consumer preference, it may have good returns in Indian market too.

Over years, Indian consumers have developed special liking for elongated grapes. Recent years, growers have identified various clones of Thompson Seedless (Super Sonaka, RK) and Sharad Seedless (Sarita, Krishna, Jyoti) which have better response to plant growth regulators treatments for berry elongation. Area under these clones is increasing rapidly especially in Sangli and Solapur districts. In Indian market, grapes with elongated berries fetch higher prices than round berries. Berry skin of elongated berries is relatively thinner and based on demand for raisins or table grapes same grapes can be dried or sold as table grapes. Therefore, such clones will also help in reducing drop in prices of grapes due to glut.

Considerable amount of work on residue monitoring has been done at this Centre since the establishment of National Referral Laboratory for residue monitoring. In fact ICAR-NRCG has emerged as top institute working on food safety related aspects in grapes, based on number of research papers. All plant protection scientists of the Centre came together and developed guidelines for production of 'zero residue' grapes. The document was released by our hon'ble Director General Dr. Trilochan Mohapatra during his visit to the Centre during October 2016. Four demonstrations on production of 'zero residue' grapes were conducted on growers' vineyards during fruiting season. Results are highly encouraging hence efforts will be continued with greater emphasis in future years.

यूएसडीए से वांछित गुणों के जननद्रव्यों और बाहरी देशों से कुलीन पौधों की सामग्री को आयात करने के हमारे प्रयासों को आयातित पौध सामग्री में जीवीएलआरवी की उपस्थिति ने धीमा कर दिया है। समस्या पर काबू पाने हेतु मेरिस्टेम कल्चर और विभिन्न रासायनिक उपचारों के माध्यम से संक्रमित सामग्री को मुक्त करने के लिए प्रोटोकॉल को प्रमाणित करने का काम शुरू किया गया है। यह तकनीक परिचय को सुरक्षित बनाने में मदद करेगी और रोग मुक्त रोपण सामग्री के उत्पादन में भी उपयोगी होगी। हाल के वर्षों में नए अंगूर बागों की स्थापना के लिए पूर्व-कलमित पौध सामगी के उपयोग की प्रवृत्ति बढ़ रही है और कई निजी नर्सरी ने ऐसे पौधों को बनाना शुरू कर दिया है।

आईडीएच द्वारा वित्त पोषित परियोजना 'सस्टेनेबल ग्रेप इंडिया इनिशिएटिव्स' में एफप्रो, एक गैर-सरकारी संगठन सक्रिय रूप से शामिल है और इन्होने 5000 छोटे उत्पादकों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। भाकृअनुप-रा.अं.अनु.कें. ने इस संगठन के साथ दिशा निर्देशों को मान्य करने के द्वारा इस परियोजना का समर्थन करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

डॉ. त्रिलोचन महापात्रा, सचिव (डेयर) और महानिदेशक (भाकृअनुप) तथा डॉ. अ.कु. सिंह, उप महानिदेशक (कृषि विस्तार और बागवानी विज्ञान) द्वारा मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की हम सराहना करते हैं। हम डॉ. अ.कु. सिंह, नव नियुक्त उप महानिदेशक (बागवानी विज्ञान) का भी स्वागत करते है और इस केंद्र के विकास के लिए उनके सहयोग की अपेक्षा करते हैं। मैं इस अवसर पर, डॉ. बी.एम.सी. रेड्डी की अध्यक्षता वाली निर्गामी आरएसी को पिछले तीन सालों के दौरान उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देता हूँ और पद्मश्री डॉ. के.ल. चढ़ा की अध्यक्षता वाली नई आरएसी का स्वागत करता हूँ।

Our efforts of introducing germplasm of desired traits from USDA and elite planting material from outside countries have slowed down due to presence of GVLrV in the imported plant material. To overcome the problem work has been initiated to standardize protocol for cleaning infected material free from virus using meristem culture and various chemical treatments. The technology will help making introduction safer and also be useful in production of disease free planting material. Recent years' trend of use of pre-grafted plant material for new vineyard development is increasing and many private nurseries have started making such plants.

AFPRO, an NGO has actively involved in IDH funded project 'Sustainable Grape India Initiative' and has target of reaching 5000 small growers. ICAR-NRCG has signed an agreement with the organization to support the project through validating guidelines.

The guidance and encouragement given by Dr. Trilochan Mohapatra, Secretary (DARE) and Director General (ICAR) and Dr. A.K. Singh, Dy. Director General (Agri. Extension and Horticultural Science) is highly appreciated. Now, we also welcome Dr. A.K. Singh, our new Dy. Director General (Horticultural Science) and expect his support for development of the Centre. I also take the opportunity to thank outgoing RAC under the Chairmanship of Dr. B.M.C. Reddy for their valuable guidance during last three years and welcome new RAC under the chairmanship of Padma Shree Dr. K.L. Chadha.

स्थान / Place: पुणे/Pune

दिनांक / Date:जून /20 June 2017

(सं.दी. सावंत / S.D. SAWANT)

निदेशक / Director

कार्यकारी सारांश
Executive Summary

भारत में अंगूर उत्पादन और प्रसंस्करण से संबंधित मुद्दों का समाधान करने के लिए मिशन उन्मुख अनुसंधान हेतु भाकृअनुप–राष्ट्रीय अनुसंधान केन्द्र अंगूर, पुणे जनवरी 1997 में स्थापित किया गया था ।

अनुसंधान आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन और जैव प्रौद्योगिकी, उत्पादन प्रौद्योगिकी, पादप स्वास्थ्य प्रबंधन और तुड़ाई उपरांत प्रौद्योगिकी और मूल्य संवर्धन के व्यापक क्षेत्रों के तहत किया जा रहा है। संस्थागत अनुसंधान कार्यक्रमों के अलावा, कई बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं का कार्य भी प्रगति में है। केंद्र परामर्श सेवाओं और अपने अधिदेश से संबंधित अनुबंध अनुसंधान भी करता है। वर्ष 2016–17 के दौरान किए गए अनुसंधान की उपलब्धियों को नीचे संक्षेप में दिया जा रहा है:

अंगूर का संरक्षण, निरूपण और उपयोग

यूएसडीए, यूएसए से चार विशिष्ट लक्षणों वाली प्रविष्टियों का आयात करके अंगूर जननद्रव्य को मजबूत किया गया। यह प्रविष्टियाँ स्वविरलन और जल्द पकने वाली हैं। 118 प्रविष्टियों को आईसी नंबर आवंटित किया गया, इस प्रकार आईसी नंबर के साथ प्रविष्टियों की संख्या बढ़कर 416 हो गई है।

अंगूर की 100 प्रविष्टियों का 35 लक्षणों के लिए चरित्रचित्रण किया गया। 100 बीज वजन, गुच्छ घनता तथा रस सामग्री के लिए अधिकतम अंतर देखे गये। बड़ी मणि, ढीले गुच्छा और उच्च फलत वाली कई प्रविष्टियों की पहचान की गई। 100 प्रविष्टियों में, 11 प्रविष्टियों में ढीला गुच्छा और पांच प्रविष्टियों में स्वाभाविक रूप से बड़ी मणियाँ पायी गईं।

केंद्र में विकसित हाइब्रिड मेडिका, अभासंअनु परियोजना के मंदसौर केंद्र में रस मापदंडों के लिए मूल्यांकित किया गया। अपने जनकों पूसा नवरंग और फ्लेम सीडलेस की तुलना में, मेडिका ने उच्च रस सामग्री उत्पादित की। ऑर्गेनोलिप्टिक टेस्ट में भी मेडिका ने अपने जनकों से बेहतर प्रदर्शन किया। छह किशमिश अंगूर किस्मों

ICAR-National Research Centre for Grapes, Pune was established in January 1997 to undertake mission oriented research to address the issues related to grape production and processing in India.

Research is being carried out under broad areas of genetic resource management and biotechnology, production technologies, plant health management and postharvest technology and value addition. Besides institutional research programs, several externally funded projects are also in progress. The Centre also undertakes consultancy services and contractual researches related to its mandate. The research achievements made during 2016-17 are briefly summarized below:

CONSERVATION, CHARACTERIZATION AND UTILIZATION OF GRAPE

Grape germplasm was strengthened by importing four trait specific accessions from USDA, USA. These accessions are self-thinning and early ripening. IC number was allotted to 118 accessions, thus increasing the number of accessions with IC number to 416.

100 grape accessions were characterized for 35 traits. Maximum variation was observed for 100 seed weight, bunch compactness and juice content. Several accessions with bold berries, loose bunch and high fruitfulness were identified. Among 100 accessions, 11 accessions were found to have loose bunch and five accessions had naturally bold berries.

Medika, a hybrid developed at the Centre was evaluated at AICRP Centre Mandsaur for its juice parameters. As compared to its parents Pusa Navrang and Flame Seedless, Medika yielded higher juice content. In organoleptic test also Medika performed better than its parents. Among six raisin varieties

को किशमिश पुन: प्राप्ति और गुणवत्ता के लिए परीक्षित किया गया, केआर व्हाइट में उच्चतम किशमिश पुन: प्राप्ति दर्ज की गई। ओर्गे नोलेप्टिक परीक्षण में, इसी किस्म के लिए उच्च स्वीकार्यता दर्ज की गई। भारतीय परिस्थितियों में 10 लाल और 9 श्वेत वाइन किस्मों का मूल्यांकन में सिराह को सबसे उपयुक्त रेड वाइन किस्म और सेनिन ब्लां को सफ़ेद वाइन किस्म के रूप में पहचाना गया। ।

अंगूर का आनुवांशिक सुधार

डाउनी मिलड्यू प्रतिरोध के लिए प्रजनन को और तेज किया गया और कुल 135 पुष्पक्रमों को क्रॉस किया गया। तीन क्रोस से संबन्धित 279 खेत में रोपित संततियों की डाउनी मिलड्यू प्रतिरोधिकता के लिए जांच की गई और डाउनी मिलड्यू प्रतिरोध के लिए बहुजीन वंशानुक्रम प्रतिरूप देखा गया। माइक्रोसेटेलाइट के एकल मार्कर विश्लेषण और रोग रेटिंग आंकड़ों से पता चला है कि मार्कर यूडीवी737, वीएमसी72 और यूडीवी305, एसवी×टीएस संततियों में डाउनी मिलड्यू प्रतिरोध के लिए मार्कर सहायक चयन हेतु उपयुक्त हैं, लेकिन सीबीआर×टीएस संततियों के लिए नहीं। इस वर्ष 14 एफ1 संततियों में फलन हुआ। बागवानी गुणों के लिए इन संततियों के आंकलन से अच्छे लक्षणों जैसे मणि आकार, कम गुच्छा घनत्व और अच्छे टीएसएस स्तर के साथ डाउनी मिलड्यू प्रतिरोधक हेतु तीन संकरों की पहचान की गई। इसी प्रकार ढीले गुच्छे और बड़ी मणि के लिए प्रजनन के प्रयास तेज किए गए और रेड ग्लोब के 315 पुष्पक्रमों को तीन किस्मों से क्रोस किया गया।

लवण तनाव अनुक्रिया के कार्यात्मक विश्लेषण पर पिछले तीन वर्षों के परिणामों के आधार पर, तीन प्रतिलेखन कारकों को उनके कार्यात्मक सत्यापन और अंगूर में अभिव्यक्ति परख के लिए चुना गया। इन जीनों के क्रम का विश्लेषण किया गया एवं द्विआधारी वेक्टर में क्लोनिंग हेतु प्राइमर डिजाइन किए। थॉमसन सीडलेस के बीजांड एक्सप्लांट से कायिक भ्रूण के लिए माध्यम का मानकीकरण किया गया। 4.5 माइक्रोमो 2,4डी और 1.1 माइक्रोमो बीएपी के साथ एमएस माध्यम में कायिक भ्रूण की विभिन्न अवस्थाएँ प्राप्त हुईं।

भविष्य में अंगूर सुधार कार्यक्रम में प्रयोग करने के लिए जीन और प्लोइडी विविधताएं उत्पन्न करने के प्रयास शुरू किए गए। रासायनिक एजेंट (ईएमएस) और भौतिक एजेंट (गामा विकिरण) के लिए एलडी$_{50}$ और एलडी$_{25}$ मात्रा का अनुमान लगाया गया। प्लोइडी बदलाव उत्प्रेरण के लिए *इन विट्रो* पौधों की बड़ी संख्या को प्राप्त करने के लिए, थॉमसन सीडलेस के नोडल एक्सप्लांट से प्ररोह अधिष्ठापन हेतु माध्यम को मानकीकृत किया गया।

tested for raisin recovery and quality, highest raisin recovery was recorded in KR White. In organoleptic test, higher acceptability was recorded for this variety. Evaluation of 10 red and 9 white wine varieties under Indian conditions identified Syrah as the most suitable red wine variety and Chenin Blanc as the best white wine variety.

GENETIC IMPROVEMENT OF GRAPE

Breeding for downy mildew resistance was further intensified and a total of 135 inflorescences were crossed. 279 field planted progenies belonging to three crosses were screened against downy mildew pathogen and polygenic inheritance pattern for downy mildew resistance was observed. Single marker analysis of microsatellite and disease rating data revealed that markers UDV737, VMC7f2 and UDV305 are suitable for marker assisted selection of downy mildew resistance in SV×TS population but not in CBR × TS population. 14 F1 progenies attained fruiting stage this year. Evaluation of these progenies for horticultural traits identified three hybrids with good traits like berry size, low bunch compactness and good TSS levels along with resistance to downy mildew. Similarly efforts for breeding for loose bunch and bold berries were intensified and 315 inflorescences of Red Globe were crossed with three varieties.

Based on the results of last three years studies on functional analysis of salt stress response, three transcription factors were selected for their functional validation and expression assay in grapevine. The sequence of these genes was analysed in detail and primers for cloning in binary vector were designed. Medium for somatic embryogenic from ovule explant of Thompson Seedless was standardized. MS media supplemented with 4.5 µm 2,4D and 1.1 µm BAP resulted in different stages of somatic embryos.

Efforts were initiated to create gene and ploidy variations for their subsequent use in grape improvement programme. LD_{50} and LD_{25} doses for chemical agent (EMS) and physical agent (gamma radiation) were estimated. In order to obtain large number of *in vitro* grown plants to induce ploidy changes, media for shoot induction from nodal explant of Thompson Seedless was standardized.

अंगूर में गुणवत्ता, उत्पादकता बढ़ाने और स्थायित्व के लिए उत्पादन तकनीकों का विकास और शोधन

अंगूरों तथा वाइन क़िस्मों हेतु विभिन्न मूलवृन्तों का आंकलन किया गया। चार साल के आंकड़ों के आधार पर, 1103पी और 110आर को कैबर्ने सौवीनों के लिए सबसे उपयुक्त मूलवृंत पाया गया जबकि 110आर और फरकाल सौवीनों ब्लां के लिए सर्वश्रेष्ठ मूलवृंत थे। फेंटासी सीडलेस ने डोगरिज और 110आर पर बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि 110आर और डोगरिज रेड ग्लोब के लिए सबसे उपयुक्त मूलवृंत थे।

विभिन्न कृषि क्रियाओं में, 1361 लताएँ/एकड़ रोपण घनत्व और निफिन ट्रेनिंग प्रणाली के कारण कैबर्ने सौवीनों में बेहतर उपज और वाइन गुणवत्ता के परिणाम मिले।

फेंटासी सीडलेस में, वर्षा (566.2 मिमी) के साथ 306.2 मिमी सतह टपक सिंचाई के उपचार ने उच्चतम सतह ड्रिप सिंचाई उपचार (386.9 मिमी) के बराबर उपज तथा जल उपयोग दक्षता 53.6 किग्रा/मिमी सिंचाई जल के साथ अन्य उपचारों की अपेक्षा सार्थक रूप से बेहतर प्रदर्शन किया। उप सतही सिंचाई ने न्यूनतम सिंचाई जल 210.2 मिमी का उपयोग अधिकतम जल उपयोग दक्षता 73.2 किग्रा/मिमी सिंचाई जल के साथ किया तत्पश्चात सिंचाई की आंशिक मूलक्षेत्र शुष्कन विधि आती है जिसके द्वारा सिंचाई जल की कम उपलब्धता के तहत इन तकनीकों के महत्व को दिखाता है।

प्लास्टिक आच्छादन के अंतर्गत उगाई गईं थॉमसन सीडलेस लताओं में खुले में उगी हुई लताओं के अपेक्षा सार्थक रूप से अधिक उपज दर्ज की गई। प्लास्टिक आच्छादन के तहत, लताएं जिन्हें सिफारिश की गई सिंचाई (252.4 मिमी) दी गई थी, में 23.1 टन/हे की काफी अधिक उपज दर्ज की गयी, लेकिन यह अनुशंसित सिंचाई के 80% (208.2 मिमी) के बराबर थी। जोकि प्लास्टिक आच्छादन के तहत सिंचाई पानी के आवेदन को तर्कसंगत बनाने की संभावना का सुझाव देता है। प्लास्टिक आच्छादन के तहत लताओं की मणियों की तुलना में खुले में उगी लताओं की मणियों में शर्करा संचय दर तेज थी। खुली मैदानों की तुलना में, प्लास्टिक आच्छादन के तहत लताओं के फलों में परिपक्वता आने में 10 दिनों में देरी हुई।

वेब और मोबाइल आधारित निर्णय समर्थन प्रणाली (डीएसएस) अनुप्रयोग को पूरा कर लाँच किया गया। डीएसएस अनुप्रयोग वृद्धि अवस्था अनुसार जल आवश्यकता, पोषण आवश्यकता, ऊषण और नमी तनाव के कारण हुए विकारों जैसे पर्ण कुंचन, पर्ण शुष्कन पर्ण कालापन, पर्ण पीलापन और पर्ण गिराव, कमजोर प्ररोह वृद्धि, मणि

DEVELOPMENT AND REFINEMENT OF PRODUCTION TECHNOLOGIES FOR ENHANCING QUALITY, PRODUCTIVITY AND SUSTAINABILITY IN GRAPE

Different rootstocks were evaluated for table and wine varieties. Based on the four years data, 1103P and 110R were found to be the most suitable rootstocks for Cabernet Sauvignon whereas 110R and Fercal were the best rootstocks for Sauvignon Blanc. Fantasy Seedless performed better on Dogridge and 110R, whereas 110R and Dogridge were the most suitable rootstocks for Red Globe.

Among different cultural practices, a planting density of 1361 vines/acre and Kniffin training system resulted in better yield and wine quality in Cabernet Sauvignon.

In Fantasy Seedless, surface drip irrigation treatment with 306.2 mm of applied irrigation along with rainfall (566.2 mm) produced yield on par with the highest surface drip irrigation treatment (386.9 mm) with WUE of 53.6 kg/mm of irrigation water and was significantly superior over other treatments. Sub surface irrigation utilized least irrigation water of 210.2 mm with highest WUE of 73.2 kg/mm of irrigation water followed by partial root-zone drying method thereby, signifying the importance of these techniques under low availability of irrigation water.

Thompson Seedless vines raised under plastic cover recorded significantly higher yield as compared to vines raised in the open. Under plastic cover, vines where recommended irrigation (252.4 mm) was applied, recorded significantly highest yield of 23.1 t/ha but, was on par with vines where 80% of recommended irrigation (208.2 mm) was applied. This suggests a possibility of rationalizing the irrigation water application under plastic cover. Sugar accumulation rates in berries were faster in vines raised in open than the vines under plastic cover. As compared to open field vines, fruit maturity was delayed by 10 days in vines under plastic cover.

Web and mobile based decision support system (DSS) applications were completed and launched. DSS application handles queries relating to water requirement as per growth stage, nutrition requirement and problems caused due to heat and moisture stress like leaf curling, leaf drying, leaf blackening, leaf

तडकाव, मणि विवर्णता और मणि गिराव आदि से जुड़े सवालों का संचलन करता है। डीएसएस सॉफ्टवेयर भाकृअनुप-डेटा सेंटर, नई दिल्ली (http://grapesdss.icar.gov.in/) पर अपलोड कर दिया गया है। इस सॉफ्टवेयर में अनेक नए फीचर जैसे सिंचाई समय केल्क्युलेटर, मृदा और पर्णवृन्त परीक्षण के आधार पर पोषण प्रयोग, वेब पर प्रोफ़ाइल बनाने के बाद मोबाइल पर प्लॉट पंजीकरण और किसानों से प्राप्त फीडबेक के आधार पर इष्टतम सलाह देना।

रिमोट सेन्सिंग अध्ययनों में, ग्राउंड सच के आधार पर उचित अंगूर क्लास का चयन करके अंगूर क्लासिफाइड मॅप बनाई गए। अध्ययन के अंतर्गत अंगूर क्षेत्रफल 56.88 हज़ार हे था जो कि एचएपीआईएस (बागवानी क्षेत्र उत्पादन सूचना पद्यति) 2015-16 द्वारा अनुमानित 56.23 हज़ार हे के काफी करीब था। करसुल गाँव, निफाड़ ब्लॉक, नासिक में अंगूर लताओं की पहचान और फलोद्गदिकी मेपिंग के लिए अंगूर के टेम्पोरल एनडीवीआई प्रोफ़ाइल तैयार किए गए। जिसके आधार पर बगीचों को युवा बगीचे और सितंबर, अक्तूबर तथा नवम्बर फल छंटाई हुए बगीचों में वर्गीकृत किया जा सका।

10 पीपीएम जीए$_3$+1 पीपीएम सीपीपीयू के प्रयोग से क्रीमसन सीडलेस में मणि आकार और दूसरे गुणवत्ता मापदण्डों में सुधार किया जा सका। फैंटासी सीडलेस में सिलिकसोल + केल्सियम ग्लूकोमेट + बोरॉन के पर्ण छिड़काव से मणि तिडकाव में महत्वपूर्ण कमी आई।

अंगूर उत्पादन के लिए जलवायु उपयुक्त क्षेत्र के स्थानिक वितरण पहचान के लिए जीआईएस साधनों का प्रयोग किया गया। औसत मासिक न्यूनतम और अधिकतम तापमान और वार्षिक वर्षा के आधार पर उच्च, माध्यम, निम्न और शून्य उपयुक्तता वाले क्षेत्रों की पहचान की गई। महाराष्ट्र और कर्नाटक के बड़े हिस्से और गुजरात, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, झारखंड के कुछ हिस्से अंगूर उत्पादन के लिए अति उपयुक्त पाए गए।

अंगूर में एकीकृत संरक्षण तकनीकों का विकास और शोधन

जैवनियंत्रण कारकों जैसे *ट्राइकोडर्मा एफ्रोहार्जियानम* और *बेसिलस* पृथक टीएल-171 का फल मौसम के दौरान 7 दिनों के अंतराल पर प्रयोग कर बीमारी प्रबंधन कार्यक्रम में सल्फर प्रयोग को कम किया जा सका। पत्तियों पर काफी कम प्रतिशत रोग सूचक (पीडीआई) से संकेत मिलता है कि इन जैवनियंत्रण घटकों के मृदा अनुप्रयोगों ने अंगूर में सर्वांगी प्रतिरोध को प्रेरित किया है।

'शून्य अवशेषों' वाले अंगूर उत्पादन के लिए एक रणनीति

yellowing and leaf drop, stunted shoot growth, berry discoloration, berry cracking, berry drop etc. Decision support system software has been uploaded on ICAR-Data Center, New Delhi (http://grapesdss.icar.gov.in/). This software has been enhanced with new features like irrigation time requirement calculator, nutrient application based upon soil and petiole test, plot registration on mobile after profile creation on web and optimized advice based on feedback from farmers.

In remote sensing studies, the grape classified map was generated by selecting grape classes as per ground truth. The grape area under study was 56.88 thousand ha which was near to the estimated area of 56.23 thousand ha as per HAPIS (Horticulture Area Production Information System) 2015-16. Temporal NDVI profiles of grapes were generated for identification and phenology mapping of vines in Karsul village, Niphad block, Nasik. The vineyards could be segregated into young and September, October and November fruit pruned vineyards.

Application of 10 ppm GA_3 + 1 ppm CPPU improved the berry size and other quality parameters in Crimson Seedless. Foliar application of Silixol + calcium glucomate + boron significantly reduced the percentage of cracked berries in Fantasy Seedless.

GIS tools were used to identify spatial distribution of climatic suitability for grape cultivation. Based on average monthly minimum and maximum temperature and annual rainfall region with high, moderate, low and no suitability were identified. A large area of Maharashtra, Karnataka, some parts of Gujarat, Madhya Pradesh, Telangana, Andhra Pradesh, Jharkhand were found to be highly suitable.

DEVELOPMENT AND REFINEMENT OF INTEGRATED PROTECTION TECHNOLOGIES IN GRAPE

Integration of biocontrol agents *Trichoderma afroharzianum* and *Bacillus* isolate TL-171 in the disease management schedule during fruiting season by their use at 7 days interval improved disease control while reducing sulfur application. Soil applications of biocontrol agents were also found to induce systemic resistance in grapevine as indicated by significantly lower percent disease index (PDI) on leaves.

A strategy for the production of 'zero residue'

तैयार की गई और इसे चार स्थानों में लागू किया गया। इस रणनीति के क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप सामान्य प्रबंधन की तुलना में कीटनाशकों के कम स्प्रे हुए। सभी चार स्थानों में अंगूर उत्पादन ने 'शून्य अवशेष' के मानदंडों का पालन किया।

कवकनाशियों के प्रति प्रतिरोधकता वाले *ई. नेकेटर* और *प्लास्मोपोरा विटीकोला* के पृथक विभिन्न अंगूर के क्षेत्रों जैसे महाराष्ट्र में पुणे, सोलापुर, सांगली और तमिलनाडु में थेनी में पाए गए जोकि प्रबंधन के अन्य सुरक्षित तरीकों को शामिल करने वाले प्रतिरोध प्रबंधन रणनीतियों का पालन करने के लिए तत्काल आवश्यकता का संकेत देते हैं।

ई. नेकेटर का एक हाईपरपरैसाइट *लैनकिसिलियम एंटिलेनम* और *पी वीटिकोला* के एक हाईपरपरैसाइट *फ्यूजेरियम* की पांच प्रजातियों को पृथक किया गया। बीमारी प्रबंधन में उपयोग के लिए इन पृथकों का विश्लेषण किया जा रहा है।

बैक्टीरियल पत्ती धब्बा रोगकारक, *जेंथोमोनस कंपेसट्रिस* पीवी *वीटिकोला* का जैवरसायनिक विश्लेषण किया गया और इसकी पहचान की 16एस आरएनए अनुक्रम के आधार पर पुष्टि की गई।

स्ट्रोमेटियम बारबैटम में लिंग विभिन्नता और गुणसुत्रिक उद्भव का केरिओटाइपिंग के माध्यम से अध्ययन किया गया। केरिओटाइपिंग से नर में 2एन = 20 (18 ऑटोजोम + XX) और मादा में 2एन = 19 (18 ऑटोमोसोस + XO) गुणसूत्रों का पता चला।

स्ट्रो. बारबैटम की आद्यमध्यांत्र से *डेनोवो* असेंबली आधारित ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण से 42875 ट्रांस्क्रिप्ट और 12 बैक्टीरिया ट्रांस्क्रिप्ट पहचान किये गए। इन आंकड़ों का सेलूलोज़ डीग्रेडेशन एंजाइमों और पाथवे पहचानने के लिए विश्लेषण किया जाएगा।

सांगली, महाराष्ट्र में अंगूर के बगीचों में कोसिडी परिवार से संबंधित एक नई तना छेदक प्रजाति देखी गई।

स्ट्रो. बारबॅटम के अंडों की उच्च मृत्यु दर के लिए क्लोरोपायरीफोस 20 ईसी @2.0 मिली/ली, लैम्ब्डा साइलॉथ्रिन 5 सीएस @5.0 मिली/ली और सायेंत्रेनिलिप्रोल 10 ओडी @0.7 मिली/ली पानी की दर से प्रभावी थे।

संस्थान द्वारा विकसित इंप्रास– 'कीट एवं माइट नाशीजीव जोखिम आंकलन और सलाहकार प्रणाली' का क्षेत्र आंकलन किया गया । इस स्वचालित सलाहकार प्रणाली ने प्रमुख कीटों और माईट के खिलाफ मैनुअल विशेषज्ञ सलाह के समान सुरक्षा प्रदान की।

अंगूर मीलीबग के हनीड्यू से मिले 10 सूक्ष्मजीवों से वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों के प्रति एक पॅरासिटॉइड मादा *अनागायरस*

grapes was prepared and implemented in four locations. Implementation of this strategy resulted in reduced spray of pesticides as compared to general practice. The grape produce from all the four locations fulfilled the criteria of 'zero residue'.

Fungicide resistant isolates of *Erysiphe necator* and *Plasmopara viticola* were detected in different grape growing regions of India viz. Pune, Solapur, Sangli in Maharashra and Theni in Tamil Nadu, thus indicating urgent need to follow resistance management strategies incorporating safer means of disease management.

Lecanicillium antillanum, a hyperparasite of *E. necator* and five species of *Fusarium* a hyperparasite of *P. viticola* were isolated. These isolates are being characterized for their use in disease management.

Bacterial leaf spot pathogen *Xanthomonas campestris* pv. *viticola*) was characterized biochemically and its identity was confirmed based on 16s RNA sequence.

Sex differentiation and chromosomal evolution in stem borer *Stromatium barbatum* was studied through karyotyping. Karyotyping revealed 2n = 20 (18 autosomes + XX) in female and 2n = 19 (18 automoes + XO) in male insects.

Denovo assembly based transcriptome analysis of midgut of *S. barbatum* identified 42875 insect transcripts and 12 bacterial transcripts expressed in midgut. This data will be used to identify cellulose degrading enzymes and pathways.

A new stem borer species belonging to Cossidae family was observed in vineyards at Sangli, Maharashtra.

Several chemicals viz. chlorpyrifos 20EC @ 2 ml/l, λ-cyhalothrin 5CS @ 5 ml/l and cyantraniliprole 10OD @ 0.7 ml/l of water were effective in causing high mortality of eggs of *S. barbatum.*

Insect and mite risk assessment and advisory system was field evaluated. The automated advisory system resulted in equal protection against major pests and mites as compared to manual expert advise.

The attractiveness of volatile organic compounds from 10 bacteria isolated from mealybug honey dew was accessed for females of parasitoid *Anagyrus*

डॅक्टीलोपी के आकर्षण का आंकलन किया गया। पांच सूक्ष्मजीवों के वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों ने *ए. डॅक्टीलोपी* के व्यवहार को प्रभावी ढंग से प्रेरित किया। इन पृथकों के वाष्पशीलों ने इस पॅरासिटॉइड को द्विभुजा 'वाई' नली ऑल्फेकटोमीटर में आकर्षित किया।

अंगूर प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के लिए फसल-पूर्व और -बाद तकनीकों का विकास

10 क़िस्मों से प्राप्त वाइन लीस का क्रियात्मक और पोषण गुणों के लिए आंकलन किया गया। केबर्ने सौवीनों से प्राप्त लीस में सर्वाधिक टेनिन (11.98 मिग्रा/ग्रा) और एंथोसाइनिन (840 मिग्रा/ग्रा) दर्ज़ किए गए। इसी प्रकार लाल अंगूर क़िस्मों से एकत्रित पोमेस में क्रियात्मक संघटक जैसे फेनोलिक्स, टेनिन और एंथोसाइनिन की अधिकता थी। मेडिका से प्राप्त पोमेस में सर्वाधिक फेनोलिक्स (44 मिग्रा/ग्रा), टेनिन (39.61 मिग्रा/ग्रा) और एंथोसाइनिन (78.39 मिग्रा/ग्रा) थे। मेडिका पोमके से बनी कुकीज़ में भी एंथोसाइनिन (56.34 मिग्रा/किग्रा) और एंटीओक्सीडेंट गुण (225.2 मिग्रा/ग्रा) अधिक थे।

मेडिका का पाश्चराइज्ड जूस के रंग और संवेदी गुणों में भंडारण के चार महीने तक कोई अंतर नहीं पाया गया, तत्पश्चात इन गुणों में मामूली गिरावट देखी गई।

किशमिश गुणवत्ता और प्राप्ति पर जीए$_3$ के प्रभाव के एक अध्ययन में यह देखा गया कि सोनाका और माणिक चमन के जीए$_3$ उपचारित अंगूरों से अधिक प्रतिशत किशमिश प्राप्त हई। इसी प्रकार जीए$_3$ अनुप्रयोग से प्राप्त किशमिश में स्वर्ण रंग की किशमिश का अनुपात अधिक था। परंतु जीए$_3$ अनुप्रयोग से अंगूर की शुष्कन काइनेटिक्स पर कोई प्रभाव नहीं हुआ।

मेडिका के शुद्ध एंथोसाइनिन रस से एंथोसाइनिन कैप्सुल फोर्मूलेशन का विकास किया गया, जिसे मानव उपयोग के लिए खुराक पूरक के रूप मे प्रयोग किया जा सकता है। इस फोर्मूलेशन के रिलीज़ काइनेटिक्स अध्ययन में पाया गया कि पेट रस के पीएच (1.2) पर एंथोसाइनिन तीव्रता से रिलीज़ होती हैं।

अंगूर और इसके प्रसंस्कृत उत्पादों में खाद्य सुरक्षा

अंगूर में अपव्यय काइनेटिक्स के आधार पर, फ्लुक्सापायरोक्सड + पाइराक्लोस्ट्रोबिन, मेट्रफ़ेनोन और फ्लोपाइराम + टेब्यूकोनाज़ोल के लिए तुड़ाई पूर्व अंतराल क्रमशः 60, 22 और 60 दिन निश्चित किए गए।

dactylopii. Volatile compounds from 5 bacteria effectively induced behavioural changes in *A. dactylopii*. The volatiles from these isolates attracted this parasitoid in dual arm 'Y' tube olfactometer.

DEVELOPMENT OF PRE- AND POST-HARVEST TECHNOLOGIES FOR PROCESSING OF GRAPES AND VALUE ADDITION

Wine lees obtained from 10 different varieties were evaluated for functional and nutritional properties. Lees from Cabernet Sauvignon had maximum tannin (11.98 mg/g) and anthocyanin (840 mg/g) contents. Similarly, pomace collected from red grape varieties was rich in functional components like phenolics, tannins and anthocyanins. Pomace obtained from Medika was rich in phenolics (44 mg/g), tannin (39.61 mg/g) and anthocyanin (78.39 mg/kg). Cookies prepared from Medika pomace also had highest anthocyanin (56.34 mg/kg) and antioxidant property (225.2 mg/g).

Pasteurized juice of Medika could be stored up to 4 months without any change in colour intensity and sensory characters. Minor decline in these properties was observed after four months.

In an experiment on effect of GA_3 treatment on raisin quality and recovery, it was observed that higher raisin recovery was obtained from GA_3 treated grapes of Sonaka and Manik Chaman. Similarly GA_3 application resulted in higher proportion of golden raisins. However, GA_3 application did not affect drying kinetics of grapes.

Anthocyanin capsule formulation was developed from pure anthocyanin extract of Medika as a dietary supplement for human consumption and its release kinetics was studied. The anthocyanin was released quickly at stomach pH (1.2).

FOOD SAFETY IN GRAPES AND ITS PROCESSED PRODUCTS

Based on dissipation kinetics, preharvest interval for fluxapyroxad + pyraclostrobin, metrafenone and fluopyram + tebuconazole was established to be 60, 22 and 60 days, respectively in grapes.

अंगूर को वाइन और रस में प्रसंस्करण करते समय कार्बेंडाजिम, पिकोक्सीस्ट्रोबिन, एम्मेक्टिन बेंजोएट और मेथोमिल के लिए प्रोसेसिंग घटक का आंकलन किया गया। प्रसंस्करण उपचार के परिणामस्वरूप अवशेष भार में समग्र कमी पाई गई। प्रसंस्करण कारक कार्बेंडाजिम के लिए 0.16 से 0.85 के बीच, पिकोक्सीस्ट्रोबिन के लिए 0.04 से 0.09, एम्मेक्टिन बेंजोएट के लिए 0.045 से 0.17; और मेथोमिल के लिए 0.004 से 0.11 पाया गया।

घरेलू बाजार से एकत्र किए गए 34 अंगूर नमूनों में से 21 नमूनों ने ईयू और एफएसएसएआई एमआरएल का अनुपालन किया।

यूरोपीय संघ के देशों में निर्यात के लिए ताजा अंगूर में कृषिरसायन अवशेषों को नियंत्रित करने के लिए अवशिष्ट निगरानी कार्यक्रम के तहत इस वर्ष, निर्यात के लिए 38044 अंगूर किसान ने पंजीकरण किया। 44 कीटनाशकों और 191 कीटनाशकों की सूची पर नजर रखी गई। 2016-17 के दौरान, असफल नमूनों के आधार पर 722 प्रभावी आंतरिक अलर्ट जारी किए गए, जो 6.62% नमूना विफलताओं को प्रदर्शित करते हैं। पाए जाने वाले प्रमुख रसायन फॉरक्लोरफेन्युरोन (सीपीपीयू) (245 नमूने), 4-ब्रोमो-2-क्लोरोफिनोल (प्रोपेनोफॉस के मेटाबोलाइट) (172 नमूने) और क्लोरपायरीफ़ोस (112 नमूने) थे।

एनईएच तथा टीएसपी कार्यक्रम

चंफई, मिज़ोरम में छः बगीचों का दौरा किया गया और उत्पादकों को फलदायकता में सुधार के लिए उपयुक्त समय पर छंटाई करने और हाइड्रोजन साइनामाइड के प्रयोग की सलाह दी गई। किसानों के बाग और राज्य बागवानी विभाग के बागों में मातृ लता ब्लॉक का विकास किया गया। किसान के बगीचे में पोलीहाउस का निर्माण किया गया और अंगूर बगीचे के प्रभावी प्रबंधन के लिए अनेक औज़ार मुहैया कराए गए। फलदायी केन प्राप्ति के लिए मातृ ब्लॉक का रखरखाव नामक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गुणीय रोपण सामग्री का उत्पादन

मूलवृन्तों और क़िस्मों की कुल 77848 जड़ित कलमों को अंगूर उत्पादकों, सरकारी एजंसियों और अनुसंधान संस्थानों को वितरित किया गया। यह पौध सामग्री महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि राज्यों में वितरित की गई।

प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

अंगूर उत्पादकों की समस्याओं के निवारण के लिए निदेशक और वैज्ञानिकों ने अनेक प्रक्षेत्र दौरे किए। केंद्र ने महाराष्ट्र और उत्तर

Processing factor for carbendazim, picoxystrobin, emamectin benzoate and methomyl was evaluated while processing grape berries to wine and juice. An overall reduction in residue loads was observed as a consequence of processing treatment. The processing factor ranged between 0.16 to 0.85 for carbendazim, 0.04 to 0.09 for picoxystrobin; 0.045 to 0.17 for emamectin benzoate; 0.004 to 0.11 for methomyl.

Out of 34 grape samples collected from domestic market only 21 samples complied with EU and FSSAI MRLs.

This year under residue monitoring programme for controlling agrochemical residues in table grapes for export to EU countries, 38044 grape farmers were registered for export. A list of 44 pesticides and 191 pesticides were monitored. During 2016-17, 722 effective internal alerts were issued based on the failed samples, which accounted for 6.62% sample failures. The major pesticide detected were forchlorfenuron (CPPU) (245 samples), 4-bromo-2-chlorophenol (metabolite of profenophos) (172 samples) and chlorpyrifos (112 samples).

NEH AND TSP PROGRAM

Six vineyards were visited in Champhai, Mizoram and growers were advised to prune at proper time and apply hydrogen cynamide for improving the fruitfulness. Mother vine block were developed at farmers' field as well as in the fields of state horticulture department. A polyhouse was constructed in farmers' field and several tools were supplied to farmers for effective management of vineyards. A training programme on 'Maintenance of mother block for production of fruitful canes' was organised.

PRODUCTION OF QUALITY PLANTING MATERIAL

A total of 77848 rooted cuttings of rootstocks and scion varieties were distributed to grape growers, government agencies and research institutes. This planting material was distributed in Maharashtra, Karnataka, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Gujarat, etc.

TRANSFER OF TECHNOLOGY

Several field visits were taken up by the Director and scientists of the Centre to address the problems

प्रदेश में छ: किसान मेले/ प्रदर्शनी में अपने स्टॉल लगाए। इन प्रदर्शनियों के दौरान 1500 से भी अधिक किसानों ने संस्थान के स्टॉल का दौरा किया। अंगूर उत्पादन के विभिन्न पहलुओं और तुड़ाई पश्चात प्रौद्योगिकी से संबन्धित सूचना विभिन्न माध्यमों जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रक्षेत्र भ्रमण, अंगूर उत्पादकों/ असोशिएशन के सेमिनार में भागेदारी, वेब सलाहकारी (50), रेडियो वार्ता, संस्थान में किसानों से पारस्परिक वार्ता, संस्थान की वेबसाइट पर किसान कॉर्नर में जानकारी, आदि के द्वारा अंगूर उद्योग से जुड़े अनेक हितधारकों तक पहुंचाई गई। वर्ष के दौरान करीब 330 किसानों, जो कि कर्नाटक (32), मध्य प्रदेश (238), महाराष्ट्र (39) और राजस्थान (21) से आए थे, ने अंगूर उत्पादन पर जानकारी और केंद्र में विकसित प्रौद्योगिकियों पर ज्ञान अर्जन के लिए केंद्र का दौरा किया। आम जनता को अंगूर खेती और प्रसंस्करण के विभिन्न पहलुओं पर शिक्षित करने के लिए केंद्र के प्रक्षेत्र में एक अंगूर दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 400 से भी अधिक लोगों ने भाग लिया।

जल प्रयोग क्षमता और शून्य कीटनाशी अवशिष्ट अंगूर उत्पादन प्रौद्योगिकियों का विभिन्न स्थलों पर किसानों के प्रक्षेत्र में प्रदर्शन किया गया।

केंद्र में विकसित दो प्रौद्योगिकियों जैसे मेडिका जूस का प्रसंस्करण तथा अवशिष्ट अपघटन और पादप वृद्धि बढ़ाने के लिए जीवाणु प्रथक पर पार्टनर मोड में अनुसंधान और विकास के लिए प्राइवेट कंपनी के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

मानव संसाधन विकास

एक वैज्ञानिक को विशेषज्ञ सदस्य के रूप में मलेशियन पाम तेल बोर्ड की कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठक में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया। पांच वैज्ञानिकों, दो तकनीकी और तीन प्रशासनिक कर्मचारियों को विशेषज्ञता के अपने क्षेत्र में कौशल को अद्यतन करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए भेजा गया।

राजस्व आय

रुपये 76.39 लाख का राजस्व प्रशिक्षण, परामर्श, अनुबंध अनुसंधान और सेवाओं, रोपण सामग्री और कृषि उपज की बिक्री के माध्यम से उत्पन्न किया गया।

reported by growers. Centre arranged stalls in six Kisan Melas / Exhibitions organized in Maharashtra and Uttar Pradesh. About 1500 people visited institute's stall during these exhibitions. Information on various aspects of grape cultivation including postharvest technology was made available to the several stakeholders of grape industry through various means of dissemination such as organizing training programs, field visit, participating in grape growers/association's seminars, web advisory (50), radio talks, one-to-one interactions with them at the institutes and also displaying the information on the Institute's website under farmer's corner. During the year, about 330 farmers from Karnataka (32) Madhya Pradesh (238), Maharashtra (39) and Rajasthan (21) visited the Centre to know about viticulture and technologies developed at the Centre. A open grape day was organized on the Centre's farm to educate general public about different aspects of viticulture and grape processing, which was attended by more than 400 people.

Demonstration of technology on water use efficiency and production of zero pesticide residue grapes was held in farmer's field at different locations.

Memorandam of Agreement was signed with private companies for commercialization of two technologies viz. processing of Medika Juice and R&D on a bacterial isolate for pesticide degradation and plant growth promotion in partnership mode.

HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT

One scientist was deputed to participate in meeting of Program advisory committee of Malayasian Palm Oil Board as expert member. Five scientists, two technical and three administrative staff were deputed to different training programs for updating skill in their field of specialization.

REVENUE GENERATION

Revenue of Rs. 76.39 lakhs was generated through training, consultancy, contract research and services, sale of planting material and farm produce.

परिचय
INTRODUCTION

स्थापना के बीस वर्षों में भाकृअनुप – राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र ने देश के अंगूर किसानों की समस्याओं के निदान हेतु मिशन उन्मुख अनुसंधान के लिए आवश्यक तकनीकी विशेषज्ञता और अत्याधुनिक उपकरण प्राप्त किए हैं। 16 वैज्ञानिकों की छोटी टीम अंगूर उत्पादन और वाइन अध्ययन में जुटी है। 442 प्रविष्टियों के एक फील्ड जीन बैंक की स्थापना की गई है। जननद्रव्य का प्ररूपी और आण्विक के आधार पर चरित्रांकन किया गया और जननद्रव्य का एक कैटलॉग तैयार किया गया। जननद्रव्य का प्रत्यक्ष वाणिज्यिक इस्तेमाल करने के लिए या मौजूदा किस्मों में सुधार के लिए कई वांछनीय लक्षण हेतु आंकलन किया गया है। अंगूर जननद्रव्य एकत्रित करने के लिए जम्मू और कश्मीर, लेह–लद्धाख और हिमाचल प्रदेश में अन्वेषण किए गए। एक छोटे पैमाने पर प्रजनन गतिविधियों के फलस्वरूप फ्लेम सीडलैस और पूसा नवरंग के एक संकर 'मेडिका', जो उत्कृष्ट रंग के जूस और गुणों से परिपूर्ण है, का विकास किया गया। संकर को उपभोक्ताओं द्वारा स्वीकार कर लिया गया है और उसे उसके संभावित स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आशावान संकरों/चयन जैसे मांजरी मेडिका, ए18/3, किशमिश रोसाविस व्हाइट का किसानों के प्रक्षेत्र और अभासमअनु परियोजना के अंतर्गत बहुस्थलीय परीक्षण द्वारा इन संकरों के विमोचन के लिए आंकड़े एकत्रित किए जा रहे हैं। सीडलैस अंगूर में डाउनी मिलड्यू प्रतिरोधकता गुण पर प्रजनन एक अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम है और डाउनी मिलड्यू प्रतिरोधक संकरों की पहचान के लिए आण्विक मार्कर की पहचान की जा रही है। बड़ी मणि और स्वाभाविक रूप से ढीले गुच्छों को विकसित करने के लिए भी प्रजनन शुरू किया गया है।

पुष्पक्रम दीर्घीकरण, गुच्छ विरलन और मणि दीर्घीकरण अवस्थाओं पर जीए$_3$ प्रतिक्रिया के ट्रांस्क्रिप्टोम विश्लेषण से अनेक अवस्था विशेष जीनों की पहचान की गई। इन जीनों में आण्विक मार्कर की पहचान और उनका मार्कर सहायक प्रजनन में उपयोग किया जाएगा। आरएनए अनुक्रमण आधारित ट्रांस्क्रिप्टोम विश्लेषण से अनेक लवण तनाव प्रतिक्रियाशील जीन और ट्रांसक्रिप्शन फ़ैक्टर्स की पहचान की गई जो तनाव प्रतिरोधी किस्मों के विकास के लिए प्रत्याशी जीन की तरह उपयोगी होंगी।

In the twenty years of its establishment, the ICAR-National Research Centre for Grapes has acquired the technical expertise and state of art equipment to undertake mission oriented research to resolve the problems faced by the grape growers of the country. The team of 16 scientists is involved in research on all aspects of viticulture and enology. A grape gene bank in field comprising 442 collections from India and few from abroad has been established. The germplasm was characterized based on phenotypic and molecular characters and a catalogue of germplasm was prepared. The germplasm was also evaluated for many desirable traits for direct commercial use or for improvement of existing cultivars. Explorations were carried out in Jammu and Kashmir, Leh-Ladakh and Himachal Pradesh to collect grape germplasm. Breeding activities on a small scale have given a cross between Flame Seedless and Pusa Navrang which is named as 'Medika' with excellent juice colour and qualities. The hybrid was well accepted by consumers and is being promoted for its potential health benefits. Multilocational evaluation of promising hybrids/ selections viz. Manjri Medika, A18/3, Kishmish Rozavis White is taken up in farmers' field and under AICRP to generate data for their release. Another important ongoing breeding program is to introgress downy mildew resistance in Seedless grapes and molecular markers are being used to identify resistant progenies. Breeding to develop naturally loose bunches with bold berries is also initiated.

Transcriptome analysis of GA_3 response at rachis elongation, cluster thinning and berry elongation has identified stage specific gene. The identification of molecular markers in these genes and their subsequent use in marker assisted breeding is envisaged. RNA sequence based transcriptome analysis has identified several salt stress responsive genes and transcription factors which will be useful as candidate genes for developing stress tolerant varieties.

ताजे अंगूर के लिए मूलवृंतों के दीर्घकालीन आंकलन में पाया गया कि सूखा परिस्थितियों में डॉगरिज उपयुक्त है परंतु मिट्टी और पानी में अधिक सोडियम की मात्रा होने पर सोडियम अपग्रहण को रोकने में असमर्थ है। इन परिस्थितियों में अधिक सोडियम अपवर्जन क्षमता के कारण 110आर अधिक उपयुक्त है। अन्य व्यावसायिक क़िस्मों जैसे रैड ग्लोब और फैंटासी सीडलैस और वाइन किस्मों जैसे कैबर्ने सौवीनों और सौवीनों ब्लाँ के लिए मूलवृंत की पहचान की जा रही है। थॉमसन सीडलैस और कैबर्ने सौविनों में लता की वृद्धि अवस्था के अनुसार पोषण और जल की आवश्यकता निश्चित की गई। इस प्रौद्योगिकी द्वारा पोषण और जल मात्रा में काफी बचत और पोषण और जल प्रयोग क्षमता में सुधार हो सकता है। किसानों के खेत में पोषण की कमी के लक्षणों की पहचान और उसके समाधान के लिए आवश्यक खाद अनुप्रयोग के सुझाव से उत्पादन की अनेक समस्याओं का समाधान हो सका। महाराष्ट्र के कम वर्षा वाले क्षेत्रों जथ और पलसी में जल उपयोग क्षमता बढ़ाने की तकनीकों का प्रदर्शन परीक्षण लिया गया था। इसी प्रकार जैव नियंत्रकों के परीक्षण से थॉमसन सीडलैस, तास-ए-गणेश और शरद सीडलैस की उपज क्षमता, गुणवत्ता और शेल्फ लाइफ में सुधार हुआ।

विभिन्न मौसम परिस्थितियों में रोग प्रगति को समझने से रोग प्रबंधन के लिए मौसम पूर्वानुमान और लता वृद्धि अवस्था पर आधारित तार्किक मॉडल विकसित करने में सहायता मिली, जिसके परिणामस्वरूप फफूंदीनाशक के कम छिड़काव से ही बेहतर रोग प्रबंधन हो सका। इस प्रौद्योगिकी के किसानों के बागों में प्रदर्शन से किसानों का मौसम सूचना पर आधारित रोग प्रबंधन पर विश्वास बढ़ा और यह इस केंद्र की सफलता की कहानियों में से एक है। जारी अनुसंधान से सूक्ष्मजीवों द्वारा रोग प्रबंधन की संभावनाओं के संकेत मिले हैं। एक साथ बहुरोग नियंत्रण के लिए अनेक प्रभावशाली *बेसिलस* और *ट्राइकोडर्मा* पृथक्कों की पहचान की गई और उन पर प्रक्षेत्र परीक्षण किए जाएंगे। इन जैव-नियंत्रकों ने रोग व्याधकों में फफूंदीनाशक प्रतिरोधकता और मणि पर नाशीजीवनाशक अवशिष्ट प्रबंधन की क्षमता दिखाई।

नाशीकीट कॉम्प्लेक्स के प्रबंधन के लिए बहुलक्ष्य कीटनाशी प्रणाली विकसित की गई जो किसानों को बाग में उपस्थित कीट कॉम्प्लेक्स के लिए उचित कीटनाशी के चुनाव मे सहायता देगी। विभिन्न संभावित जैवनियंत्रक कारकों जैसे पिंक मीलिबग के विरूद्ध *एनागाइरस डेक्टाइलोपाइ* और *सिमनस कोक्सिवोरा,* रैड स्पाइडर माइट के विरूद्ध *स्टेथोरस रानी* और स्टेम बोरर के लिए *हेटेरोरेब्डाइटिस इंडिका* की पहचान की गई है।

Long term evaluation of rootstocks for table grapes has shown that Dogridge is suitable for drought conditions but is unable to restrict uptake of sodium in conditions where soil and irrigation water have high sodium content. 110R was found to be more suitable under such conditions due to its higher Na+ exclusion capabilities. Identifying rootstocks for other commercial table grapes such as Red Globe and Fantasy Seedless and wine grapes viz. Cabernet Sauvignon and Sauvignon Blanc are ongoing. The vine growth stage wise nutrient and water requirements for Thompson Seedless and Cabernet Sauvignon grapes were worked out. These technologies result in considerable saving of nutrients and water and enhance input use efficiency in vineyards. Identification of nutrient deficiency symptoms in farmer's field and suggesting appropriate nutrient applications has overcome many problems in cultivation. Demonstration trials on techniques to improve water use efficiency were taken up in rain deficit areas of Jath and Palsi in Maharashtra. Similarly, trials on bioregulators have helped to generate appropriate schedules for Thompson Seedless, Tas-A-Ganesh and Sharad Seedless for enhanced productivity, quality and shelf life.

Understanding the disease progress under varying weather conditions has helped to develop logical models for disease management based on location specific real time forecasted weather and vine growth stages. This has resulted in better disease management with less number of fungicide applications. Demonstration of this technology to farmers in their own vineyards has boosted their confidence in and has been one of the success stories of this Centre. The ongoing research has shown the possibility of disease management using microorganisms. A number of efficient *Bacillus* and *Trichoderma* isolates with potential for multiple disease control have been identified and are taken forward for large scale field trials. These bio-control agents have also shown potential for management of fungicide resistance in pathogens and pesticide residues on berries.

A multi-target insecticide strategy for management of insect pest complex was developed which help farmers for right selection of insecticide. Various potential biological agents such as *Anagyrus dactylopii* and *Scymnus coccivora* against pink mealybug, *Stethorus rani* against red spider mite and *Heterorhabditis indica* against stem borer were identified.

भारत-फ्रांस सहयोग के अंतर्गत आरंभ 19 वाइन किस्मों का उपज, फल गुणों और वाइन गुणों के लिए आंकलन से उष्णकटिबंधीय परिस्थितियों के लिए उपयुक्त वाइन क़िस्मों की पहचान की गई। इसी प्रकार, 8 मूलवृन्तों के आंकलन में 110आर और 1103पी कैबर्ने सौविनों उगाने के लिए सर्वोपयुक्त पाए गए। इन परीक्षणों से मिले अंगूरों से वाइन बनाने के लिए छोटे फरमेंटर के साथ एक किण्वन कक्ष बनाया गया है।

अवशिष्ट निगरानी योजना (आरएमपी) का सफल कार्यान्वयन, इस केंद्र की सफलता की कहानियों में से एक है। एपिडा, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 2003-04 में इस संस्थान में स्थापित राष्ट्रीय संप्रेषण प्रयोगशाला (एनआरएल) के जरिये आरंभ आरएमपी का यह चौदहवाँ वर्ष था। इस वर्ष निर्यात के लिए 38044 प्रक्षेत्र पंजीकृत हुए। इस संस्थान ने सिफ़ारिश किए नाशीजीव नाशकों की सूची और निगरानी के रसायनों की सूची का अद्यतन किया जिससे काफी हद तक यूरोपीय संघ एमआरएल से गैर अनुपालन कम हुआ। कुल मिला कर अंगूर गुणवत्ता में सुधार हुआ और सिर्फ कुछ नाशीजीव नाशकों के अवशेषों का ही पता चला। एनआरएल ने विभिन्न कृषि सामग्री के लिए भी नमूना विधि और विश्लेषण प्रोटोकॉल स्थापित किए।

प्रक्षेत्र ढांचे में सुधार करने के लिए कई ठोस प्रयास जैसे फार्म मशीनरी, नए अंगूर बगीचों की स्थापना एवं पुराने और अनुत्पादक बगीचो का पुनर्रोपण, किए गए। इकोनोमी के अनेक उपाय जैसे सीएफ़एल के बदले एलईडी लैम्प, और फार्म श्रमिक की दक्षता बढ़ाने के लिए फार्म औजारों की खरीद आदि, का प्रयोग किया गया।

केंद्र के वैज्ञानिक देश के विभिन्न भागों में प्रक्षेत्र दौरों में सक्रिय रहे हैं और बागवानों, राज्य कृषि विभाग के अधिकारी और अन्य हितधारकों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखे। परिणामस्वरूप, बागवानों और अंगूर उद्योग की समस्याओं की गहन समझ और समाधान में मदद मिली। अन्य अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों के साथ समन्वयन से अतिरिक्त और समर्थन अनुसंधान आंकड़े इकट्ठे करने में मदद मिली।

केंद्र के अनुसंधान कार्यक्रम, भारत में अंगूर उद्योग की जरूरतों के आंकलन के पश्चात बनाए जाते हैं। पंचवर्षीय समीक्षा दल (क्यूआरटी), अनुसंधान सलाहकार समिति (आरएसी) की संस्तुति और अन्य हितधारकों से प्राप्त जानकारी पर पीएमई इकाई में विचार विमर्श के बाद अनुसंधान प्राथमिकताओं की पहचान की जाती है।

The evaluation of 19 wine varieties for yield, fruits quality and quality of wine under Indo French collaboration has identified wine varieties suitable for tropical conditions. Similarly evaluation of different rootstocks has identified 110R and 1103P as the most suitable rootstocks for Cabernet Sauvignon. A fermentation room with small fermenters was set up for making wines from grapes.

The Centre has been successfully implementing the residue monitoring plan (RMP). This was the 14th year of the RMP, initiated by APEDA, Ministry of Commerce, Government of India in 2003-04 in collaboration through the National Referral Laboratory (NRL) setup under this institute. This year more than 38044 farms had registered for export. This institute updated the package of practice related to the list of recommended pesticides and also the list of chemicals for monitoring which minimized non-compliance to the EU-MRLs to a large extent. An overall improvement in quality was recorded with most of the residue detections being restricted to a few insecticides only. NRL also established sampling and analysis protocols for different agriculture commodities.

Concerted efforts were made to strengthen farm infrastructure like farm machinery, establishment of new experimental vineyards and replanting of old and unproductive vineyards. Several economy measure like replacement of CFL with LED lamps and procure of farm implements for increasing labour efficiency were taken up during recent years.

The scientists regularly visited vineyards across India and have developed excellent personal contacts with the growers, the state agriculture department officers and other stake holders. This has resulted in in-depth understanding of the problems being faced by the farmers and the industry and in resolving many of the problems based on short and long term experimentation. Collaboration with scientists from other research institutes and Universities has helped in generating additional supporting research data. The Centre is also involved in research coordination of AICRP Centres working on Grapes under AICRP (Fruits).

The research programs are formulated after assessing the needs of grape industry in India. The recommendation of Quinquennial Review Team, Research Advisory Committee and inputs from

वर्तमान में प्रमुख क्षेत्रों जैसे आनुवांशिक संसाधन और सुधार, उत्पादन प्रौद्योगिकी, पादप स्वास्थ्य संरक्षण और तुड़ाई उपरांत प्रौद्योगिकी के अंतर्गत अनुसंधान होता है। *सात* संस्थानीय अनुसंधान कार्यक्रम और एक फ्लेगशिप कार्यक्रम के अलावा, आठ *बाह्य*-वित्तपोषित परियोजनाएं और *चार* भाकृअनुप-ओआरपी परियोजनाओं के अंतर्गत अनुसंधान किया जा रहा है। केंद्र में परामर्शी सेवाएँ और अधिदेश से संबन्धित अनुबंध अनुसंधान परियोजनाएं भी ली जाती हैं।

अधिदेश

★ सुरक्षित अंगूर उत्पादन और उत्पादकता पर कार्यनीतिक और प्रायोगिक अनुसंधान।

★ अंगूर के अधिक और सतत उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी का अंतरण और क्षमता निर्माण।

★ खाद्य सुरक्षा और फलों में कीटनाशकों के अवशेष के लिए राष्ट्रीय रेफरल प्रयोगशाला।

अनुसंधान के मुख्य क्षेत्र

1. अंगूर का संरक्षण, निरुपण और उपयोग
2. अंगूर का अनुवंशिक सुधार
3. अंगूर में गुणवत्ता, उत्पादकता बढ़ाने और स्थायित्व के लिए उत्पादन तकनीकों का विकास और शोधन
4. अंगूर में एकीकृत संरक्षण तकनीकों का विकास और शोधन
5. अंगूर प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के लिए तुड़ाई-पूर्व और पश्चात तकनीकों का विकास
6. अंगूर और इसके प्रसंस्कृत उत्पादों में खाद्य सुरक्षा
7. क्षेत्र, उत्पादन और अंगूर की गुणवत्ता बढ़ाने और उत्पादकता को बनाए रखने के लिए हितधारकों के ज्ञान और कौशल में सुधार

बारहवीं योजना के लिए केंद्र का प्रमुख कार्यक्रम अजैविक (ताप और आर्द्रता) और जैविक (कीट और फन्फुदी रोग) तनाव परिस्थितियों में अंगूर उत्पादकता सुधार के लिए निर्णय समर्थन प्रणाली का विकास था।

other stake-holders are deliberated by PME cell for identifying the research priority areas. Presently research is conducted under broad areas of genetic resources and improvement, production technology, plant health management and pre and postharvest technology. Besides seven institutional research programmes, eight externally funded projects and four ICAR ORP projects are in progress. The Centre also undertakes consulting and mandate related contractual research projects.

MANDATE

★ Strategic and applied research on safe grape production and productivity.

★ Transfer of technology and capacity building of stakeholders for enhanced and sustained production of grapes.

★ National Referral Laboratory for Food Safety and Pesticide residue in fruits.

THRUST AREAS OF RESEARCH

1. Conservation, characterization and utilization of grape.
2. Genetic improvement of grape.
3. Development and refinement of production technologies for enhancing quality, productivity and sustainability in grape.
4. Development and refinement of integrated protection technologies in grape.
5. Development of pre- and post-harvest technologies for processing of grapes and value addition
6. Food safety in grapes and its processed products
7. Improving knowledge and skill of stakeholders for increasing area, production and quality of grapes and sustaining its productivity.

The Centre's flagship programme was "Development of decision support system for enhancing productivity of grapes under abiotic (temperature and moisture) and biotic (insect pests and fungal disease) stress conditions".

संगठनात्मक संरचना



ORGANISATIONAL SETUP



वित्तीय विवरण / FINANCIAL STATEMENT

(रु. लाख में / Rs. in lakhs)

क्र. सं. Sl. No.	शीर्ष Heads	आर ई R.E. 2015-16		व्यय Expenditure 2016-17		अंतिम अनुदान Final Grant		राजस्व आय Revenue Generated
		योजना Plan	गैर योजना Non-Plan	योजना Plan	गैर योजना Non-Plan	योजना Plan	गैर योजना Non-Plan	
1.	स्थापना प्रभार / Estt. Charges	0.00	416.26	0.00	404.93	0.00	416.26	
3.	ओ टी ए / O.T.A.	0.00	0.10	0.00	0.00	0.00	0.10	
4.	यात्रा भत्ता / T.A.	5.84	3.00	5.84	3.00	5.84	3.00	
5.	उपकरण / Equipment	17.20	4.00	17.20	3.99	17.20	4.00	
6.	आई टी / IT	1.53	0.00	1.53	0.00	1.53	0.00	
6.	पुस्तकालय / Library books	1.43	0.00	1.43	0.00	1.43	0.00	
5.	अन्य प्रभार / Other charges	72.26	252.49	72.26	252.48	72.26	252.49	
6.	निर्माण कार्य / Works	127.87	0.00	127.87	0.00	127.87	0.00	
7.	फर्नीचर / Furniture	15.97	2.00	15.97	2.00	15.97	2.00	
8.	पेंशन / Pension	0.00	73.15	0.00	49.19	0.00	73.15	
	कुल / Total	**242.10**	**751.00**	**242.10**	**715.59**	**242.10**	**751.00**	**76.39**

कार्मिक स्थिती / STAFF POSITION

क्र. सं. Sl. No.	पद Post	पदों की संख्या / Number of posts		
		स्वीकृत Sanctioned	भरे Filled	रिक्त Vacant
1.	अनुसंधान और प्रबंध / Research and Management Personnel	1	1	0
2.	वैज्ञानिक / Scientific	16	16	0
3.	तकनीकी / Technical	8	7	1
4.	प्रशासनिक / Administrative	13	7	6
5.	सहायक / Supportive	7	7	0
	कुल / Total	**45**	**38**	**7**

अनुसंधान उपलब्धियाँ
RESEARCH ACHIEVEMENTS

I. अंगूर का संरक्षण, चरित्रांकन और उपयोग
I. CONSERVATION, CHARACTERIZATION AND UTILIZATION OF GRAPE

अंगूर अनुवांशिक संसाधन प्रबंधन

अंगूर प्रविष्टियों का आयात

अंगूर आनुवंशिक संसाधनों को मजबूत करने के लिए, संयुक्त राज्य कृषि विभाग, संयुक्त राज्य अमरीका, से फरवरी, 2017 में चार गुण विशिष्ट अंगूर प्रविष्टियों का आयात किया गया। विशिष्ट गुण के साथ प्रविष्टियों की सूची तालिका 1 में दी गई है।

MANAGEMENT OF GRAPE GENETIC RESOURCES

Import of grape accessions

To strengthen the grape genetic resources, four trait specific grape accessions were imported from United State Department of Agriculture, USA during February, 2017. The list of accessions with trait is presented in table 1.

तालिका 1: आयातित प्रविष्टियों का विवरण

Table 1: Deatails of imported grape accessions

क्र.सं. Sl. No.	किस्म का नाम Name of variety	विदेशी संग्रह संख्य Exotic Collection Number	विशिष्ट गुण Traits
1	Romulus Seedless	EC902172	No GA required, stores well
2	Challenger	EC902173	Red, table purpose, Early
3	Einset	EC902174	Seedless, red table & raisin purpose, early
4	Vanessa Seedless	EC902175	Red, table purpose, early, crisp berries, resist rain

अंगूर प्रविष्टियों को आईसी अंक आवंटन

118 अंगूर प्रविष्टियों के पासपोर्ट आंकड़े भाकृअनुप-एनबीपीजीआर, नई दिल्ली को भेजे गए। इन आंकड़ों के आधार पर इन प्रविष्टियों के लिए देशी संग्रह (आईसी) संख्या आवंटित की गई। वर्तमान में, कुल 416 प्रविष्टियों के आईसी नंबर हैं।

Allotment of IC numbers to grape accessions

Passport data of 118 grape accessions were compiled and submitted to ICAR-NBPGR, New Delhi based on which Indigenous collection (IC) numbers were allotted to these accessions. Presently, total 416 accessions have IC numbers.

आयातित अंगूर प्रविष्टियों का संगरोध पश्चात निरीक्षण

डॉ. डी. बी. परख, प्रधान वैज्ञानिक, पादप संगरोध संभाग, भाकृअनुप–एनबीपीजीआर, नई दिल्ली ने यूएसडीए, यूएसए से आयातित अंगूर प्रविष्टियों की जांच की। पृथक्करण स्थितियां, लता स्वास्थ्य और पत्ती नमूनों में वायरस परीक्षण के आधार पर निरीक्षण किया गया और नौ में से सात प्रविष्टियाँ वायरस मुक्त पाई गईं।

जननद्रव्य का चरित्रांकन, प्रलेखन और पुनर्युविकरण (कृषिजैवविविधता पर सह व्यवस्था अनुसंधान मंच द्वारा आंशिक रूप से वित्त पोषित)

जनन द्रव्य में 100 अंगूर प्रविष्टियों के चरित्रांकन में तेजी लाई गई और बागवानी संबंधित लक्षणों के आंकलन के अलावा प्रमुख रोगों (डाउनी और पाउडरी मिलड्यू एवं एंथ्राक्नोस) और कीटों के लिए नियमित जांच की गई। वर्ष के दौरान कुल 35 लक्षणों (15 गुणात्मक और रोग–कीट जांच सहित 20 परिमाणात्मक) को चरित्रांकन के लिए प्रयोग किया गया। बागवानी संबंधित लक्षणों में जूस मात्रा, 100 बीज वजन और गुच्छ सघनता के लिए प्रविष्टियों में सर्वाधिक विभिन्नता थी (तालिका 2)। इस कार्य का उद्देश्य, उपलब्ध जननद्रव्य के चरित्रांकन द्वारा रुचिकर गुणों वाली प्रविष्टियों, जिन्हे प्रजनन कार्य में बतौर दाता स्त्रोत के रूप में प्रयोग किया जा सके, की पहचान करना है। कुछ प्रमुख लक्षणों जैसे विरल गुच्छ, प्राकृतिक रूप से मोटी मणि, फलोत्पादन क्षमता, रोग और कीट प्रतिरोधन क्षमता, के लिए कुछ प्रविष्टियों की पहचान की गई (तालिका 3)। एक कैटालौग बनाने के लिए आंकड़े संकलित किए जा रहे हैं।

अंगूर जननद्रव्य के मातृ ब्लॉक के पुनर्युविकरण के लिए 400 अंगूर प्रविष्टियों की स्वमूलित कलमें बनाई ।

छांटी गई अंगूर क़िस्मों का बहुस्थानीय प्रदर्शन

जूस गुणवत्ता और जूस के समग्र परीक्षण के लिए मेडिका किस्म का परीक्षण एआईसीआरपी–मंदसौर में तथा केआर व्हाइट का किसान प्रक्षेत्र में किशमिश गुणवत्ता के लिए आंकलन किया गया।

जूस किस्म

मेडिका

मेडिका में वनस्पतिक वृद्धि मापदण्डों, फल उपज, गुणवत्ता, जूस मात्रा और जूस के समग्र परीक्षण के लिए दो वर्ष (2015–16 और 2016–17) के आंकड़े एकत्रित किए गए।

Post quarantine inspection of imported grape accessions

Dr. D. B. Parakh, Principal Scientist, Division of Plant Quarantine, ICAR-NBPGR, New Delhi inspected the imported grape accessions from USDA, USA. Inspection was done based on isolation conditions, vine health and virus testing in leaf samples. Among nine accessions seven were found to be virus free.

Characterization, documentation and regeneration of grape germplasm (Partly funded by Consortium Research Platform (CRP) on Agrobiodiversity)

Characterization of 100 grape accessions was intensified by regular screening for disease (downy mildew, powdery mildew and anthracnose) and insects along with screening for horticultural traits. During the year, total 35 traits (15 qualitative and 20 quantitative including screening for disease-pest) were used for characterization. Accessions showed maximum variation for juice content, 100 seed weight and bunch compactness (Table 2) among the horticultural traits. The objective of the work was to characterize the available germplasm to identify the accessions with trait of interest, which can be used as potential donor sources in the breeding programme. Some of the accessions were identified for the traits such as loose bunch, naturally bold berries, fruitfulness, diseases and pest resistance/tolerance (Table 3). This data is being compiled for the preparation of a catalogue.

During the year, own root cuttings of 400 grape accessions were regenerated for rejuvenation of mother block for grape germplasm.

MULTI-LOCATIONAL PERFORMANCE OF SHORT LISTED GRAPE VARIETIES

The performance of Medika for juice quality was evaluated at AICRP, Mandsaur, and KR White was evaluated for raisin quality at farmer's field.

Juice Variety

Medika

The data on performance of Medika in relation to vegetative growth parameters, fruit yield, quality, juice recovery and overall test of juice was collected for two years (2015-16 and 2016-17).

तालिका 2: 100 अंगूर प्रविष्टियों हेतु 19 मात्रात्मक लक्षणों के विचलन का विश्लेषण

Table 2: Analysis of variance for 19 quantitative traits for 100 grape accessions

मापदंड Parameters	माध्य Mean	सीमा Range	सीवी CV (%)	पी मात्रा P Value
पक्वन हेतु दिन Days to maturity	146.04	132-156	2.81	<.0001
टीएसएस (°ब्रिक्स) TSS (°Brix)	19.08	10.6-31.7	2.73	<.0001
अम्लता (ग्रा/ली) Acidity (g/l)	2.68	0.9-8.66	2.94	<.0001
100 बीज वजन (ग्रा) Seed weight (g)	3.00	0.00-8.94	3.32	<.0001
रस / Juice (%)	72.50	41.80-94.30	3.54	<.0001
गुच्छा संहति (मणि/सेमी)/ Bunch Compactness (Berries/cm)	4.12	1.52-16.78	3.13	<.0001
गुच्छा चौड़ाई (सेमी) Bunch width (cm)	8.32	4.22-13.57	2.69	<.0001
मणि संख्या/गुच्छा No. of berries/ bunch	71.26	22.33-180.00	2.88	<.0001
गुच्छा वजन (ग्रा) Bunch Weight (g)	154.06	48.33-481.33	2.75	<.0001
10 मणि वजन (मिमी) 10 Berry weight (gm)	22.21	7.10-51.34	2.94	<.0001
मणि त्वचा मोटाई (मिमी) Berry skin thickness (mm)	0.19	0.09-0.30	2.97	<.0001
दृढ़ता / Firmness (%)	57.63	21.67-88.00	2.87	<.0001
मणि लंबाई (मिमी) Berry length (mm)	16.19	8.67-29.33	2.36	<.0001
मणि व्यास (मिमी) Berry dia. (mm)	14.24	10.33-20.67	2.62	<.0001
80% पुष्पन 80% Flowering	44.80	38.00-50.00	2.73	<.0001
पुष्पक्रम स्थिति Position of inflorescence	4.0	2.20-5.80	2.60	<.0001
पुष्पक्रम संख्या No. of inflorescence	1.69	1.00-3.40	2.70	<.0001
गुच्छ लंबाई (सेमी) Bunch length (cm)	10.02	3.40-27.60	2.44	<.0001
डंठल लंबाई (सेमी) Peduncle length (cm)	2.18	1.00-4.80	2.51	<.0001

तालिका 3: लाभदायक प्रमुख लक्षणों के लिए संभावित अंगूर प्रविष्टियों की सूची

Table 3. List of potential grape accessions for important traits of interest

क्रम संख्या S. No.	लक्षण Characters	किस्में Varieties
1	ढीला गुच्छा Loose bunch	बाईंकी अब्याद, गोइथे, सैफर, ब्लैक मस्कट, फेंटासी सीडलैस, लार्ज व्हाइट, सिकेरी, पीएर्स, दिलखुश, इसाबेला, ई 2-7 Banquie Abyad, Goethe, Ceffer, Black Muscat, Fantasy Seedless, Large White, Sekerie, Pierce, Dilkhush, Isabella, E 2-7
2	स्वाभाविक रूप से बड़ी मणि (>18मिमी) Naturally bold berries (>18mm)	किशमिश लुचीस्टी, फटेस्का नियाग्रा, अर्ली पेरलेट, सीबल 9308, रिबीयर Kishmish Luchisty, Fatesca Neagra, Early Perlette, Seibel 9308, Rebier
3	फलत (3-4 पुष्पक्रम/ शाखा) Fruitfulness (3-4 inflorescence/ shoot)	एच 516, मलघा, पीएर्स, भोकरी, ब्लैक मस्कट H 516, Malagha, Pierce, Bhokri, Black Muscat
4	रोग सहिष्णु / प्रतिरोधी (1-3 यूपीओवी रेटिंग) Disease tolerant/resistance (1-3 UPOV rating)	
A	डाउनी मिलड्यू Downy mildew	चंपनेल, अम्बर क्वीन, सेयवे विलार्ड 12309, सेयवे विलार्ड 18402, सेयवे विलार्ड 12364, सेयवे विलार्ड 12375, खलीली, कैरोलिना ब्लैक रोज, बियंका Champanel, Amber Queen, Seyve Villard 12309, Seyve Villard 18402, Seyve Villard 12364, Seyve Villard12375, Khalili, Carolina Black Rose, Bianca
B	पावडरी मिलड्यू Powdery mildew	क्वीन ऑफ वाइनयार्ड, सेफर, टनट, खलीली, अम्बर स्वीट, रोज साइटट, ब्लैक मस्कट, वीनस, लेक एमरल्ड, मलघा, गोएथ, ई 2-7, सेयवे विलार्ड 12309, पीएर्स, एच 27, इसाबेला, छोल्टू व्हाइट, रंगस्पे, किशमिश मोल्डोस्वकी Queen of vineyards, Ceffer, Tannat, Kalili, Amber Sweet, Rose Ciotet, Black Muscat, Venus, Lake Emerald, Malagha, Goethe, E 2-7, Sevye Villard 12309, Pierce, H 27, Isabella, Chholtu White, Rangspay, Kishmish Moldowskyi
C	एन्थ्रक्नोज Anthracnose	खलीली, रोज साइटट, वीनस, लेक एमरल्ड, गोएथ, सेयवे विलार्ड 23501, सेयवे विलार्ड 12309, सेयवे विलार्ड 123575, सेबल 9308, पीएर्स, इसाबेला, छोल्टू व्हाइट, रंगस्पे, रिज़मत, किशमिश मोल्डोस्वकी, किशमिश लुचिस्टी, सिकेरी Khalili, Rose Ciotat, Venus, Lake Emerald, Goethe, Seyve Villard 23501, Seyve Villard 12309, Seyve Villard 12375, Seibel 9308, Pierce, Isabella, Chholtu White, Rangspay, Rizamat, Kishmish Moldowsky, Kishmish Luchistyi, Sekeri
5	रोग सहिष्णु / प्रतिरोधी Insect tolerance/resistance	
A	मीलिबग (प्रति पौधा मीलिबग कॉलोनियों की संख्या 0-1) Mealybug (no. of mealybug colonies/plant – 0-1)	सौविस, सेयवे विलार्ड 23501, बंगलोर पर्पल, पर्ल ऑफ कसाबा, रोज साइटट, फ्रमोसा अल्बा, छोल्टू व्हाइट, इसाबेला, लेक एमरल्ड, सेमीलोन, ओलंपिया, सिकेरी, सेयवे विलार्ड 23501, सेयवे विलार्ड 18402, बेञ्जुहो, ब्लैक मस्कट, वीनस Sauvis, Sevye Villard 23501, Bangalore Purple, Pearl of Casaba, Rose Ciotat, Frumoasa Alba, Chholtu White, Isabella, Lake Emerald, Semillon, Olympia, Sekerie, Sevye Villard 12309, Sevye Villard 18402, Benzuiho, Black Muscat, Venus

क्रम संख्या S. No.	लक्षण Characters	किस्में Varieties
B	माइट्स (प्रति पत्ती माइट्स की संख्या: 0-0.05) Mites (no. of mites/leaf : 0-0.05)	सेयवे विलार्ड 23501, छोल्टू व्हाइट, पर्ल ऑफ कसाबा, सौविस Sevye Villard 23501, Chholtu White, Pearl of Casaba, Sauvis
C	थ्रिप्स (1 थ्रिप्स प्रति टहनी) Thrips (<1 thrips/shoot)	रंगस्पे व्हाइट Ranspay White
D	जैसिड्स (प्रति टहनी जैसिड संख्या: 0-0.05) Jassids (no. of jassids/shoot: 0-0.05)	फ्रमोसा अल्बा, सिनसौट, राउसाने, रैड गाला, पेटिट सिरा, लेक एमरल्ड, मलघा, सेयवे विलार्ड 18402, मोतिया, गोल्ड, बाईंकी अब्याद, ई 8-5, अलाम्विक, पीएर्स, छोल्टू व्हाइट, किशमिश लुचिस्टी, खलीली, बंगलोर पर्पल, अबेडो Frumoasa Alba, Cinsault, Rousanne, Red Gala, Petit Syrah, Lake Emerald, Malagha, Sevye Villard 18402, Motia, Gold, Banquie Abyad, E8-5, Alamwick, Pierce, Choultu White, Kishmish Luchisty, Khalili, Bangalore Purple, Aledo
E	तना छेदक (उपस्थित छिद्र संख्या प्रति पौधा: 0-0.05) Stem borer (No. of exit holes/ plant: 0-0.5)	लार्ज व्हाइट, बकलैंड स्वीट वाटर, भोकरी, मलघा, मोतिया, सेयवे विलार्ड 23501, सेयवे विलार्ड 12309, सेयवे विलार्ड 12375, गुलाबी, बेञ्जुहो, पीएर्स, रंगस्पे व्हाइट सेफर, अम्बर स्वीट, रीसलिंग, रोज सिओटेट, अलिक्वांट बौस, इसाबेला, ब्लैक मस्कट, छोल्टू व्हाइट Large White, Buckland Sweet Water, Bhokri, Malagha, Motia, Sevye Villard 23501, Sevye Villard 12309, Sevye Villard 12375, Gulabi, Benzuhio, Pierce, Ranspay White, Ceffer, Amber Sweet, Riesling, Rose Ciotet, Aliquant Bauschat, Isabella, Black Muscat, Goethe, Chholtu White

मंदसौर परिस्थिति में, पैतृक क़िस्मों फ्लेम सीडलेस (70.09 सेमी) और पूसा नवरंग (64.91 सेमी) के मुक़ाबले मेडिका (105.09 सेमी) में वनस्पतिक प्ररोह वृद्धि अधिक थी। फ्लेम सीडलेस (128 दिन) के मुक़ाबले मेडिका (122.5 दिन) जल्दी परिपक्व हुई।

मेडिका में सर्वाधिक (71.84%) जूस प्राप्ति हुई और तत्पश्चात पूसा नवरंग (64.95%) और फ्लेम सीडलेस (61.11%) में। अम्ल की मात्रा मेडिका (5.6 ग्रा/ली) में सर्वाधिक थी जबकि टीएसएस पूसा नवरंग और फ्लेम सीडलेस (23.63°ब्रि) की तुलना में मेडिका (19.5°ब्रि) में कम था।

एआईसीआरपी के अंतर्गत तैयार किए गए ढांचे में रोग और कीट व्यापकता एवं जूस मापदण्डों के आंकड़े एकत्रित किए गए (तालिका 4)। दो वर्षों के अध्ययन पर आधारित जूस गुणवत्ता मापदण्डों और ओर्गनोलेप्टिक परीक्षण से मेडिका की उच्चता प्रमाणित होती है।

Under Mandsaur condition, Medika recorded higher shoot length (105.09 cm) as compared to its parents i.e., Flame Seedless (70.09 cm) and Pusa Navrang (64.91 cm). Medika was early to harvest (122.5 days) as compared to Flame Seedless (128 days).

The juice recovery was highest in Medika (71.84%) followed by Pusa Navrang (64.95%) and Flame Seedless (61.11%). The acid content was the highest in Medika (5.6 g/l) while TSS was the lowest (19.50°B) as compared to Pusa Navrang and Flame Seedless.

The data pertaining to disease and pest incidence and juice parameter was collected in the format devised under AICRP (Table 4). Based on two years study, the data on juice quality parameters and organoleptic test concluded the superiority of Medika.

तालिका 4: अंगूर की किस्म/संकर का अंगूर जूस के मूल्यांकन हेतु स्कोर कार्ड

Table 4: Score card for evaluation of grape variety / hybrid of Juice grapes

क्रम संख्या S. No	विशिष्ट गुण/ Characteristics	अधिकतम स्कोर/ Max Score	ग्रेडिंग/ Grading			प्रस्तावित किस्म/ संकर (मेडिका)/ Proposed variety/ Hybrid (Medika)	जनक 1 (फ्लेम सीडलैस)/ Parent 1 (Flame Seedless)	जनक 2 (पूसा नवरंग)/ Parent 2 (Pusa Navrang)
1	परिपक्वन के लिए दिन/ Days taken for ripening	8	110-120 छंउदि*/ DAP= 6	121-140 छंउदि*/ DAP = 4	>140 छंउदि*/ DAP = 2	6	4	4
2	रोगों के प्रति प्रतिक्रिया / Reaction to diseases							
	डाउनी मिलड्यू/ Downy mildew	3	प्रतिरोधी/ Resistant = 3	मध्यम प्रतिरोधी/ Moderately resistant = 1	संवेदनशील/ Susceptible = 0	3	1	3
	पावडरी मिलड्यू/ Powdery mildew	2	प्रतिरोधी/ Resistant = 2	मध्यम प्रतिरोधी/ Moderately resistant = 1	संवेदनशील/ Susceptible = 0	2	1	2
	एन्थ्रेक्नोज/ Anthracnose	1	प्रतिरोधी/ Resistant = 1	मध्यम प्रतिरोधी/ Moderately resistant = 0	संवेदनशील/ Susceptible = 0	1	0	0
3	कीटों के प्रति प्रतिक्रिया/ Reaction to insects							
	मीलिबग/ Mealybugs	3	प्रतिरोधी/ Resistant = 2	मध्यम प्रतिरोधी/ Moderately resistant =1	संवेदनशील/ Susceptible = 0	3	0	2
	थ्रिप्स/ Thrips	2	प्रतिरोधी/ Resistant = 2	मध्यम प्रतिरोधी/ Moderately resistant = 1	संवेदनशील/ Susceptible = 0	2	1	2
	माइट्स/ Mites	1	प्रतिरोधी/ Resistant = 1	मध्यम प्रतिरोधी/ Moderately resistant = 10	संवेदनशील/ Susceptible = 0	1	1	1
4	गुच्छे के रंग में समानता/ Colour uniformity of bunch	6	समरूप/ Homogenous = 6	आंशिक सम रूप/ Slightly homogenous = 3	विषमरूप / Heterogeneous = 1	6	3	9
5	टीएसएस (°ब्रिक्स) TSS (°B)	8	>20 = 8	18-20 = 6	<18 = 4	8	8	6
6	कुल अम्लता (ग्रा/ली) Total Acidity (g/l)	4	6-8 = 4	<6 = 2	>8 = 1	4	2	2

क्रम संख्या S. No	विशिष्ट गुण/ Characteristics	अधिकतम स्कोर/ Max Score	ग्रेडिंग/ Grading			प्रस्तावित किस्म/ संकर (मेडिका)/ Proposed variety/ Hybrid (Medika)	जनक 1 (फ्लेम सीडलैस)/ Parent 1 (Flame Seedless)	जनक 2 (पूसा नवरंग)/ Parent 2 (Pusa Navrang)
7	उपज (टन/हे) Yield (t/ha)	12	>15 = 10	10-15 = 6	<10 = 3	10	3	6
8	शर्करा अम्ल अनुपात/ Sugar Acid ratio	5	27-30 = 5	>30 = 3	<20= 1	5	5	3
9	रस प्राप्ति/ Juice recovery (%)	12	>70 = 12	60-70 = 8	<60 = 5	12	5	8
10	रस की रंग सघनता/ Colour intensity of juice	5	>10 = 5	5-10 = 2	<5 = 1	5	1	5
11	रस स्थिरता/ Juice consistency	8	चिपचिपा/ Viscous = 8	माध्यम चिपचिपा/ Moderately viscous = 5	तनु एवं पनीला/ Thin and watery = 2	8	2	5
12	एंथोसाइएनिन्स (मिग्रा/110 मिली)/ Anthocyanins (mg/100 ml)	5	>3 = 4	2-3 = 2	<2 = 1	4	4	4
13	ओर्गेनोलेप्टिक गुणवत्ता (1-5 पैमाना)/ Organoleptic properties (1-5 scale)	10	4-5 = 10	3-4 = 7	<3 = 3	7	10	3
14	6 महीने के भंडारण के बाद रंग धारण शक्ति/ Colour retention six months after storage	5	मौलिक रंग/ Original colour = 4	आंशिक बदलाव/ Slight change = 2	रंग अवक्रमण/ Colour degradation = 0	4	2	4
	Total	**100**				**91**	**53**	**66**

*छंउदि - छंटाई उपरांत दिन /DAP= Days after pruning

किशमिश किस्म

किशमिश रोजाविस व्हाइट

अपनी गुणवत्ता और उच्च किशमिश प्राप्ति के कारण केआर व्हाइट अंगूर उत्पादकों में प्रिय किस्म बन रही है। डोगरिज मूलवृंत पर कलमित और 9x5 फीट दूरी पर वाई ट्रेलिस पर प्रशिक्षित 6 किशमिश बनाने वाली किस्मों का आंकलन, व्यावसायिक किस्मों थॉमसन सीडलेस और 2ए क्लोन, के मुक़ाबले किया गया।

यह आंकलन का दूसरा वर्ष था और वनस्पतिक वृद्धि मापदण्डों, उपज, गुणवत्ता और किशमिश प्राप्ति पर आंकड़े दर्ज़ किए गए। वृद्धि मापदण्डों के लिए महत्वपूर्ण अंतर दर्ज़ किए गए। किस्म सुंदेखानी (111.67 सेमी) में सर्वाधिक और तत्पश्चात रिबिएर (94.83 सेमी) में प्ररोह वृद्धि दर्ज़ की गई, जबकि केआर व्हाइट में 93.33 सेमी की प्ररोह वृद्धि थी। प्रति लता गुच्छ संख्या से किशमिश उपज का निर्धारण होता है। विभिन्न क़िस्मों में से, केआर व्हाइट, सुंदेखानी और ब्लॅक मुनक्का में सर्वाधिक 65 गुच्छे दर्ज़ किए गए।

केआर व्हाइट में सर्वाधिक गुच्छा वजन और उपज (17.20 किग्रा/लता) दर्ज़ की गई। उच्च उपज और टीएसएस (24.5°ब्रि) के परिणामस्वरूप केआर व्हाइट में दूसरी क़िस्मों के मुक़ाबले अधिक किशमिश पुनर्प्राप्ति (26.50%) हुई।

ओर्गनोलेप्टिक परीक्षण में, अनेक मापदण्डों जैसे मीठापन और समग्र स्वीकार्यता के लिए केआर व्हाइट बेहतर पाई गई (चित्र 1)।

Raisin grape variety

Kishmish Rozavis White (KR White)

KR White is becoming popular among the grape farmers due to its higher raisin recovery and quality. Six raisin varieties grafted on Dogridge rootstock spaced at 9 x 5 feet between rows and vines and trained to Y trellises were compared with the commercial check (Thompson Seedless and Clone 2A).

The data on vegetative growth parameters, yield, quality and raisin recovery was recorded for the second year. Significant differences were recorded for growth parameters. The variety Sundekhani (111.67 cm) recorded the highest shoot length followed by Ribier (94.83 cm) while KR White recorded a shoot length of 93.33 cm. Number of bunches per vine decides the raisin yield. Among the different varieties, higher number of bunches were recorded in KR White, Sundekhani and Black Monukka (65 each).

The variety KR White also produced the highest bunch weight and yield (17.20 kg/vine). The higher yield and TSS (24.5°B) in KR White resulted in higher raisin recovery (26.50%) as compared to other varieties.

In organoleptic test, KR White proved to be superior for the parameters like sweetness and overall acceptability (Figure 1).



चित्र 1: किशमिश क़िस्मों का ओर्गनोलेप्टिक स्कोर
Figure 1: Organoleptic score of raisin varieties

भारतीय परिस्थितियों में उपज और गुणवत्ता वाइन के लिए वाइन क़िस्मों का मानकीकरण

लाल वाइन किस्में

110आर पर कलमित और 8'x4' की दूरी पर मिनी वाई पर प्रशिक्षित, 10 लाल वाइन क़िस्मों का भारतीय परिस्थितियों में प्रदर्शन का अध्ययन किया गया। कायिक वृद्धि, गुच्छा, मणि, वाइन मापदंडों पर दर्ज आंकड़ों के आधार पर, सिरा ने बेहतर प्रदर्शन किया जिसका अनुसरण टैंपरानिल्लो ने किया (तालिका 5)। इस साल तीन किस्मों जैसे मर्लो, पेटिट वर्डो और सिन्सौट ने बहुत ही कम गुच्छे प्रति लता (3-4) का उत्पादन किया, जिसके परिणामस्वरूप इन क़िस्मों से बहुत ही कम उपज प्राप्त हुई। सिरा ने सबसे अधिक गुच्छे (64.43) दर्ज किए, इसके बाद ग्रेनेच (30.70) और टैंपरानिल्लो (28.87) थे। फल तुड़ाई 155.67 दिन (सिन्सॉट) से 159 दिन (कैबर्ने फ्रैंक) तक की गई (तालिका 5)। सिरा में सबसे अधिक उपज पाई गई तत्पश्चात टैंपरानिल्लो थी। मस्ट मापदण्डों में अंतर नहीं पाये गए।

सफ़ेद वाइन किस्में

110आर पर कलमित नौ सफ़ेद वाइन किस्मों का कायिक वृद्धि मापदण्डों, गुच्छ और मणि लक्षणों, फल संघटना और वाइन गुणवत्ता इत्यादि के लिए आंकलन किया गया। उपज, मस्ट और वाइन गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए, किस्म सेनिन ब्लाँ बेहतर पाई गई जिसका अनुसरण सौवीनों ब्लाँ तथा रीसलिंग ने किया (तालिका 6)। सेनिन ब्लाँ में गुच्छा/लता सर्वाधिक (43.47) थे तत्पश्चात रीसलिंग (30.73) थी जबकि ग्रोस मेसेंग में सबसे कम (5.87) गुच्छे उत्पादित हुए।

गुच्छों की कटाई के लिए जरूरी दिन गुवाट्रामिनर में न्यूनतम (142 दिन) थे और विओनर में अधिकतम (159 .67 दिन)। रस में अम्ल मात्रा 5.47 से 5.67 ग्रा/ली थी, जबकि रस पीएच 3.25 (सौवीनों ब्लाँ) से 3.57 (विओनर) तक थी, जो वाइन बनाने के लिए आवश्यक अधिकतम सीमा के भीतर पाई गयी। वाइन गुणवत्ता तथा ओर्गनोलेप्टिक परीक्षण के आधार पर सेनिन ब्लाँ, सौवीनों ब्लाँ तथा रीसलिंग अन्य के मुक़ाबले बेहतर पाईं गईं।

STANDARDIZATION OF WINE VARIETIES FOR YIELD AND QUALITY WINE UNDER INDIAN CONDITION

Red wine varieties

Ten red wine varieties grafted on 110R and trained to mini Y system spaced at 8' x 4' distance were studied for their performance under Indian conditions. As per data recorded on vegetative growth, bunch, berry, must and wine parameters, the variety Syrah performed better followed by Tempranillo (Table 5). This year three varieties viz Merlot, Petit Verdot and Cinsaut produced only a few bunches per vine (3-4) resulting in very less yield. Syrah recorded the highest bunch count (64.43) followed by Grenache (30.70) and Temperanillo (28.87). The fruits were harvested in 155.67 days (Cinsaut) to 159 days (Cabernet Franc) (Table 5). Higher yield was noted in Syrah followed by Tempranillo. No differences were observed in must parameters.

White wine varieties

Nine white wine varieties grafted on rootstock 110R were evaluated for vegetative growth parameters, bunch and berry characters, fruit composition and wine quality. Considering the yield, must and wine quality, the variety Chenin Blanc was found better followed by Sauvignon Blanc and Reisling (Table 6). Number of bunches/vine was the highest in Chenin Blanc (43.47) followed by Riesling (30.73) while the variety Gros Meseng produced minimum number of bunches (5.87).

The days required for harvesting of bunches were minimum in Gewurztraminer (142 days) and the maximum in Viognier (159.67 days). The acid content in juice ranged from 5.47 to 5.67 g/l while the juice pH ranged from 3.25 (Sauvignon Blanc) to 3.57 (Viognier) which was within the optimum range required for wine making. Based on wine quality and organoleptic test, Chenin Blanc, Sauvignon Blanc and Riesling performed better than other varieties.

तालिका 5: रेड वाइन अंगूर की किस्मों के कायिक और उपज संबंधी मापदंडों पर किस्म प्रभाव

Table 5: Varietal effect on vegetative and yield related parameters of red wine grape varieties

लाल वाइन किस्म Red Wine Variety	अक्टूबर छंटाई वजन (किग्रा) October Pruning weight (kg)	केन संख्या/ लता No. of cane/ vine	गुच्छा संख्या/ लता No of bunches/ vine	औसत गुच्छा वजन (ग्रा) Average bunch weight (g)	100 मणि वजन (ग्रा) 100 Berry weight (g)	मणि संख्या/ गुच्छा No. of berries/ bunch	उपज/ लता (किग्रा) Yield/ vine (kg)
सिरा/ Syrah	1.39	21.00	64.43	173.00	144.33	111.67	11.10
सिंसौट/ Cinsaut	1.60	16.00	4.37	132.33	97.00	134.67	0.57
कलडोक/ Caladoc	1.04	21.00	18.80	197.67	88.00	227.33	3.77
ग्रेनेच/ Grenache	0.98	14.33	30.70	194.00	100.33	206.00	6.13
निल्लुसिओ/ Niellucio	1.30	20.33	15.97	213.67	155.00	127.33	3.43
टैंपरानिल्लो/ Tempranilo	0.88	24.00	28.87	237.67	155.33	143.00	6.80
पेटिट वर्डो/ Petit Verdot	0.52	17.00	4.77	95.33	108.67	87.00	0.45
मर्लो/ Merlot	0.43	17.00	3.03	47.00	58.00	79.00	0.14
कैबर्ने फ्रेंक/ Cabernet Franc	0.40	17.33	28.40	107.33	106.67	98.33	2.97
कैबर्ने सौवीनों/ Cabernet Sauvignon	0.63	21.33	19.60	119.00	93.67	130.33	2.40
सीवी/ CV	7.59	9.27	21.67	1.99	1.32	0.94	3.31
एलएसडी/ LSD (P = 0.05)	0.20	5.14	13.89	8.82	4.26	3.69	0.37
सार्थकता/ Significance	**	**	**	**	**	**	**

II. अंगूर में आनुवांशिक सुधार

II. GENETIC IMPROVEMENT OF GRAPE

सीडलेस अंगूर किस्म में डाउनी मिलड्यू प्रतिरोधिकता के लिए प्रजनन

(डीबीटी परियोजना 'अंगूर में डाउनी और पाउडरी मिल्ड्यू प्रतिरोधिकता के लिए आणविक प्रजनन की एकीकृत पद्धति' के तहत आंशिक रूप से वितपोषित)

क्रॉसिंग

वर्ष के दौरान की गई क्रोसिंग का विवरण तालिका 7 में दिया गया है।

BREEDING FOR DOWNY MILDEW RESISTANCE IN SEEDLESS GRAPE VARIETY

(Partly funded by DBT under the project "An integrated approach of molecular breeeding for downy and powdery mildew resistance in grape")

Crossing

The details of crossing during the year are given in table 7.

तालिका 6: सफ़ेद वाइन क़िस्मों के वृद्धि और उपज संबन्धित मापदंड

Table 6: Growth and yield related parameters of white wine varieties

किस्म Variety	अक्टूबर छंटाई वजन (किग्रा) October Pruning weight (kg)	स्फुटन हेतु दिन Days to sprout	टहनी संख्या/ लता No. of Cane/ vine	गुच्छा संख्या/ लता No of bunches/ vine	औसत गुच्छा वजन (ग्रा) Ave bunch weight (g)	100 मणि वजन (ग्रा) 100 Berry weight (g)	मणि/ गुच्छा Berries/ bunch	बीज संख्या/ मणि No. of seeds/ berry	टीएसएस (°ब्रिक्स) TSS (°B)	पीएच pH
विओनर/ Viognier	0.50	8.00	15.00	26.23	78.33	85.67	93.33	2.00	23.50	3.57
वर्मेंटिनो/ Vermentino	0.62	15.00	20.33	17.83	167.33	210.00	73.00	2.67	23.20	3.54
ग्रोस मसेंग/ Gross Mesang	0.57	15.67	20.67	5.87	124.67	96.67	126.67	3.00	23.57	3.46
सेनीन ब्लाँ/ Chenin Blanc	0.73	8.67	31.67	43.47	120.00	103.00	121.67	2.00	23.70	3.54
मस्कट व्हाइट/ Muscat White	0.51	10.00	25.67	21.90	104.67	119.00	87.33	2.33	23.60	3.36
सौवीनों ब्लाँ/ Sauvignon Blanc	0.90	13.00	22.00	26.90	106.67	94.00	119.00	2.33	23.53	3.25
रीसलिंग/ Riesling	0.76	12.67	16.33	30.73	53.67	78.33	71.00	2.67	23.50	3.42
गुवाट्रामिनर/ Gewurztraminer	0.57	7.67	32.33	27.60	64.67	85.00	73.33	2.33	23.80	3.49
कोलंबार्ड/ Colombord	0.64	8.67	21.00	29.97	194.67	172.00	107.00	2.00	23.27	3.56
सीवी/ CV	2.50	11.48	7.85	17.51	3.08	2.09	1.25	18.38	0.65	0.61
एलएसडी/ LSD	0.05	3.68	5.19	13.03	10.10	7.03	3.52	--	0.44	0.06
सार्थकता/ Significance	**	**	**	**	**	**	**	NS	**	**

तालिका 7: क्रोसिंग का विवरण

Table 7: Details of crossing

क्रॉस संयोजन Cross combination	पुष्पक्रमों की संख्या No. of inflorescences	प्राप्त बीजों की संख्या No. of seeds obtained
Carolina Black Rose (CBR) X Thompson Seedless (TS)	65	686
Seyve Villard (SV) 12309 X Thompson Seedless (TS)	70	263

प्लास्मोपेरा वीटिकोला के विरुद्ध स्क्रीनिंग

वर्तमान में 279 एफ़1 संतति जिसमें सीबीआरxटीएस (106), एसवीxटीएस (134) और सेबेलxटीएस (39) की संतति शामिल हैं, प्रक्षेत्र में रोपित हैं। इन एफ़1 संततियों की डाउनी मिलड्यू रोगजनक के विरुद्ध *इन विट्रो* और प्रक्षेत्र में स्क्रीनिंग की गई और 1–9 के यूपोव स्केल के अनुसार रेटिंग की गई। सीबीआरxटीएस तथा एसवीxटीएस संततियों में बहुजीनिक आनुवंशिकी पैटर्न दिखने वाला घंटी आकार वक्र (चित्र 2) प्राप्त हुआ, परंतु सेबेलxटीएस संततियों के लिए तिरछा वक्र मिला।

Screening against *Plasmopara viticola*

Presently, a total of 279 F1 progenies belonging to CBRxTS (106), SVxTS (134) and SeibelxTS (39) are planted in the field. These F1 progenies were screened against downy mildew pathogen both *in vitro* and in field and rated as per UPOV scale 1-9. Polygenic inheritance pattern for the downy mildew resistance was observed in progenies of CBR x TS and SV x TS as indicated by a bell shaped curve however skewed curve was obtained for SeibelxTS progenies (Figure 2).



चित्र 2: सीबीआरxटीएस (A), एसवीxटीएस (B) और सिबेलxटीएस (C) संकरों में डाऊनी मिलड्यू प्रतिरोधकता का पृथिकरण
Figure 2: Segregation of downy mildew resistance in (A) CBRxTS, (B) SV x TS, (C) Seibel xTS.

मार्कर–फिनोटाइप विश्लेषण

एफ़1 संततियाँ का *आरपीवी3* लोकस के चार माइक्रोसेटेलाइट मार्कर्स के साथ भी विश्लेषण किया गया। ये मार्कर्स थे, वीएमसी7एफ़2, यूडीवी737, यूडीवी305 और वीवीडीएम2। मार्कर का फेनोटाइप आंकड़े के साथ सह–विसंयोजन का विश्लेषण एकल मार्कर विश्लेषण विधि द्वारा सीबीआरxटीएस और एसवीxटीएस संततियों में किया गया। सीबीआरxटीएस (109 संततियों) में, रोगसंवेदी पितृक

Marker-phenotype analysis

F1 progenies were also analysed with four microsatellite markers in *Rpv3* locus. Markers were VMC7f2, UDV737, UDV 305 and VVDM2. Co-segregation of marker with phenotype data in CBRxTS and SVxTS populations was analyzed using single marker analysis. In CBRxTS population (109 progenies), markers VMC7f2_201, VVDM2_183

में उपस्थित मार्कर वीएमसी7फ2_201, वीवीडीएम2_183 और वीवीडीएम2_186 का संवेदनशीलता के साथ विसंयोजन हुआ, परंतु प्रतिरोधकता एलील का लक्षण के साथ विसंयोजन नहीं दर्ज़ किया गया। एसवीxटीएस संततियों में, प्रतिरोधी पितृक में उपस्थित मार्कर यूडीवी305_299, वीएमसी7एफ़2_195 और यूडीवी737_279 ने फील्ड रेटिंग के आधार पर डाउनी मिलड्यू प्रतिरोधिकता के साथ विसंयोजन दिखाया। यह परिणाम सुझाव देते हैं कि मार्कर यूडीवी305, वीएमसी7फ2_201 और यूडीवी737, एसवीxटीएस की प्रतिरोधी संततियों के चुनाव के लिए उपयुक्त हैं परंतु सीबीआरxटीएस में मार्कर सहयोगी प्रजनन में उपयोग के लिए नए मार्करों की पहचान की आवश्यकता है।

*आरपीवी*1 और *आरयूएन*1 जीनोमिक क्षेत्र में पोलिमोर्फिक माइक्रोसेटेलाइट मार्कर की पहचान

क्यूटीएल *आरपीवी*1 (डाउनी मिलड्यू) और *आरयूएन*1 (पाउडरी मिलड्यू) में माइक्रोसेटेलाइट की पहचान करने के लिए अंगूर जीनोम अनुक्रमण का विश्लेषण किया गया और प्राइमर बनाए गए। अंगूर किस्में जेम्स (प्रतिरोधी) और थॉमसन सीडलेस (संवेदी) में *आरपीवी*1 के 11 प्राइमर और *आरयूएन*1 के 10 प्राइमर की स्क्रीनिंग की गई। *आरयूएन*1 के लिए 10 में से 9 प्राइमर और *आरपीवी*1 के लिए 11 में से 10 प्राइमर पोलिमोर्फिक थे। इन मार्करों का प्रयोग जेम्सxटीएस संततियों के विश्लेषण के लिए किया जाएगा।

एफ़1 संततियों का बागवानी लक्षणों के लिए आंकलन

प्रक्षेत्र में लगी 279 संततियों में से 14 में इस वर्ष फल लगे अत: उनका बागवानी लक्षणों के लिए आंकलन किया गया। 14 में से 10 संकरों ने *इन विट्रो* और *इन विवो* स्क्रीनिंग में *प्लास्मोपरा वीटिकोला* के विरुद्ध प्रतिरोधिकता दिखाई। एल23-68, जो कि सेबेलxटीएस का संकर है, में परिपक्व अवस्था पर सर्वाधिक मणि लंबाई (20.67±1.15 मिमी), मणि व्यास (17.33±6.87 मिमी) और 25-मणि वजन (87.60±19.76 ग्रा) तथा स्वीकार्य टीएसएस (19.67°ब्रि) दर्ज़ किए गए। दो संकरों एल24-32 और एल24-54 में डाउनी मिलड्यू प्रतिरोधिकता के अलावा निम्न गुच्छ सघनता देखी गई इसीलिए ये दोनों संकर, विरल गुच्छ और मोटी मणि के लिए प्रजनन हेतु उपयोगी होंगे। आने वाले वर्षों में इन संततियों का आंकलन और विस्तार से किया जाएगा।

प्रक्षेत्र में लगी संततियों का डाउनी मिलड्यू के अलावा, पाउडरी मिलड्यू और एंथ्राक्नोज के लिए भी फील्ड स्क्रीनिंग की गई। 25 संततियों ने पाउडरी मिलड्यू और 19 ने एंथ्राक्नोज के लिए प्रतिरोधिकता दिखाई।

and VVDM2_186 present in susceptible parent, were found to co-segregate with susceptibility (p=≤0.05), however resistance alleles did not show significant co-segregation with the trait. In SVxTS population, markers UDV305_299, VMC7f2_195 and UDV737_279 which were present in resistant parent, showed significant co-segregation (p≤0.05) with resistance to downy mildew based on field rating. These results suggested that markers UDV305, VMC7f2 and UDV737 are useful for the selection of resistant progenies in crosses of SVxTS, however new markers needs to be identified for CBRxTS cross for their use in marker assisted selection.

Identification of polymorphic microsatellite markers in *Rpv*1 and *RUN*1 region

The grape genome sequence was analyzed to search for microsatellites in QTL regions *Rpv*1 (downy mildew) and *RUN*1 (for powdery mildew) and primers were designed. 11 primers for *Rpv*1 and 10 primers for *RUN*1 were screened for polymorphism using James (resistant) and Thompson Seedless (susceptible). Nine out of 10 primers for *RUN*1 and 10 out of 11 primers for *Rpv*1 locus were polymorphic. These markers will be used for analysis of JamesxTS population.

Evaluation of F1 progenies for horticultural traits

Among the 279 field planted progenies, 14 progenies attained fruiting stage and thus were evaluated for horticultural traits. Ten out of 14 hybrids showed resistance against *Plasmopara viticola* in *in-vitro* and field screening. Hybrid L23-68, a progeny of SeibelxTS had highest berry length (20.67 ± 1.15 mm), diameter (17.33 ± 6.87 mm) and 25-berry weight (87.60 ± 19.76 g) with acceptable TSS (19.67°B) at maturity. Two hybrids L24-32 and L24-54 exhibited low bunch compactness along-with resistance to downy mildew and thus will be useful prebreeding material for breeding for loose bunch and bold berries. These progenies will be taken up for detailed evaluation in coming years.

Besides resistance to downy mildew, field planted progenies were also field screened for powdery mildew and anthracnose. Twenty five progenies showed resistance (UPOV rating 1-3) to powdery mildew and 19 for anthracnose.

अंगूर में प्राकृतिक रूप से विरल गुच्छे और बड़ी मणि के लिए प्रजनन

रेड ग्लोब को मादा पैतृक के रूप में प्रयोग कर विरल गुच्छे और बड़ी मणि के लिए क्रॉसिंग की गई। रेड ग्लोब x मांजरी नवीन के 100, रेड ग्लोब x ए18/3 के 100 और रेड ग्लोब x थॉमसन सीडलेस के 115 पुष्पक्रमों को क्रॉस किया गया। 2015-16 के दौरान की गई क्रोसिंग से प्राप्त बीजों में अंकुरण उत्प्रेरित करने के लिए प्रयास किए गए।

अंगूर लता मे अजैविक तनाव प्रतिक्रियाशील ट्रांसक्रिप्शन कारकों का कार्यात्मक प्रमाणीकरण और अभिव्यक्ति की जांच

वर्ष के दौरान यह परियोजना निम्न उद्देश्यों के साथ प्रारंभ की गई (1) अंगूर की लवण तनाव प्रतिक्रियाशील जीन का कार्यात्मक प्रमाणीकरण (2) बहु अजैविक तनाव प्रतिक्रियाशील जीन की पहचान और (3) चुनी गई जीन का अंगूर में क्षणिक अभिव्यक्ति का अध्ययन। अंगूर में लवण तनाव प्रतिक्रिया की आरएनए अनुक्रमण आधारित ट्रांस्क्रिप्टोम विश्लेषण के आधार पर तीन ट्रांसक्रिप्शन कारकों, एपी-ईआरएफ़, एमवाईबी और जीआरएएस वर्ग से एक- एक, को उनके क्रियात्मक प्रमाणीकरण के लिए चुना गया। अंगूर जीनोम अनुक्रमण का विश्लेषण किया गया और इन जीन को पीआरआई 201 और पी कैम्बिया 1305.1 युग्मक वेक्टर में क्लोन करने के लिए प्राइमर तैयार किए गए।

थॉमसन सीडलेस के पत्ती, पर्णवृन्त और बीजांड खंड से कायिक भ्रूणजनिक कैलस प्राप्त करने के लिए एमएस माध्यम में वृद्धि कारकों की विभिन्न संयोजन मात्राओं का प्रयोग किया गया। एमएस माध्यम जिसमें 4.5 माइक्रोमो 2,4डी+1.1 माइक्रोमो बीएपी वृद्धि कारक थे, पर थॉमसन सीडलेस के बीजांड से भ्रूणजनिक कैलस प्राप्त हुआ। इस माध्यम पर कायिक भ्रूण की विभिन्न अवस्थाएँ (चित्र 3) मिलीं।

BREEDING FOR NATURALLY LOOSE BUNCHES AND BOLD BERRIES IN GRAPES

Crossing was carried out for the traits bold berries and loose bunches using common female parent "Red Globe". Three crossing combinations were carried out which were: Red GlobexManjri Naveen (100 inflorescence), Red GlobexA-18/3 (100 inflorescence), Red GlobexThompson Seedless (115 inflorescence). Efforts were made to induce germination to seeds obtained from the crosses carried during 2015-16.

FUNCTIONAL VALIDATION AND EXPRESSION ASSAY OF ABIOTIC STRESS RESPONSIVE TRANSCRIPTION FACTORS GENES IN GRAPEVINE

This project was initiated during the year with the following objectives; (i) To validate functional role of salt stress responsive grape genes, (ii) To identify multiple abiotic stress responsive genes and (iii) To study the transient expression of selected target genes in grape. Based on the RNAseq based transcriptome analysis of salt stress response in grape, three transcription factors one each belonging to AP2-ERF, MYB and GRAS family were selected for their functional validation. The grape genome sequence was used for detailed analysis and primers were designed to clone these genes in pRI201 and pCAMBIA1305.1 binary vectors.

MS media supplemented with different combinations of growth hormones were used for inducing embryogenic callus from leaf, petiole and ovule explants of Thompson Seedless. Embryogenic callus was obtained from ovule explant on MS medium supplemented with 4.5µM 2,4D+1.1µM BAP. Different stages of somatic embryos were obtained on this medium (Figure 3).



चित्र 3: थॉमसन सीडलेस के बीजांड एक्सप्लांट से भ्रूणीय कैली
Figure 3: Embryogenic calli from ovule explant of Thompson Seedless

भौतिक और रासायनिक कारकों द्वारा अंगूर में जीन और गुणन विभिन्नता उत्पन्न करना

यह परियोजना अप्रैल 2016 में निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ अनुमोदित हुई (1) भौतिक और रासायनिक उत्प्रेरकों के प्रयोग से अंगूर में विभिन्नता उत्पन्न करना, (2) अंगूर में चारगुणित अवस्था प्रेरित करना।

थॉमसन सीडलेस की तना कलमों में एथाइल मिथेन सल्फ़ोनेट (ईएमएस) की एलडी$_{25}$ और एलडी$_{50}$ खुराक निर्धारित की गईं। कलमें ईएमएस की विभिन्न सांद्रता जैसे 0, 0.25, 0.50, 0.75, 1.0, 1.25, 1.50, 1.75 और 2% वाले मिश्रण में 16 घंटे के लिए भिगोया गया। उपचारित कलमों को 2-3 बार धो कर नर्सरी में रोपित किया गया। प्रतिशत उत्तरजीविता के आधार पर घातक मात्रा निर्धारित की गई। ईएमएस के लिए एलडी$_{25}$ और एलडी$_{50}$ मात्रा क्रमश: 1.5% और 0.9% पाई गई। (चित्र 4).

इसी प्रकार, थॉमसन सीडलेस की तना कलमों का गामा विकरण की विभिन्न मात्रा (0, 10, 20, 30, 40, 50, 60, 70, और 80 जीवाई) से, भाकृअनुप-भाबाअनुसंस्थान, बेगलुरु में विकिरण किया गया और गामा किरणों की एलडी$_{25}$ और एलडी$_{50}$ मात्रा निर्धारित की गई। एलडी$_{25}$ और एलडी$_{50}$ मात्रा क्रमश: 13 जीवाई और 32 जीवाई दर्ज़ की गई (चित्र 5)।



चित्र 4: थॉमसन सीडलेस की कलमों के लिए ईएमएस की एलडी$_{25}$ और एलडी$_{50}$ मात्रा
Figure 4: LD$_{25}$ and LD$_{50}$ doses of EMS in stem segments of Thompson Seedless

इन विट्रो गुणन विभिन्नता प्रेरित करने के लिए, थॉमसन सीडलेस के *इन विट्रो* कल्चर स्थापित करने और बहु प्ररोह प्रेरण के लिए प्रोटोकॉल विकसित करने के प्रयास किए गए। एमएस माध्यम में बेंजाइल एडिनीन की विभिन्न मात्राओं (0, 2.22, 4.44, 6.66,

CREATING GENE AND PLOIDY VARIATIONS FOR DESIRED TRAITS IN GRAPE USING PHYSICAL AND CHEMICAL AGENTS

The project was approved in April 2016 with the objectives of (1) to create variability in grapes using physical and chemical mutagens, and (2) to induce tetraploidy in grapes.

LD$_{25}$ and LD$_{50}$ doses of Ethyl Methane Sulfonate (EMS) were determined in stem segments of Thompson Seedless. Stem segments were dipped in different concentrations of EMS (0, 0.25, 0.5, 0.75, 1.00, 1.25, 1.50, 1.75 and 2.00%) for 16 hours. Treated stem segments were washed 2-3 times and planted in nursery. Lethal doses were determined based on percent survival. LD$_{25}$ and LD$_{50}$ doses were 1.5% EMS and 0.9% EMS, respectively (Figure 4).

Similarly, LD$_{25}$ and LD$_{50}$ doses of Gamma rays were also determined in stem segments of Thompson Seedless by irradiating stem segments with different gamma ray doses (0, 10, 20, 30, 40, 50, 60, 70 and 80 Gy) at ICAR-IIHR, Bengaluru. LD$_{25}$ and LD$_{50}$ were observed to be 13 Gy and 32 Gy respectively (Figure 5).



चित्र 5: थॉमसन सीडलेस की कलमों में गामा विकिरण की एलडी$_{25}$ और एलडी$_{50}$ मात्रा
Figure 5: LD$_{25}$ and LD$_{50}$ doses of gamma rays in stem segments of Thompson Seedless.

To induce ploidy changes in *in vitro*, attempts were made to establish *in vitro* cultures of Thompson Seedless and to develop appropriate protocol for induction of multiple shoots. Seven media compositions having MS supplemented with different

8.88, 11.10 और 13.32 माइक्रो मो) वाले सात माध्यम संघटन का प्रयोग किया गया। जीवाणु नाशन उपचार के बाद प्रत्येक माध्यम में 50-60 नोडल कटिंग को इनॉक्यूलेट किया गया। अन्य माध्यम के मुक़ाबले एमएस माध्यम + 11 माइक्रोमो बीएपी (33% एक्सप्लांट में प्ररोह प्रेरण) में बेहतर और स्वस्थ प्ररोह प्राप्त हुए। एमएस माध्यम + 6.6 माइक्रोमो बीएपी में हालांकि 52% एक्सप्लांट में प्ररोह प्रेरण हुआ, परंतु इस माध्यम में प्राप्त प्ररोह स्वस्थ नहीं थे। इन माध्यमों पर बहु प्ररोह प्रेरण के लिए 23 दिन लगे। एक महीने के अंतराल पर उप कल्चर करने पर 3 महीने में प्रति *इन विट्रो* प्ररोह से 56-64 प्ररोह प्राप्त हुए (चित्र 6)।

concentrations of benzyl adenine (0, 2.22, 4.44, 6.66, 8.88, 11.10 and 13.32 µM) were used. About 50-60 nodal cutting explants were sterilized and inoculated in each medium. It was observed that response of MS medium + 11 µM BAP (shoot induction in 33% explants) was better for producing healthy shoots than other media. MS medium + 6.6 µM BAP, though induced shoots in 52% explants, the health of developing shoots was poor. It took 23 days for induction of multiple shoots on these media. Through subculturing at monthly interval, 56-64 shoots per *in vitro* shoot were obtained in three months. (Figure 6).



चित्र 6: थॉमसन सीडलैस में एमएस माध्यम+11 माइक्रोमो बीएपी पर *इन विट्रो* प्ररोह प्रेरण
Figure 6: *In vitro* shoot induction in Thompson Seedless on MS medium + 11 µM BAP.

समाप्त परियोजनाएं

अंगूर लता में लवणता प्रतिबल की प्रतिक्रिया का कार्यात्मक विश्लेषण

यह डीबीटी वित्त पोषित परियोजना नवंबर 2012 में (1) प्रतिलेख और प्रोटीओम स्तर पर लवणता तनाव के लिए अंगूर की आणविक प्रतिक्रिया को समझने, (2) अंगूरों में लवण सहिष्णुता की कार्यिकी तंत्र को समझने और लवणता तनाव के प्रति विभिन्न कोशीय प्रतिक्रियाओं की पारस्परिक क्रिया, (3) लवण तनाव के अंतर्गत सायन किस्म में गईं अभिव्यक्ति पर मूलवृंत का प्रभाव का अध्ययन, (4) अंगूर में महत्वपूर्ण लवणता सहिष्णुता जीनों की पहचान, (5) अंगूरों में लवणता सहिष्णुता के लिए कार्यात्मक मार्कर विकसित करने, के उद्देश्यों से शुरू की गई थी। परियोजना मार्च 2016 में पूरी हुई थी। मुख्य उपलब्धियां निम्नलिखित थीं।

COMPLETED PROJECTS

FUNCTIONAL ANALYSIS OF SALINITY STRESS RESPONSE IN GRAPEVINE

This DBT funded project was initiated in November 2012 with the objectives of (i) to understand the molecular response of grapevine to salinity stress at transcript and proteome levels, (ii) to understand the physiological mechanism of salt tolerance in grapes and interaction among different cellular responses to salinity stress, (iii) to study the influence of rootstock on gene expression in scion variety under salinity stress, (iv) to identify promising salinity tolerance genes from grapes, (v) To develop functional markers for salinity tolerance in grapes. The project was completed in March 2016. The following were the major achievements.

1. प्रायौगिक पौध सामग्री, स्वमूलित थॉमसन सीडलेस और 110आर पर कलमित थॉमसन सीडलेस पर उगाई और लवणता उपचार दिये गए। उपचारित और अनुपचारित लताओं से पाँच अलग समयों पर पर्ण और जड़ नमूने लिए गए।

2. तीन दिन के अंतराल पर रूपात्मक और कार्यिकी प्रेक्षण दर्ज़ किए। पादप लंबाई, प्ररोह लंबाई और अंतरग्रंथि दूरी के लिए स्वमूलित और कलमित उपचारित और अनुपचारित लताओं में अंतर देखा गया। कार्यिकी मापदण्डों पर लवणता प्रतिबल का प्रभाव 13 दिन बाद देखा गया।

3. एचपीएलसी पर शर्करा, शर्करा एल्कोहल और कार्बनिक अम्लों के निर्धारण के लिए एचपीएलसी के प्रोटोकॉल का मानकीकरण किया गया। उपचारित और अनुपचारित नमूनों में कार्बनिक अम्ल, शर्करा और शर्करा एल्कोहल का निर्धारण किया गया। स्वमूलित और कलमित लताओं में लवणता प्रतिबल प्रतिक्रिया फलस्वरूप विभिन्न समय बिन्दुओं पर कार्बनिक अम्लों का संचयन और/या विघटन दर्ज़ किया गया। कलमित लताओं के उपचरित नमूनों में शर्करा एल्कोहल डलसीटोल और मेनिटोल का संचयन दर्ज़ किया गया। जबकि कलमित लताओं में लवण स्ट्रेस से प्रोलीन की मात्रा सार्थक रूप से प्रभावित नहीं हुई हालांकि स्वमूलित लताओं में यह मात्रा लवण स्ट्रेस से प्रभावित हुई।

4. कलमित और स्वमूलित लताओं के पर्ण नमूनों में लवणता उपचार प्रतिक्रिया स्वरूप सोडियम और क्लोराइड संचयन का अध्ययन किया गया तथा कलमित और स्वमूलित लताओं के बीच महत्वपूर्ण अंतर पाए गए।

5. विभिन्न समय बिन्दुओं पर उपचारित और अनुपचारित पर्ण और जड़ नमूनों के आरएनए का अनुक्रमण किया गया। अंतरीय जीन अभिविन्यक्ति विश्लेषण से विभिन्न समय बिन्दुओं पर उपचारित नमूनों में 370 अंतरीय अभिव्यक्त जीन की पहचान हुई। लवणता प्रतिबल के 6 घंटे, 24 घंटे और 7 दिन पर अंतरीय अभिव्यक्त जीन (डीईजी) की संख्या क्रमश: 181, 55 और 213 थी। अधिकतर अंतरीय जीन अवस्था विशेष थीं और सिर्फ पाँच जीन की अभिव्यक्ति तीनों समय बिन्दुओं पर परिवर्तित हुई।

6. विभिन्न समय बिन्दुओं की डीईजी का कार्यात्मक वर्गीकरण किया गया। जीन संपन्नता विश्लेषण से पता चला कि सभी समय बिन्दुओं पर ट्रांसक्रिप्शन कारकों से संबन्धित जीओ टर्म की बहुता थी। 370 डीईजी में से 54 ट्रांसक्रिप्शन कारक थे जो विरकी, ईआरईबी, एमवाईबी, एनएसी और बीएचएलएच वर्ग से संबन्धित थे।

1. The experimental plant material both own rooted Thompson Seedless as well as Thompson Seedless grafted on 110R, was raised and salinity treatment was imposed. Leaf and root samples were collected at 5 different time points.

2. Morphological and physiological observations were recorded at three days interval. Significant differences were observed for plant height, shoot length, internodal distance between treated and control plants of own root and grafted vines. Effect of salinity stress on physiological parameters was observed after 13th day of treatment.

3. Protocols for the estimation of sugar alcohols, sugars and organic acids on HPLC were standardized. Organic acids, sugars and sugar alcohols were estimated from control and treated samples. Differences in accumulations and/or degradation of organic acids were observed at different time points in response to salinity stress in own root and grafted vines. Accumulation of sugar alcohols viz. dulcitol and mannitol was observed in treated samples of grafted vines. In case of proline, salt stress did not have significant effect on proline content in grafted vines, whereas content was affected by salt stress in own root vines.

4. The leaf samples of grafted and own rooted vines were analyzed for sodium and chloride accumulation in response to treatment and significant difference were observed between own root and grafted vines.

5. RNA was sequenced from leaf and root of control and treated samples at different time points. Differential gene expression analysis identified 370 differentially expressed genes in treated samples at different time points. The number of differentially expressed genes (DEGs) at 6h, 24h and 7days of stress were 181, 55 and 213 respectively. While several of the genes were stage specific, expression of five genes was altered at all the three sampling time points.

6. DEGs at different time points were functionally categorized. Gene enrichment analysis revealed that GO term/s related to transcription factors were over-represented at all the time points. Among DEGs, 54 were transcription factors belonging to WRKY, EREB, MYB, NAC, BHLH families.

7. डीईजी का क्लस्टर विश्लेषण किया गया और तीन समय बिन्दुओं पर इन जीन का अभिव्यक्ति प्रोफाइल का विश्लेषण किया गया। अनेक प्रतिबल संबन्धित जीन जैसे एलईए, डिहाइड्रिन, एक्सपेनसीन, लेकेस और लिपोक्सिजिनेज, लवणता प्रतिबल देने के 6 घंटे के अंदर ही अप रेगुलेट हो गईं।
8. डीईजी का पाथवे विश्लेषण किया गया और लवणता प्रतिबल के परिणाम स्वरूप प्रभावित मुख्य पाथवे की पहचान की गई। अंतरीय अभिव्यक्त जीन मुख्यत: प्राइमरी और सेकेन्डरी मेटाबोलिज़्म, ट्रांसक्रिप्शन नियंत्रण, हॉरमोन प्रतिक्रिया, विकास और प्रोटीन संश्लेषण से संबन्धित थीं। हॉरमोन से संबन्धित जीन में से एंजाइम 9–सिस इपोक्सि डाइऑक्सीजीनेज़, एलीन ऑक्साइड साइक्लेज़ और एसएएम डिपेंडेंट कार्बोक्सिल मिथाइल ट्रांसफेरेस जो कि क्रमश: एबसीसिक अम्ल, जेसमोनिक अम्ल और सेलिसिलिक अम्ल के जैव संश्लेषण से संबन्धित हैं, लवणता प्रतिबल से प्रभावित हुए।
9. प्रयोग अवस्थाओं के अंतर्गत, क्यूपीसीआर डेटा नोर्मलाइजेशन के लिए उपयुक्त संदर्भ जीन की पहचान के लिए अनेक संदर्भ जीन का परीक्षण किया गया और सर्वाधिक स्थायी संदर्भ जीन की पहचान की गई। स्वमूल नमूनों में एक्टिन और ट्यूबूलिन सर्वाधिक स्थायी जीन थीं जबकि कलमित नमूनों में जीएपीडीएच और ईएफ़1एल्फा सबसे स्थायी संदर्भ जीन थीं।
10. 45 लवण प्रतिबल प्रतिक्रियाशील जीन को रियल टाइम पीसीआर द्वारा पुष्टीकरण के लिए चुना गया और इन जीन के क्यूपीसीआर विश्लेषण के लिए प्राइमर तैयार किए गए। विभिन्न समय बिन्दुओं पर अनुपचारित और उपचारित नमूनों में 10 चुनी हुई जीन की अभिव्यक्ति का विश्लेषण किया गया। विभिन्न समय बिन्दुओं पर स्वमूलित और कलमित लताओं में इन जीन की अभिव्यक्ति में अंतर देखा गया।
11. कुछ चुनी हुई जीन के जीनोमिक अनुक्रमण में माइक्रो सेटेलाइट क्षेत्र की पहचान की गई और प्राइमर तैयार किए गए जिन्हे 16 जीनोटाइप से साथ स्क्रीन करके पोलिमोर्फिक मार्कर की पहचान की गई।
12. विभिन्न समय बिन्दुओं पर 110आर की जड़ के आरएनए अनुक्रमण के *डी नोवो* एसेम्बली और अंतरीय अभिव्यक्ति विश्लेषण से लवण प्रतिबल के 6घंटे, 24घंटे और 7 दिन बाद क्रमश: 633, 652 और 679 जीन की अंतरीय अभिव्यक्ति हुई। विभिन्न समय बिन्दुओं पर सर्वाधिक प्रभावित जीओ टर्म की पहचान की गई।

लवण तनाव प्रतिक्रिया स्वरूप विभिन्न जीनों की अभिव्यक्ति प्रोफाइल के परिणामों के आधार पर, तीन जीन को उनके क्रियात्मक सत्यापन के लिए चुना गया है, ताकि अंगूर में नमक तनाव प्रतिक्रिया

7. Cluster analysis of DEGs was performed and expression profile of these genes across three time points was analyzed. Several stress related genes like LEA, dehydrin, expansin, laccase and lipoxygenase were up-regulated as early as six hours of stress.
8. DEGs were subjected to pathway analysis and key pathways affected due to salinity stress were identified. Differentially expressed genes were mainly involved in primary and secondary metabolism, regulation of transcription, hormone response, development and protein degradation. Among hormone related genes, enzymes 9-cis epoxy dioxygenase, allene oxide cyclase and SAM dependent carboxyl methyltransferase involved in the biosynthesis of abscisic acid, jasmonic acid and salicylic acid respectively were significantly affected by salinity stress.
9. To identify suitable reference genes for qPCR data normalization under our experimental conditions, several reference genes were tested and most stable reference genes were identified. Actin and Tubulin were the most stable genes in own root samples whereas for grafted samples, *GAPDH* and *EF1α* were the most stable reference genes.
10. 45 salt stress responsive genes were selected for real time PCR validation and primers for qPCR analysis were designed for the selected genes. Expression of 10 selected genes was analysed in the leaf samples of control and treated vines at different time points. The expression of these genes varied in own root and grafted vines at different time points.
11. Microsatellite regions were identified in genomic sequence of a few selected genes and primers designed and screened with 16 genotypes and polymorphic markers were identified.
12. *De novo* assembly and differential expression analysis of RNA seq of roots of 110R at different time points identified 633, 652 and 679 differentially expressed transcripts at 6h, 24h and 7 days respectively. The top affected GO terms at different time points were identified.

Based on the results of expression profile of different genes in response to salt stress, three genes have been selected for their functional validation i.e.

में उनकी भूमिका की मात्रा का अध्ययन किया जा सके। क्रियात्मक रूप से सत्यापित जीन सिस-जीनिक विधि का उपयोग कर आनुवंशिक परिवर्तन के माध्यम से एक लवण तनाव सहिष्णु अंगूर किस्म के विकास के लिए उपयोगी होगी। अनेक लवण प्रतिक्रियाशील जीनों में पहचाने गए माइक्रोसेटेलाइट मार्कर लवण सहिष्णुता के लिए मार्कर सहायक प्रजनन के लिए भी उपयोगी होंगे।

क्रियात्मक जीनोमिक्स द्वारा थॉमसन सीडलेस में पुष्पक्रम और मणि दीर्घीकरण अवस्था पर जीए$_3$ अनुप्रयोग प्रतिक्रिया का अध्ययन

यह डीबीटी वित्त पोषित परियोजना जनवरी 2013 में निम्न उद्देश्यों के लिए शुरू की गई थी (1) थॉमसन सीडलेस अंगूर में जीए$_3$ प्रतिक्रिया में शामिल प्रमुख कारकों की पहचान और (2) थॉमसन सीडलेस अंगूर में जीए$_3$ के प्रतिक्रियाशील उम्मीदवार जीनों की पहचान और विश्लेषण। यह परियोजना मार्च 2016 में पूरी हुई। निम्नलिखित महत्वपूर्ण परिणाम थे:

1. डोगरिज मूलवृंत पर कलमित थॉमसन सीडलेस की प्रक्षेत्र में लगी लताओं का चुनाव किया गया और फल-गुच्छ विकास के विभिन्न चरणों (पुष्पक्रम, पुष्प-गुच्छ और 3-4 मिमी मणि) पर जीए$_3$ की विभिन्न मात्राओं का उपचार दिया।
2. रूपात्मक प्रेक्षण जैसे पुष्पक्रम की लंबाई, रेचिला की संख्या, दो रेचिला के मध्य अंतर-ग्रंथि दूरी, मणि व्यास, मणि लंबाई और 100 मणि वजन आदि दर्ज़ किए गए और उपचारित और अनुपचारित लताओं में सार्थक अंतर देखे गए।
3. एचपीएलसी पर हॉरमोन, कार्बनिक अम्ल, शुगर और अमीनो अम्ल के विश्लेषण के लिए विधियों का मानकीकरण किया गया।
4. विभिन्न उत्तकों जैसे पुष्प-गुच्छ, बौर अवस्था के गुच्छे और 3-4 मिमी आकार की मणि, से आरएनए निष्कर्षण का प्रोटोकॉल का मानकीकरण किया गया।
5. उपचार के 6, 24 और 48 घंटे पश्चात विभिन्न चरणों के नमूने लिए गए। प्रत्येक चरण के 6 और 24 घंटे समय बिन्दु के आरएनए का पूर्ण ट्रांस्क्रिप्टोम विश्लेषण के लिए अनुक्रमण किया गया। ट्रांस्क्रिप्टोम विश्लेषण से पुष्पक्रम, पुष्प-गुच्छ और मणि चरणों पर जीए$_3$ उपचार के प्रतिक्रिया स्वरूप बड़ी संख्या में अप और डाउन रेगुलेटेड जीन की पहचान हुई। जीए$_3$ उपचार के प्रतिक्रिया स्वरूप 733 जीन की अंतरीय अभिव्यक्ति हुई। पुष्पक्रम में 6 और 24 घंटे पर डीईजी की संख्या क्रमश: 126

to study the extent of their role in salt stress response in grape. A functionally validated gene will be useful for developing salt tolerant grape variety through genetic transformation using cis-genic approach. Also the microsatellite markers identified in several salt responsive genes will be useful for marker assisted breeding for salt tolerance.

UNDERSTANDING THE RACHIS AND BERRY ELONGATION IN RESPONSE TO GA$_3$ APPLICATION IN THOMPSON SEEDLESS GRAPES USING FUNCTIONAL GENOMICS APPROACH

This DBT funded project was initiated in January 2013 with the objectives of (i) to identify the key factors involved in GA$_3$ response in Thompson Seedless grapes and (ii) to identify and analyse GA$_3$ responsive candidate genes in Thompson Seedless grapes. The project was completed in March 2016. The following were the significant results:

1. Field grown vines of Thompson Seedless grafted on Dogridge rootstock were selected and treatments of different GA$_3$ concentration at different stages of cluster development (rachis, flower cluster and 3-4 mm berry) were imposed.
2. Morphological characters (length of rachis, no. of rachillae, internodal distance between rachillae, berry diameter, berry length and 100 berry weights) were recorded and significant differences were observed between treated and control vines.
3. Methods for analysis of hormones, organic acids, sugars and amino acids on fast HPLC were developed.
4. Protocols were standardized for extraction of RNA from different tissues such as panicles, full bloom stage clusters and from young berries of 3-4 mm stage.
5. Samples were collected at different stages at 6 hours, 24 hours and 48 hours after treatment. RNA from 6h and 24h time points from each stage were sequence for whole transcriptome analysis. Transcriptome analysis of rachis, flower cluster and berry identified large number of up and down-regulated genes in response to GA$_3$ treatment. A total of 733 genes were differentially expressed in response to GA$_3$ treatment. In rachis, the number

और 20 थी। पुष्प–गुच्छ में 6 और 24 घंटे पर क्रमश: 264 और 45 जीन की अंतरीय अभिव्यक्ति और मणि में 6 और 24 घंटे पर क्रमश: 174 और 191 डीईजी की पहचान की गई।

6. तीन चरणों पर जीए$_3$ ने अलग जीन सेट का न्यूनाधिकरण किया और विभिन्न चरणों पर सिर्फ कुछ ही जीन समान थीं। पुष्पक्रम और पुष्प–गुच्छ चरणों मे 10 जीन, पुष्पक्रम और मणि के बीच 15 जीन और पुष्प–गुच्छ और मणि के बीच 15 जीन समान थीं। सिर्फ एक जीन सभी चरणों में समान थी।

7. प्रत्येक चरण पर प्राप्त डीईजी का क्रियात्मक वर्गिकरण किया गया और प्रत्येक चरण पर मुख्य जीओ टर्म की पहचान की गई। कुल 67 जीए$_3$ प्रतिक्रियाशील ट्रांसक्रिप्शन कारकों की अंतरीय अभिव्यक्ति हुई। 12, 17 और 34 ट्रांसक्रिप्शन कारक जीन क्रमश: पुष्पक्रम, पुष्प–गुच्छ और मणि चरणों के लिए विशिष्ट थीं।

8. डीईजी का पाथवे विश्लेषण भी किया गया। पुष्पक्रम चरण पर, स्टार्च और सुक्रोज़ मेटाबोलिज़्म सर्वाधिक महत्वपूर्ण पाथवे थे। अन्य महत्वपूर्ण पाथवे सेकेन्डरी मेटाबोलिज़्म से संबन्धित थे। पुष्प गुच्छ चरण पर सेस्क्यूटर्पिनोइड और ट्राईटर्पिनोइड संश्लेषण पाथवे सर्वाधिक महत्वपूर्ण थे। मणि चरण पर, अनेक पाथवे जैसे एंडोप्लाज़्मिक रेटीकुलेटम में प्रोटीन प्रोसेसिंग, ग्लूटाथिओन मेटाबोलिज़्म और पादप हॉरमोन सिग्नल ट्रांसडक्शन महत्वपूर्ण थे।

9. प्रयोग अवस्थाओं के अंतर्गत, क्यूपीसीआर डेटा नोर्मलाइजेशन के लिए उपयुक्त संदर्भ जीन की पहचान के लिए अनेक संदर्भ जीन का परीक्षण किया गया और सर्वाधिक स्थायी संदर्भ जीन की पहचान की गई। पीपी2ए और सुतरा, पुष्पक्रम चरण पर, पीपी2ए और सैंड पुष्प गुच्छ चरण पर और सैंड और सुतरा मणि चरण पर स्थायी संदर्भ जीन थीं।

10. 21 क्रमरहित तरीके से चुनीं गईं डीईजी के अभिव्यक्ति का रियल टाइम पीसीआर द्वारा पुष्टीकरण किया गया। अधिकतर जीन के अभिव्यक्ति पैटर्न में चरणवार और समय बिन्दुवार विभिन्नता दर्ज़ की गई। जब आरएनए अनुक्रमण और क्यूपीसीआर आंकड़ों का सभी जीन और नमूनो के लिए तुलनात्मक विश्लेषण किया तो आरटी–पीसीआर और आरएनए अनुक्रमण आंकड़ों में सकारात्मक सहसंबंध (आर^2 = 0.81) पाया गया।

11. विभिन्न फसलों से जीए$_3$ प्रतिक्रियाशील जीन की पहचान के लिए साहित्य और पब्लिक डेटाबेस ढूंढा गया और 10 जीन का चयन किया गया।

of DEGs was 126 and 20 respectively at 6 and 24h of GA$_3$ application; in cluster 264 and 45 genes were differentially expressed respectively at 6 and 24h whereas in berries 174 and 191 DEGs were identified at 6 and 24h respectively.

6. A separate set of genes was modulated by GA$_3$ at three stages, only a few genes were common among different stages. 10 genes were common between rachis and cluster stages, 17 genes were common between rachis and berry and 15 genes were common between flower cluster and berries. Only one gene was common across all stages.

7. DEGs at each stage were functionally categorized and major terms at each stage were identified. A total of 67 differentially expressed GA$_3$-responsive transcription factors (TFs) were identified. 12, 17 and 34 TF genes were specific to rachis, flower cluster and berry stages respectively.

8. DEGs were also subjected to pathway analysis. At rachis stage, starch and sucrose metabolism was the most significant pathway. Other significant pathways were those related to secondary metabolites. At flower cluster stage, sesquiterpenoid and triterpenoid biosynthesis pathway were the most significant. At berry stage, pathways like protein processing in endoplasmic reticulum, glutathione metabolism and plant hormone signal transduction were significant.

9. To identify suitable reference genes for qPCR data normalization under our experimental conditions, several reference genes were tested and most stable reference genes were identified. The most stable reference genes were PP2A and Sutra at rachis, PP2A and SAND at flower cluster and SAND and Sutra at berry stage.

10. The expression of 21 randomly selected DEGs was validated using Real Time PCR. Stage-wise and time-point-wise differences in expression pattern was observed for most of the genes. When considering comparison of RNA seq and qPCR data across all genes and samples, a positive correlation (R^2 = 0.81) was found between the RT-PCR and RNA-Seq data.

11. Literature and public databases were searched for the identification of GA$_3$ responsive genes from different crops and 10 genes reported for their role in GA response in other crops were selected.

12. अनुक्रमण अनुरूपता के आधार पर, चुनी गई जीन के लिए अंगूर जीनोम अनुक्रम की पहचान की गई। जीन प्रिडीक्शन मॉडल द्वारा अंगूर में सम्पूर्ण जीन का प्रिडीक्शन किया। चुनी हुई जीन का अभिव्यक्ति विश्लेषण विभिन्न चरणों के हॉरमोन उपचरित और अनुपचारित नमूनों में किया और अंतरीय अभिव्यक्ति दर्ज़ की गई।
13. पाँच जीनोटाइप जैसे मंजरी नवीन, रेड ग्लोब, फैंटासी सीडलेस, केबरने सौवीनों और सौवीनों ब्लाँ, जिनमें जीए$_3$ अनुप्रयोग की अलग-अलग प्रातक्रिया मिलती है, को जीए$_3$ प्रतिक्रियाशील जीन की अभिव्यक्ति के पुष्टीकरण के लिए चुना गया। इन जीनोटाइप में 10 जीन का अभिव्यक्ति विश्लेषण किया गया और अंतरीय अभिव्यक्ति दर्ज़ की गई।
14. 10 जीन में पोलिमोर्फिक माइक्रोसेटेलाइट प्राइमर की पहचान की और उनका विभिन्न गुच्छ सघनता वाले 24 जीनोटाइप मे विश्लेषण किया।

चयनित जीनों में पहचाने गए पॉलीमोर्फ़िक माइक्रोसैटेलाइट मार्कर विरल गुच्छा और बोल्ड मणि के लिए मार्कर सहायक प्रजनन के लिए बहुत उपयोगी होंगे। अंतरीय व्यक्त जीनों के क्रोमोसोमल स्थिति पर डेटा का उपयोग गुच्छ आर्किटेक्चर के लिए एसोसिएशन मैपिंग और/या क्यूटीएल मैपिंग द्वारा क्यूटीएल की पहचान के लिए जीनोम व्यापक विश्लेषण के लिए किया जाएगा।

12. Based on the sequence homology, grape genome regions coding for these genes were identified. Gene prediction models were used to predict full length genes in grape. Expression of selected candidate genes was analysed in different stages of hormone treated and control vines and differential expression was obtained.
13. Five differentially responsive grape genotypes such as Manjri Naveen, Red Globe, Fantasy Seedless, Cabernet Sauvignon and Sauvignon Blanc were selected for validation of GA_3 responsive genes. Expression of 10 genes was analysed in these genotypes and differential expression was observed.
14. Polymorphic microsatellite primers were identified for 10 genes and they were analysed in 24 genotypes with varying bunch compactness.

The polymorphic microsatellite markers identified in selected genes will be very useful for marker assisted breeding for loose bunch and bold berries. Also data on chromosomal location of differentially expressed genes will be used for genome wide analysis for identification of QTLs for bunch architecture using association mapping and/or QTL mapping using a segregating population.

III. अंगूर में गुणवत्ता, उत्पादकता बढ़ाने और स्थायित्व के लिए उत्पादन तकनीकों का विकास और शोधन

III. DEVELOPMENT AND REFINEMENT OF PRODUCTION TECHNOLOGIES FOR ENHANCING QUALITY, PRODUCTIVITY AND SUSTAINABILITY IN GRAPE

अंगूर (विटिस स्पीसीज़) मूलवृन्तों के सूक्ष्म प्रवर्धन हेतु प्रोटोकॉल का मानकीकरण

इस परियोजना का उद्देश्य सूक्ष्म प्रवर्धन के माध्यम से अंगूर मूलवृन्तों का त्वरित वृद्धि हेतु प्रोटोकॉल विकसित करना है। डोगरिज और 110आर की पार्श्व-कलिका कलम और नोडल कलमों को सतही जीवाणु-नाशन के पश्चात एमएस माध्यम जिसमें 6-बीएपी क्रमश: 0.5, 1.0, 1.5, 2.0, 2.5, 3.0 और 3.5 मिग्रा/ली की विभिन्न सांद्रतायें थीं, पर इनोकुलेट किया गया। 3.5 मिग्रा/ली 6-बीएपी के साथ एमएस माध्यम पर डोगरिज की एकल नोडल कालिका में बहु शाखा प्रेरण हुआ।

STANDARDIZATION OF PROTOCOL FOR MICRO PROPAGATION IN GRAPE *(VITIS SP.)* ROOTSTOCKS

The objective of this project is to develop a protocol for rapid multiplication of rootstocks through micro propagation. Axillary-bud cuttings and nodal cuttings with single buds of Dogridge and 110R were surface sterilized and inoculated on MS medium with different concentrations of 6- BAP viz. 0.5, 1.0, 1.5, 2.0, 2.5 and 3.0 mg/l. Multiple shoots induction was obtained from single bud nodal cuttings of Dogridge on MS medium supplemented with 3.5 mg/l 6-BAP.



चित्र 7: डोग्रिज रूटस्टॉक के नोडल कलमों से एकाधिक शूट प्रेरण
Figure 7: Multiple shoot induction from nodal cuttings of Dogridge rootstock

भारत के पुणे क्षेत्र में उगाए जाने वाले कैबर्नें सौवीनों अंगूर की वृद्धि, उपज, फल रचना और वाइन की गुणवत्ता के लिए मूलवृन्तों का आंकलन

आठ विभिन्न मूलवृन्तों (110आर, 101.14एमजीटी, एसओ4, ग्रेवसैक, फरकाल, 1103पी, 140 आरयू तथा डोगरिज) पर कलमित कैबर्नें सौवीनों, एक लाल वाइन की किस्म, का चौथे वर्ष उपज, फल गुणवत्ता तथा वाइन गुणवत्ता के लिए आंकलन किया गया। 23.5 से 24.50 ^{0}ब्रिक्स टीएसएस प्राप्त होने पर विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित कैबर्नें सौवीनों अंगूरों को काटा गया। कायिक वृद्धि, कार्यिकी मापदंडों, गुच्छा उपज और गुणवत्ता मानकों तथा वाइन की गुणवत्ता पर अवलोकन दर्ज किये गये। वाइन का ओर्गेनोलेप्टिक परीक्षण भी किया गया। दर्ज किए गए आंकड़ों के आधार पर 1103पी तथा 110आर मूलवृंत पर कलमित लताओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। (तालिका 8)

ताजा तथा वाइन अंगूर की वृद्धि, उपज और फल संयोजन के लिए मूलवृन्तों का आंकलन

ताजा अंगूर

फेंटासी सीडलैस

तीन विभिन्न मूलवृन्तों (140आरयू, डोगरिज और 110आर) पर कलमित फेंटासी सीडलैस लताओं का आंकलन फेंटासी सीडलैस की स्वमूलित लताओं के साथ वृद्धि, उपज और गुणवत्ता मानकों के लिए किया गया। यह प्रयोग का तीसरा वर्ष था।

EVALUATION OF ROOTSTOCKS FOR GROWTH, YIELD, FRUIT COMPOSITION AND WINE QUALITY OF CABERNET SAUVIGNON GRAPES GROWN IN PUNE REGION OF INDIA

Cabernet Sauvignon, a red wine variety grafted on eight different grape rootstocks (110R, 101.14MGT, SO4, Gravesac, Fercal, 1103 P, 140Ru and Dogridge) was evaluated for fourth year for yield, fruit quality and wine parameters. The grapes from Cabernet Sauvignon grafted on different rootstocks were harvested after attaining TSS of about 23.5 to 24.5^{0}B. The observations were recorded on vegetative growth, physiological parameters, bunch yield and quality parameters and wine quality. The wine was also subjected to organoleptic test. On the basis of recorded data it is found that vines grafted on 1103P and 110R rootstock performed better (Table 8).

EVALUATION OF ROOTSTOCKS FOR GROWTH, YIELD AND FRUIT COMPOSITION OF TABLE AND WINE GRAPES

Table grapes

Fantasy Seedless

Fantasy Seedless grapevines grafted on three different rootstock (140Ru, Dogridge and 110R) were evaluated along with own rooted Fantasy Seedless vines for growth, yield and quality parameters. This was the third year of experiment.

तालिका 8: विभिन्न मूलवृन्तों पर कैबर्नें सौविनों का प्रदर्शन

Table 8: Performance of Cabernet Sauvignon on different rootstocks

मूलवृंत Rootstocks	छंटाई भार (किग्रा) Pruning weight (kg)	स्फुटन के लिए दिनों की संख्या No. of days taken to sprout	औसत पर्ण क्षेत्रफल Avg. leaf area (cm^2)	औसत गुच्छा वजन (ग्रा) Avg. bunch weight (g)	गुच्छा संख्या/लता No. of bunches/ vine	तुड़ाई के लिए दिन Days to harvest	उपज/ लता (किग्रा) Yield/ vine (kg)
फरकाल/ Fercal	1.54	10.75	81.85	73.20	43.50	160.00	3.20
डॉगरीज/ Dogridge	0.91	12.25	53.02	87.10	39.65	154.00	3.75
एसओ4/ SO4	0.92	10.25	55.98	60.71	50.60	152.00	3.68
110आर/ 110R	1.56	11.50	71.66	65.50	51.75	160.00	3.57
ग्रेवसैक/ Gravasec	0.99	9.75	78.95	75.90	40.25	152.00	3.35
1103पी/ 1103P	1.38	11.50	56.93	78.85	53.50	154.00	4.20
101.14एमजीटी/ 101.14MGT	0.95	12.25	64.63	75.35	38.51	154.00	3.10
140आरयू/ 140Ru)	1.01	12.25	76.21	90.00	46.05	154.00	4.50
सीवी/ CV	25.30	6.21	16.21	2.81	6.00	0.46	2.74
एलएसडी/ LSD (p=0.05)	0.70	1.67	25.91	5.05	6.47	1.68	0.24
सार्थकता/ Significance	**	**	**	**	**	**	**

विभिन्न मूलवृन्तों में, 110आर पर कलमित लताओं ने अधिकतम फलगुच्छे (31.5) पैदा किए जिसका अनुसरण 140आरयू (28.1) ने किया जबकि स्वमूलित लताओं में सबसे कम संख्या में गुच्छों (19.0) का उत्पादन हुआ (तालिका 9)। डोगरिज पर कलमित लताओं में औसत फलगुच्छा वजन (368.81 ग्रा) सबसे अधिक था जबकि स्वमूलित लताओं में न्यूनतम (256.36 ग्रा) था।

डोगरिज पर कलमित लताओं में सौ मणि वजन (295.20 ग्रा) भी सबसे ज्यादा था। 110आर पर कलमित लताओं में उच्च उपज 10.75 किग्रा/लता दर्ज की गई, उसके बाद 140आरयू (10.55 किग्रा/लता) में दर्ज की गई, जबकि स्वमूलित लताओं में सबसे कम उपज 5.64 किग्रा/लता दर्ज की। 110आर पर कलमित लताओं में उच्चतम उपज अधिकतम गुच्छा प्रति लता की संख्या के कारण थी।

मणि गुणवत्ता मानकों के लिए दर्ज आंकड़ों से विभिन्न मूलवृन्तों के बीच महत्वपूर्ण अंतर मिला। डोगरिज पर कलमित लताओं में मणि व्यास अधिकतम (17.1 मिमी) था, जिसका अनुसरण 140आरयू पर कलमित लताओं ने किया (17.0 मिमी) जबकि स्वमूलित लताओं में

Among the different rootstocks, the vines grafted on 110R rootstock produced the highest number of bunches (31.5) followed by 140Ru (28.1) while own rooted vines produced significantly least number of bunches (19.0) (Table 9). Average bunch weight was the highest in vines grafted on Dogridge (368.81 g) and the minimum in own rooted vines (256.36 g).

Hundred berry weight was also the highest in vines grafted on Dogridge (295.20 g). However, the vines grafted on 110R recorded higher yield of 10.75 kg/vine followed by 140Ru (10.55 kg/vine) while own rooted vines recorded lowest yield of 5.64 kg/vine. The higher yield in 110R grafted vine was mainly due to higher number of bunches per vine.

The data recorded for berry quality parameters showed the significant differences among the different rootstocks. Berry diameter was maximum in Dogridge grafted vines (17.1 mm) followed by 140Ru grafted vines (17.0 mm) while own rooted vines exhibited the

तालिका 9: फैंटासी सीडलेस की उपज और गुणवत्ता पर मूलवृंत का प्रभाव

Table 9: Eefect of rootstocks on yield and quality parameters of Fantasy Seedless

मूलवृंत Rootstocks	छंटाई भार (किग्रा) Pruning weight (kg)	गुच्छा संख्या/लता No. of bunches/ vine	उपज/लता (किग्रा) Yield/ vine (kg)	औसत गुच्छा वजन (ग्रा) Avg. bunch weight (g)	मणि व्यास (मिमी) Berry diameter (mm)	टीएसएस (°ब्रि) TSS (°B)	अम्लता (ग्रा/ली) Acidity (g/l)
140आरयू/ 140Ru	1.30	28.08	10.55	364.98	17.02	18.04	5.20
डोगरिज/ Dogridge	1.44	26.44	9.91	368.81	17.10	17.96	5.55
110आर/ 110R	1.27	31.46	10.75	329.76	16.16	17.76	5.53
स्वमूल/ Own root	0.93	19.04	5.64	256.36	16.08	17.82	5.53
सीवी/ CV	28.35	17.04	2.02	2.03	0.52	1.25	1.90
एलएसडी/ LSD	0.66	8.40	0.35	12.52	0.16	0.42	0.19
पी मात्रा/ p value	0.3431	0.0386	0.0001	0.0001	0.0001	0.2301	0.0001

न्यूनतम मणि व्यास 16.1 मिमी देखा गया। 140आरयू पर कलमित लताओं में उच्च टीएसएस (18.04 °ब्रि) पाया गया, जिसके बाद डोगरिज पर कलमित (17.96 °ब्रि) और स्वमूलित (17.82 °ब्रि) लताएँ थीं। ये परिणाम पिछले सालों के परिणाम के अनुसार ही हैं।

रेड ग्लोब

डोगरिज, सॉल्टक्रीक, 140आरयू और 110आर पर कलमित रेड ग्लोब अंगूर लताओं का स्वमूलित लताओं के साथ वृद्धि, उपज और गुणवत्ता संबंधी मापदंडों के लिए आंकलन किया गया। विभिन्न कायिक, उपज और गुणवत्ता के मानकों पर दर्ज आंकड़ों (तालिका 10) के आधार पर यह पाया गया है कि 110आर और डोगरिज पर कलमित रेड ग्लोब ने बेहतर प्रदर्शन किया। फलगुच्छा प्रति लता के लिए मूलवृन्तों में सार्थक अंतर था। 110आर पर कलमित लताओं ने अधिकतम फलगुच्छा संख्या (22.70) के साथ स्वमूलित लताओं (9.47) की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। डोगरिज मूलवृंत पर कलमित लताओं ने अधिकतम औसत गुच्छा वजन (982 ग्रा) और 100 मणि वजन (652 ग्रा) का उत्पादन किया। उपज 110 आर पर कलमित लताओं में अधिकतम उपज (16.60 किग्रा) थी।

lowest berry diameter of 16.1 mm. The vines grafted on 140Ru exhibited higher TSS (18.04 °B) followed by Dogridge (17.96 °B) and own roots (17.82 °B). These results are in accordance with last years' results.

Red Globe

Red Globe grapevines grafted on Dogridge, Salt Creek, 140Ru and 110R along with own rooted vines were evaluated for growth, yield and quality related parameters. Data recorded on various vegetative, yield and quality parameters (Table 10) indicated that Red Globe grafted on 110R and Dogridge performed better. The rootstocks varied significantly for bunches per vine. The 110R grafted vines performed better for number of bunches (22.70) as compared to the lowest on own rooted vines (9.47). The vines grafted on Dogridge rootstock produced significantly higher average bunch weight (982 g) and 100 berry weight (652 g) while vines grafted on 110R resulted in significantly higher yield (16.60 kg).

तालिका 10: विभिन्न मूलवृन्तों पर रेड ग्लोब का प्रदर्शन

Table 10: Performance of Red Globe on different rootstocks

मूलवृंत Rootstocks	छंटाई भार (किग्रा) Pruning weight (kg)	गुच्छा संख्या/ लता No. of bunches/ vine	औसत पर्ण क्षेत्रफल Avg. leaf area	उपज/ लता (किग्रा) Yield/ vine (kg)	औसत गुच्छा वजन (ग्रा) Avg. bunch weight (g)	100 मणि वजन (ग्रा) 100 berry weight (g)	मणि व्यास (मिमी) Berry diameter (mm)	टीएसएस (°ब्रि) TSS (°B)	अम्लता (ग्रा/ ली) Acidity (g/l)	तुड़ाई के लिए दिन Days to harvest
डोगरिज/ Dogridge	1.71	16.82	79.87	15.77	982.00	590.00	22.66	18.12	5.50	160.00
साल्ट क्रीक/ Salt creek	1.65	16.52	87.59	14.69	910.00	550.00	22.02	18.72	5.46	160.00
140आरयू/ 140Ru	1.41	12.39	66.62	10.03	845.00	612.60	20.50	19.06	5.50	145.00
110आर/ 110R	1.55	22.70	67.33	16.60	750.00	652.00	20.30	19.08	5.62	142.00
स्वमूल/ Own root	1.12	9.47	72.86	6.76	672.00	542.40	20.00	19.02	5.40	155.00
सीवी/ CV	1.98	3.89	16.97	1.48	0.79	1.43	0.49	1.13	2.42	0.66
एलएसडी/ LSD	0.06	1.18	24.61	0.37	12.67	16.38	0.20	0.41	0.26	1.94
पी मात्रा/ P value	0.0001	0.0001	0.133	0.0001	0.0001	0.0001	0.0001	0.0001	0.3665	0.0001

वाइन अंगूर

सौवीनों ब्लाँ

सौवीनों ब्लाँ, सफेद वाइन की एक किस्म को सात विभिन्न मूलवृन्तों (एसओ4, 1103पी, 110आर, डोगरिज, सॉल्टक्रीक, फरकाल और 140आरयू) पर कलमित करके कायिक वृद्धि मापदंडों, गुच्छा और मणि गुणवत्ता वाले मानकों, उपज और वाइन की गुणवत्ता के लिए दूसरे वर्ष के दौरान अध्ययन किया गया। उपज, गुणवत्ता एवं अंगूरों की जैव रासायनिक संरचना को ध्यान में रखते हुए, 110-आर और फरकाल पर कलमित पर सौवीनों ब्लाँ ने दूसरे वर्ष के अध्ययन के दौरान अन्य मूलवृन्तों की अपेक्षा बेहतर प्रदर्शन किया।

Wine grapes

Sauvignon Blanc

Sauvignon Blanc, a white wine variety grafted on seven different rootstocks (SO4, 1103P, 110R, Dogridge, Salt Creek, Fercal and 140Ru) was evaluated for vegetative growth parameters, bunch and berry quality parameters, yield and also for wine quality during the second year of study. Considering the yield, quality and biochemical composition of grape berries, Sauvignon Blanc grafted on 110R and Fercal performed better than other rootstock during the second year of study.

140आरयू पर कलमित लताओं में निम्नतम गुच्छ संख्या/लता (40.3) थी, जबकि फरकाल पर कलमित लताओं में अधिकतम (51.1) थी (तालिका 11)। औसत गुच्छा का वजन साल्ट क्रीक में अधिकतम (135.75 ग्रा) था, जबकि एसओ4 और 140आरयू पर कलमित लताओं में न्यूनतम 110 ग्राम वजन दर्ज किया गया। 1103पी, फरकाल और 110आर पर कलमित लताओं में उच्च पैदावार क्रमशः 6.92 किग्रा, 6.80 किग्रा और 6.70 किग्रा दर्ज की गई।

The minimum number of bunches/vine was obtained in vines grafted on 140Ru (40.3) whereas the highest bunches/vine were recorded on the vines grafted on Fercal (51.1) (Table 11). Average bunch weight was the highest in vines grafted on Salt Creek (135.75g) while the lowest bunch weight of 110 g was recorded in SO4 and 140Ru grafted vines. The vines grafted on 1103P, Fercal and 110R recorded higher yields of 6.92 kg, 6.80 kg and 6.70 kg respectively.

तालिका 11: विभिन्न मूलवृन्तों पर सौवीनों ब्लाँ का प्रदर्शन

Table 11: Performance of Sauvignon Blanc on different rootstocks

मूलवृंत Rootstocks	गुच्छा संख्या/लता No. of bunches/ vine	उपज/लता (किग्रा) Yield/ vine (kg)	औसत गुच्छा वजन (ग्रा) Average bunch weight (g)	मणि संख्या/गुच्छा No. of berries/ bunch	100 मणि वजन (ग्रा) 100 berry weight (g)
डोगरिज/ Dogridge	47.45	6.10	128.00	125.00	93.00
साल्ट क्रीक/ Salt Creek	47.85	6.45	135.75	130.00	99.00
फरकाल/ Fercal	51.10	6.80	132.00	100.00	127.00
140आरयू/ 140Ru	40.30	4.50	110.00	114.00	90.00
एसओ4/ SO4	40.45	4.66	110.00	98.00	110.00
1103पी/ 1103P	50.95	6.92	128.10	148.00	105.00
110आर0/ 110R	50.70	6.70	125.00	98.00	120.00
सीवी/ CV	16.75	2.74	1.55	1.75	1.61
एलएसडी/ LSD	18.38	0.38	4.20	4.74	3.99
पी मात्रा/ P value	0.4778	0.0001	0.0001	0.0001	0.0001

विभिन्न मूलवृंत पर कलमित सौवीनों ब्लाँ की लताओं में फलों के संयोजन में सार्थक भिन्नता थी (तालिका 12)। टीएसएस में विविधता 23.9 9 °ब्रिक्स (1103पी) से 24.25 °ब्रिक्स (140आरयू) तक सार्थक थी। रस में अम्लता 5.10 (डॉगरिज) से लेकर 5.99 (110आर) तक थी जिसे वाइन तैयार करने के लिए इष्टतम माना जाता है।

रस में वाष्पशील अम्ल 0.11 (फरकाल) से 0.16 (1103पी) ग्रा/ली तक थे। रस का पीएच वाइन बनाने हेतु सिफारिश की सीमा के भीतर 3.22 (डॉगरिज) से 3.55 (फरकाल) था।

Sauvignon Blanc vines grafted on different rootstocks differed significantly for fruit composition also (Table 12). The TSS varied significantly from 23.99°B (1103P) to 24.25°B (140Ru). The acidity in juice ranged from 5.10 (Dogridge) to 5.99 (110R) which was considered as optimum for wine preparation.

The volatile acids in juice ranged from 0.11 (Fercal) to 0.16 g/l (1103P). The pH of juice was within the recommended limit of wine preparation and ranged from 3.22 (Dogridge) to 3.55 (Fercal).

तालिका 12: विभिन्न मूलवृन्तों पर कलमित सौवीनों ब्लाँ के जूस की संरचना

Table 12: Juice composition of Sauvignon Blanc grafted on different rootstocks

मूलवृंत Rootstocks	टीएसएस (°ब्रि) TSS (°B)	अम्लता (ग्रा/ली) Acidity (g/l)	वाष्पशील अम्लता (ग्रा/ली) VA (g/l)	जूस पीएच Juice pH	फिनोल (मिग्रा/ग्रा) Phenols (mg/g)
डोगरिज/ Dogridge	24.21	5.10	0.15	3.22	0.75
साल्ट क्रीक/ Salt Creek	24.00	5.56	0.13	3.34	0.75
फरकाल/ Fercal	23.90	5.42	0.11	3.55	0.72
140आरयू/ 140Ru	24.25	5.47	0.14	3.45	0.72
एसओ4/ SO4	24.14	5.32	0.14	3.46	0.70
1103पी/ 1103P	23.99	5.52	0.16	3.48	0.72
110आर/ 110R	24.16	5.99	0.12	3.40	0.75
सीवी/ CV	0.22	0.45	5.33	0.38	7.87
एलएसडी/ LSD	0.12	0.07	0.02	0.03	0.13
पी मात्रा/ P value	0.0001	0.0001	0.0001	0.0001	0.8533

वाइन अंगूरों में गुणीय उपज वृद्धि के लिए कृषि क्रियाओं का मानकीकरण

कैबर्नें सौवीनों अंगूरों की वाइन गुणवत्ता के संबंध में रोपण सघनता का मानकीकरण

कैबर्नें सौवीनों लताओं को 110आर मूलवृंत पर कलमित और मिनी वाई प्रशिक्षण सिस्टम के साथ तैयार किया गया। तीन अलग-अलग रोपण सघनताओं 2722, 1815 और 1361 लता/एकड़ में लताओं को लगाया गया। कायिक वृद्धि, उपज तथा फल संरचना के लिए अवलोकन दर्ज किए गए एवं वाइन गुणवत्ता दर्ज की गईं। तालिका 13 में आंकड़ों से पता चला है कि 1361 लता/एकड़ में छंटाई जैवघन सबसे अधिक (0.60 किग्रा/बेल) था जबकि निम्नतम (0.44 किग्रा/लता) सबसे घने रोपण में था। कम घनत्व पर रखी गई लताओं में फलत छंटाई के बाद स्फुटन अगेती (11.27 दिन) हुआ। 1,161 लता/एकड़ सघनता में फलगुच्छ संख्या/एकड़ उच्चतम (51.29) दर्ज की गई, इसके बाद 1815 लता/एकड़ (41.14) और 2722 लता/एकड़ (36.29) में दर्ज की गईं। उच्च घनत्व पर रोपित लताओं में औसत गुच्छा वजन और 100 मणि वजन अधिकतम था। उच्चतम उपज 1361 लता/एकड़ में प्राप्त की गयी और 2722 लता/एकड़ उपचार में सबसे कम उपज थी। टीएसएस मात्रा में इसी प्रकार की प्रवृत्ति देखी गई।

STANDARDIZATION OF CULTURAL PRACTICES TO INCREASE QUALITY YIELD OF VINE GRAPES

Standardization of planting density in relation to wine quality in Cabernet Sauvignon grapes

The vines of Cabernet Sauvignon were grafted on 110R rootstock and trained to mini Y system of training. The vines are planted at three different planting densities viz. 2722, 1815 and 1361 vines/acre. The observations for vegetative growth parameters, yield and fruit composition were recorded. The data in table 13 revealed that the pruned biomass was highest in 1361 vines/ac (0.60 kg/vine) and the lowest in densely populated vines (0.44 kg/vine). After fruit pruning, the vines maintained at low density sprouted early (11.27 days). The highest number of bunches/vine (51.29) were recorded in 1361 vine/acre followed by 1815 vines/acre (41.14) and 2722 vines/acre (36.29). The average bunch weight and 100 berry weight were maximum in vines planted at high density. The highest yield was obtained in 1361 vines/acre and the lowest in 2722 vines/acre treatment. Similar trend was observed for TSS content.

तालिका 13: रोपण घनता का कैबर्नें सौवीनों के उपाय और गुणवत्ता मापदण्डों पर प्रभाव

Table 13: Effect of planting density on yield and quality parameters of Cabernet Sauvignon

रोपण घनता Planting density	छँटाई भार (किग्रा) Pruning weight (kg)	गुच्छा संख्या/लता No. of bunches/ vine	औसत गुच्छा वजन (ग्रा) Av. bunch wt. (g)	उपज/लता (किग्रा) Yield/ vine (kg)	100 मणि वजन (ग्रा) 100 Berry Weight (g)	मणि संख्या/ गुच्छा No. of Berries/ Bunch	टीएसएस (°ब्रि) TSS (°B)
2722 लता/एकड 2722 vines/ac	0.44	36.29	85.57	3.60	102.00	95.00	23.74
1815 लता/एकड 1815 vines/ac	0.53	41.14	86.14	3.68	86.14	96.14	23.86
1361 लता/एकड 1361 vines/ac	0.60	51.29	72.86	3.90	79.43	95.57	23.95
सीवी/ CV	3.77	4.59	2.81	1.31	3.30	2.78	0.29
एलएसडी/ LSD	0.03	2.81	1.60	0.07	4.20	3.73	0.10
पी मात्रा/ p value	0.0001	0.0001	0.0001	0.0001	0.0001	0.0001	0.0094

रस अम्लता और पीएच इष्टतम श्रेणी में थे। फलों के जूस में वाष्पशील अम्ल 1361 लताओं के उपचार में सबसे कम (0.08 ग्राम/ली) और 2722 लताओं (0.12 ग्राम/ली) उपचार में सबसे अधिक था। वृद्धि, उपज, फलों की संरचना और ऑर्गेनोलिप्टिक परीक्षण पर विचार करते हुए, 1361 लता/एकड़ के रोपण घनत्व को बेहतर पाया गया।

कैबर्नें सौवीनों में प्रशिक्षण प्रणाली का मानकीकरण

110आर पर कलमित कैबर्नें सौवीनों लताओं को मिनी वाई, निफ़िन और ऊर्ध्वाधर शाख स्थिति (वीएसपी) प्रणाली के हिसाब से के 8'x4' दूरी पर प्रशिक्षित किया गया। कायिक वृद्दि मापदंडों, गुच्छा लक्षणों, फल रचना और ओर्गेनोलेप्टिक परीक्षण के द्वारा वाइन की गुणवत्ता पर अवलोकन दर्ज किए गए। निफिन प्रशिक्षित लताओं में सबसे ज्यादा छंटाई जैवघन (0.88 किग्रा/लता) दर्ज किया गया, जिसके बाद मिनी वाई सिस्टम (0.57 किग्रा) में दर्ज किया गया जबकि वीएसपी में प्रशिक्षित लताओं में सबसे कम जैवघन पाया गया (तालिका 14)। मिनी वाई प्रशिक्षित लताओं में अगेती कली स्फुटन (9 दिन) दर्ज किया गया और निफिन में स्फुटन देर से था। निफिन प्रणाली की अपेक्षा (40.71) मिनी वाई प्रशिक्षण प्रणाली में फलगुच्छों की अधिक संख्या (59.86) सार्थक रूप से अधिक दर्ज की गई। तुड़ाई के लिए दिन 150.9 (मिनी वाई) से लेकर 153 (निफिन) तक थे। निफिन प्रणाली में औसत गुच्छा वजन अधिकतम (100.57 ग्रा) दर्ज किया गया जिसका अनुसरण वीएसपी

The juice acidity and pH were in optimum range. Volatile acid in the fruit juice was the lowest (0.08 g/l) in 1361 vines treatment and the highest in 2722 vines (0.12) treatment. Considering the growth, yield, fruit composition and also the organoleptic test, the planting density of 1361/acre were found to be better.

Standardization of training system in Cabernet Sauvignon

Cabernet Sauvignon vines grafted on 110R were trained to mini Y, kniffin and vertically shoot positioning (VSP) system of trellises spaced at 8'x4' distance. The observations were recorded on vegetative growth parameters, bunch characters, fruit composition and wine quality through organoleptic test. The highest pruned biomass was recorded in Kniffin trained vines (0.88 kg/vine) followed by mini Y system (0.57 kg) while the lowest biomass was recorded in VSP trained vines (Table 14). Early bud sprout was recorded in mini Y trained vines (9 days) and the late sprout in Kniffin. Significantly higher number of bunches were recorded in mini Y trained system (59.86) than the lowest in Kniffin (40.71). Days to harvest ranged from 150.9 (mini Y) to 153 (Kniffin). The highest average bunch weight was recorded in Kniffin system (100.57 g) followed by VSP (89.43 g) and the lowest in mini Y

(89.43 ग्रा) द्वारा किया गया तथा मिनी वाई (87 ग्रा) में सबसे कम था। सबसे अधिक उपज (5.40 किग्रा/लता) मिनी वाई प्रणाली में प्रशिक्षित लताओं में थी और सबसे कम निफिन (4.56 किग्रा/लता) में।

(87 g). The highest yield was in vines trained to mini Y system (5.40 kg/vine) and the lowest in Kniffin (4.56 kg/vine).

तालिका 14: प्रशिक्षण प्रणालियों का कैबर्नें सौवीनों के उपज और गुणवत्ता मापदण्डों पर प्रभाव

Table 14: Effect of training system on yield and quality parameters of Cabernet Sauvignon

प्रशिक्षण प्रणाली Training system	छंटाई भार (किग्रा) Pruning weight (kg)	तुड़ाई के लिए दिन Days taken to harvest	गुच्छा संख्या/लता No. of bunches/vine	औसत गुच्छा वजन (ग्रा) Ave bunch wt. (g)	उपज/लता (किग्रा) Yield/vine (kg)	टीएसएस (°ब्रि) TSS (°B)	अम्लता (ग्रा/ली) Acidity (g/l)	जूस पीएच Juice pH	पोटेशियम (पीपीएम) Potassium (ppm)
मिनी वाई/ Mini Y	0.57	150.86	59.86	87.00	5.40	23.97	5.60	3.47	967.73
वीएसपी/ VSP	0.44	151.00	52.29	89.43	4.86	23.77	5.43	3.53	975.74
निफिन/ Kniffin	0.88	153.00	40.71	100.57	4.56	23.88	5.24	3.53	947.44
सीवी/ CV	3.28	0.64	4.74	1.51	1.45	0.20	1.43	0.41	0.23
एलएसडी/ LSD	0.03	1.38	3.45	2.05	0.10	0.07	0.11	0.02	3.20
पी मात्रा/ p value	0.0001	0.0474	0.0001	0.0001	0.0001	0.0007	0.0001	0.0001	0.0001

विभिन्न मणि गुणवत्ता मानकों पर अवलोकन दर्ज किए गए। टीएसएस के लिए सार्थक अंतर देखे गए और यह अंतर 23.77 से 23.97 °ब्रिक्स तक था। रस अम्लता (5.24 ग्रा/ली से 5.60 ग्रा/ली) और पीएच (3.47-3.53) वाइन बनाने के लिए आवश्यक सीमा में थे। कैबर्नें सौवीनों के रस में पोटेशियम मात्रा अन्य प्रशिक्षण प्रणालियों की तुलना में निफिन प्रणाली पर प्रशिक्षित लताओं में कम (974.44 पीपीएम) थी।

The observations were recorded on various berry quality parameters. Significant differences were observed for TSS and it varied from 23.77°B to 23.97°B. The juice acidity (5.24 g/l to 5.60 g/l) and pH (3.47-3.53) were in optimum range required for wine making. Potassium contents in juice of Cabernet Sauvignon trained to Kniffin system was less (947.44 ppm) as compared to other training systems.

सिरा से गुणवत्ता वाली वाइन उत्पादन के लिए विभिन्न छंटाई तारीखों का मानकीकरण

110आर मूलवृंत पर कलमित सिरा लताओं को मिनी वाई प्रणाली पर 8'x4' दूरी पर प्रशिक्षित करके वाइन का आंकलन किया गया।

विभिन्न छंटाई तारीखों में, अगेती छंटाई से प्राप्त वाइन अच्छी गुणवत्ता की थी (चित्र 8)।

Standardization of different pruning dates for the production of quality wine in Syrah

Syrah vines grafted on 110R rootstock and trained to mini Y system of trellises spaced at 8'x4' distance were evaluated for wine quality.

Among the different pruning dates, the wine obtained from early pruning (first pruning) performed better in overall wine quality (Figure 8).



चित्र 8: वाइन गुणवत्ता पर छंटाई दिन का प्रभाव
Figure 8: Effect of pruning dates on wine quality

110आर विकसित फेंटासी सीडलैस लताओं के लिए सिंचाई अनुसूची का मानकीकरण

यह प्रयोग 2013-14 में समान प्रबंधन स्थितियों के तहत उगाई लताओं पर पाँच उपचारों (फसल वृद्धि की अवस्थाओं तथा अभिलेखित खुला तसला वाष्पीकरण पर आधारित सिंचाई अनुसूची) के साथ शुरू किया गया था (तालिका 15)। यह प्रयोग का चौथा वर्ष था। उपचार टी1, टी2 और टी3 को सतह टपक सिंचाई तकनीक के माध्यम से लागू किया गया, उपचार टी4 को 9 गहराई पीवीसी पाइप और माइक्रोट्यूब का उपयोग कर उपसतह सिंचाई तकनीक (एसएस) के माध्यम से लागू किया गया था और उपचार टी5 में आंशिक मूलक्षेत्र शुष्कन (पीआरडी) तकनीक थी। अवधि के दौरान कुल बाष्पीकरण और वर्षा क्रमशः 1613.9 मिमी और 566.2 मिमी दर्ज किए गए। बारिश के कारण 69 दिनों तक लताओं को सिंचित नहीं किया गया था।

उपचार टी2, 306.2 मिमी सिंचाई के साथ वर्षा (566.2 मिमी) ने अधिकतम उत्पादन (16.41 टन/हे) दिया जोकि टी1 के समतुल्य था जहां उच्चतम सिंचाई (386.9 मिमी) दी गई थी। टी2 की जल उपयोग दक्षता 53.6 किग्रा/मिमी सिंचाई जल थी जोकि अन्य तीन उपचारों से सार्थक रूप से उच्च थी (तालिका 16)। टी4 (उपसतही) ने उच्चतम जल उपयोग दक्षता (73.2 किग्रा/मिमी सिंचाई जल) के साथ 210.2 मिमी के न्यूनतम सिंचाई जल का उपयोग किया, जिसके बाद टी5 (पीआरडी) ने। अत: ये परिणाम सिंचाई जल की कम उपलब्धता के तहत इन तकनीकों के महत्व को

STANDARDISING IRRIGATION SCHEDULE FOR FANTASY SEEDLESS VINES RAISED ON 110R ROOTSTOCK

The experiment was initiated in 2013-14 with five treatments (irrigation schedule based on crop growth stage and recorded open pan evaporation) on vines raised under uniform management conditions (Table 15). This was the fourth year of experimentation. The treatments T1, T2 and T3 were applied through surface drip irrigation technique, treatment T4 was applied through subsurface irrigation technique (SS) using PVC pipes and microtubes to directly deliver water at 9" depth and treatment T5 comprised of Partial rootzone drying (PRD) technique. Total pan evaporation and rainfall recorded during the period was 1613.9 mm and 566.2 mm respectively. The vines were not irrigated for 69 days due to rains.

Treatment T2 with 306.2 mm of applied irrigation along with rainfall (566.2 mm) produced yield (16.41 t/ha) on par with the T1 with the highest applied irrigation (386.9 mm) with WUE of 53.6 kg/mm of irrigation water which was significantly superior over other three treatments (Table 16). Treatment T4 (subsurface) utilised least irrigation water of 210.2 mm with highest WUE of 73.2 kg/mm of irrigation water followed by T5 (PRD) thereby, signifying the importance of these techniques under low availability of irrigation water. In fact, treatment T2 produced only

दर्शाते हैं। दरअसल, टी2 ने उपसतही उपचार (टी4) की तुलना में केवल एक टन अधिक मणि का उत्पादन किया, लेकिन 96.2 मिमी अधिक जल का उपयोग किया। इस वर्ष पहले तीन वर्षों की तुलना में उपज कम थी।

one ton more berry yield than subsurface treatment (T4) but utilised 96.2 mm more irrigation water. This year the yield levels were lower compared to earlier three years.

तालिका 15: 110आर पर कलमित फैंटासी सीडलेस लताओं में सिंचाई अनुसूची उपचार
Table 15: Irrigation schedule treatments of Fantasy Seedless vines raised on 110R rootstock

वृद्धि अवस्था Growth Stage	अपेक्षित अवधि (छंटाई के बाद दिन) Expected duration (days after pruning)	उपचार / Treatments*				
		I	II	III	IV (उपसतह सिंचाई) / (subsurface irrigation)	V पीआरडी PRD
आधारीय छंटाई / Foundation Pruning						
शाखा वृद्धि/ Shoot growth	1-40	40	30	20	20	20
फलद कालिका/भंजन/ Fruit bud differentiation	41-60	15	15	15	15	15
केन परिपक्वता और फल कालिका विकास/ Cane maturity and Fruit bud development*	61-120	15	15	15	15	15
121 दिन फल छंटाई/ 121 days - fruit pruning *	121 -	15	15	0	0	0
फल छंटाई/ Fruit Pruning						
शाखा वृद्धि/ Shoot growth	1-40	40	30	20	20	20
पुष्पन से अवदारण/ Bloom to Shatter	41-55	15	15	15	15	15
मणि वृद्धि और विकास/ Berry growth and development	56-105	40	30	30	20	30
पकवान से तुड़ाई/ Ripening to Harvest	106- harvest	40	30	20	0	20
विश्राम अवस्था/ Rest period	तुड़ाई से आधारीय छंटाई/ Harvest to foundation pruning	-	--	--	--	--

*= खुला तसला वाष्पीकरण के आधार पर प्रतिशत पुन: पूर्ति *= % replenishment based on open pan evaporimeter

आधारीय छंटाई मौसम के दौरान 75 दिन बाद तक, हालांकि सांख्यिकी रूप से असार्थक, परंतु टी3 में टी1 और टी2 की तुलना में कम प्रकाश संश्लेषण और उत्सर्जन दर देखे गए। छंटाई के उपरांत 60 दिन को छोड़कर, प्रकाश संश्लेषक दर में उपचार के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं देखा गया, जबकि फलत छंटाई मौसम के दौरान टी1 और टी2 की तुलना में टी3 में काफी कम था। टी1 और टी2, जहां सिंचाई जल का अधिक उपयोग किया गया था, में छंटाई के उपरांत 60 दिन तक कम उत्सर्जन दर दर्ज की गई थी। टी1

The photosynthetic and transpiration rates recorded up to 75 DAP, though non-significant, showed lower values in T3 compared to T1 and T2 during foundation pruning season. No significant differences were observed among the treatments in respect of photosynthetic rates except 60 DAP where it was significantly lower in the T3 compared to T1 and T2 during the fruit pruning season. Significantly lower transpiration rates were recorded up to 60 DAP in T1

तालिका 16: फैंटासी सीडलेस लताओं की उपज और उपज मापदण्डों पर सिंचाई उपचारों का प्रभाव

Table 16: Effect of irrigation treatments on yield and yield parameters of Fantasy Seedless vines

उपचार Treatments	उपज (टन/हे) Yield (t/ha)	सिंचाई मात्रा (मिमी) Irrigation applied (mm)*	जल उपयोग दक्षता (किग्रा/मिमी सिंचाई) WUE (kg /mm of irrigation)	गुच्छ वजन (ग्रा) Bunch wt. (g)	पीएलडब्ल्यू (5%) – 4 दिन बाद PLW (5%) - after 4 days	मणि दृढ़ता (%) Berry firmness (%)		टीएसएस (ब्रि) TSS (°B)	अम्लता (ग्रा/ली) Acidity (g/L)
						आरम्भिक Initial	4 दिन बाद/ after 4 days		
टी1/ T1	16.3	386.9	42.1	213.8	5.49	74.3	61.2	19.0	2.8
टी2/ T2	16.4	306.2	53.6	204.6	5.81	74.6	61.7	18.9	2.9
टी3/ T3	13.4	228.1	58.8	145.1	5.96	74.1	56.5	19.1	2.8
टी4/ T4	15.4	210.2	73.2	160.4	5.86	73.5	57.0	20.0	2.8
टी5/ T5	13.6	228.1	59.6	144.6	6.05	73.3	54.7	18.7	2.9
SEm±	1.3	-	-	18.2	0.34	1.09	1.8	0.12	0.07
CD (p=0.05)	2.8	-	-	39.6	NS	NS	3.92	0.27	NS

*566.2 मिमी वर्षा के साथ / plus 566.2 mm rainfall

में आधारीय और फलत छंटाई मौसम के दौरान पर्ण जल शक्यता (-बार) निम्नतम थी और इस मापदंड में सतही टपक सिंचाई द्वारा लताओं को दिये गए सिंचाई जल की मात्रा के समान प्रवृत्ति का अनुसरण किया (चित्र 9 और 10) हालांकि सर्वाधिक पर्ण जल शक्यता टी3 में दर्ज़ किया गया जहां तलीय ड्रिप द्वारा न्यूनतम सिंचाई जल का प्रयोग किया गया था।

उपचारों के बीच फल कालिका विभेदन अवस्था पर लताओं के पर्णवृन्त में नाइट्रोजन, पोटेशियम और पोटाश की मात्रा में सार्थक

and T2 where higher irrigation water was applied. The leaf water potential (-bar) during foundation and fruit pruning season was least in T1 treatment and followed trend similar to the quantum of irrigation water applied in surface drip irrigated vines (Figure 9 and 10), however, highest values were recorded in T3 treatment where least irrigation water was applied through surface drip.

The petiole N, P and K content of the vines at the fruit bud differentiation stage did not differ



चित्र 9: आधारीय छंटाई मौसम के दौरान पर्ण जल शक्यता पर सिंचाई उपचारों का प्रभाव
Figure 9: Effect of varying irrigation treatments on Leaf water potential during foundation pruning season



चित्र 10: फलत छंटाई मौसम के दौरान पर्ण जल शक्यता पर सिंचाई उपचारों का प्रभाव
Figure 10: Effect of varying irrigation treatments on Leaf water potential during fruit pruning season

अंतर नहीं था। पूर्ण बौर अवस्था पर, टी1 और टी2 की तुलना में टी3 के पर्णवृन्त में नाइट्रोजन और पोटाश की मात्रा सार्थक रूप से कम थी।

नमी स्ट्रैस अवस्था में प्रोलीन और फिनोल परासरणरक्षक के रूप में कार्य करते हैं। उपचार टी3, टी4 और टी5, जिनमें आधारीय छंटाई मौसम के उपरांत 60 दिन तक टी1 और टी2 की तुलना में कम सिंचाई जल दिया गया था, में पर्ण प्रोलीन सार्थक रूप से अधिक संचयित हुई । पर्ण ऊतकों में कुल फिनोल भी छंटाई के उपरांत 75 दिन तक उपचार टी3, टी4 और टी5 में टी1 और टी2 की तुलना में सार्थक रूप से अधिक संचयित हुआ इसके बाद छंटाई के उपरांत 90 और 105 दिन टी3 अन्य उपचारों से काफी अलग था। अन्य उपचारों की तुलना में पर्ण में प्रोलीन और कुल फिनोल्स टी3 में सबसे ज्यादा थे, जोकि आधारीय छंटाई मौसम के दौरान नमी स्ट्रैस को दिखाता है।

फलत छंटाई मौसम के दौरान छंटाई के उपरांत 60 दिन तक को छोड़कर, अन्य की अपेक्षा टी1 और टी2 में पर्ण फिनोल काफी कम था। छंटाई के उपरांत 120 दिन से तुड़ाई तक टी4 की पत्तियों में प्रोलिन और फिनॉलिक मात्रा सर्वाधिक थी जिसका अनुसरण टी3 ने किया। छंटाई के 105 दिन बाद टी4 (उपसतह) में सिंचाई प्रदान नहीं की गई थी।

अंगूर वृद्धि और उत्पादकता पर प्लास्टिक आवरण का प्रभाव

जलवायु परिस्थितियों में मौसमी बदलाव, उच्च तापमान, असमय बारिश और ओलावृष्टि या कम वर्षा, कम फलत के रूप में अंगूर उत्पादकता को प्रभावित कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप बाहरी वातावरण में बदलाव से अंगूर लताओं की उत्पादकता पर हानिकारक प्रभाव आए हैं। प्लास्टिक आवरण का उपयोग एक ऐसी पहल है जो फसल को मौसम के पतन विशेष रूप से असमय बारिश, कम तापमान और ओलों से बचा सकती है। अंगूर के कई उत्पादकों ने इस तकनीक का सहारा लिया है। लेकिन, समझ की कमी के कारण अनुचित फसल प्रबंधन से घाटे में बढ़ोतरी हुई है। इसलिए, वर्तमान संदर्भ में प्लास्टिक आवरण का अंगूरबाग की उत्पादकता पर प्रभाव को समझना महत्वपूर्ण हो गया है। यह प्रयोग सितंबर, 2016 में फलत छंटाई मौसम के दौरान निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ शुरू किया गया था:

1. अंगूर लता की वृद्धि, रोग और कीट की घटनाओं और उपज पर प्लास्टिक आवरण तथा सिंचाई स्तर के प्रभाव का अध्ययन करना।

significantly between the treatments. At full bloom stage, petiole N and K content was significantly lower in T3 treatment compared to T1 and T2 treatments.

Proline and phenols accumulate as osmoprotectants in response to moisture stress. Leaf proline accumulated significantly higher in treatments T3, T4 and T5 where less irrigation water was applied compared to T1 and T2 till 60 DAP during foundation pruning season. Total phenols in leaf tissue also showed significantly higher accumulation in treatments T3, T4 and T5 compared to T1 and T2 till 75 DAP, thereafter at 90 and 105 DAP only T3 was significantly different from other treatments. The leaf proline and total phenols were highest in T3 compared to other treatments thereby clearly showing the moisture stress during foundation pruning season.

During fruit pruning season, T1 and T2 continued to have significantly lower leaf phenol compared to other treatments except at 60 DAP. From 120 DAP to harvest, proline and phenolic content in the leaves was higher in T4 followed by T3. In fact in T4 (Subsurface), the irrigation was not provided after 105DAP.

EFFECT OF PLASTIC COVER ON GRAPEVINE GROWTH AND PRODUCTIVITY

Seasonal changes in climatic conditions are impacting grapevine productivity in terms of reduced fruitfulness due to high temperature, unseasonal rainfalls, and hailstorms or reduced rainfall. This led to modification of the external environment with deleterious effect on the productivity of the vines. Use of plastic cover is one such initiative that can protect the crop from weather aberrations especially unseasonal rains, low temperature and hailstorms. A number of grape growers resorted to use this technique. But, lack of understanding leading to improper crop management had led to crop losses. Hence, understanding the impact of plastic cover on vineyard productivity has become important in the present context. The experiment was initiated in September, 2016 during Fruit pruning season with the following objectives:

1. To study the effect of plastic cover and irrigation levels on grapevine growth, disease and pest incidence and yield.

2. विभिन्न जलवायु दशाओं के साथ किसान के खेतों में दो स्थानों पर प्लास्टिक आवरण के तहत अंगूर लताओं के प्रदर्शन का अध्ययन करना।

यह प्रयोग डोगरिज पर कलमित थॉमसन सीडलेस लताओं जिनको समान प्रबंधन स्थितियों में रखा गया था, पर संस्थान फार्म में पाँच उपचारों के साथ शुरू किया गया था (तालिका 17)। प्लास्टिक आवरण में (चित्र 11) तीन उपचार जैसे सिफारिश की गई सिंचाई अनुसूची (पैन वाष्पीकरण और फसल विकास स्तर पर आधारित), सिफारिश की सिंचाई अनुसूची का 80% और सिफारिश की सिंचाई अनुसूची का 60% लगाए गए। चौथा उपचार ओलाजाल के अंतर्गत सिफारिश की सिंचाई अनुसूची और पांचवां उपचार सिफारिश की सिंचाई अनुसूची को खुले में लागू करना था। इस अवधि के दौरान कुल बाष्पीकरण और वर्षा क्रमशः 1613.9 मिमी और 566.2 मिमी अभिलेखित की गई थी।

2. To study the performance of grapevines under plastic cover at two locations in farmer's field with different climatic regimes.

The experiment was started at the institute farm in Thompson Seedless vines raised on Dogridge under uniform management conditions with five treatments (table 17). Three treatments were laid under plastic cover (Figure11) with recommended irrigation schedule (based upon pan evaporation and crop growth stage), 80% of the recommended irrigation schedule and 60% of the recommended irrigation schedule. Fourth treatment was vines under Hailnet with recommended irrigation schedule and the fifth treatment was vines in open with recommended irrigation schedule. Total pan evaporation and rainfall recorded during the period was 1613.9 mm and 566.2 mm respectively.

तालिका 17: प्लास्टिक आवरण के विभिन्न उपचार
Table 17: Different treatments under plastic cover

उपचार Treatment	उपचार विवरण Treatment details
टी1/ T1	प्लास्टिक आवरण में सिफारिश की सिंचाई अनुसूची / Recommended irrigation schedule under plastic cover
टी2/ T2	प्लास्टिक आवरण में सिफारिश की सिंचाई अनुसूची का 80% / 80 % of T1 under plastic cover
टी3/ T3	प्लास्टिक आवरण में सिफारिश की सिंचाई अनुसूची का 60% / 60 % of T1 under plastic cover
टी4/ T4	ओलजाल में सिफारिश की सिंचाई अनुसूची / Recommended irrigation schedule under hail net
टी5/ T5	खुले में सिफारिश की सिंचाई अनुसूची / Recommended irrigation schedule under open conditions

चित्र 11: प्लास्टिक आवरण के अंतर्गत थॉमसन सीडलेस लताएँ
Figure 11: Thompson Seedless vines under plastic cover

विभिन्न उपचारों में उपज में सार्थक अंतर दर्ज किए गए और खुले में उगी लताओं की अपेक्षा प्लास्टिक आवरण के अंदर उगी लताओं में अधिक उपज प्राप्त हुए (तालिका 18)। अन्य की अपेक्षा टी1 जहां 252.4 मिलीमीटर सिंचाई जल दिया गया था, में सार्थक रूप से अधिक उपज (23.1 टन/हे) दर्ज की गई, हालांकि, यह उपचार टी2 (20.7 टन/हे) के समतुल्य था, जहां 208.2 मिमी सिंचाई जल दिया गया था। प्लास्टिक आवरण के अंदर उगी लताओं की तुलना में खुले में उगी लताओं की मणियों में शर्करा संचयन दर तेज थी। खुले में उगी लताओं की अपेक्षा प्लास्टिक आवरण के अंदर उगी लताओं से गुच्छों की तुड़ाई का समय 10 दिन देरी से था।

Significant yield differences were observed among the treatments, with the vines under plastic recording significantly higher yield as compared to vines raised in the open (Table 18). Treatment T1 with 252.4 mm of applied irrigation water recorded significantly highest yield of 23.1 t/ha over other treatments, however, it was on par with treatment T2 where 208.2 mm of irrigation water was applied (20.7 t/ha). Sugar accumulation rates in berries (°B) were faster in vines raised in open than the vines under plastic cover. The time of harvesting was 10 days later in vines under plastic cover than those in the open.

तालिका 18: प्लास्टिक आवरण के अंतर्गत उपचारों का थॉमसन सीडलेस लताओं के उपज और उपज संबंधी मापदण्डों पर प्रभाव

Table 18: Effect of treatments under plastic covers on yield and yield parameters of Thompson Seedless vines

उपचार Treatment	उपज (टन/हे) Yield (t/ha)	सिंचाई जल की मात्रा (मिमी) Irrigation applied (mm)*	गुच्छ संख्या No. of Bunches	गुच्छ वजन (ग्रा) Bunch wt. (g)	टीएसएस (°ब्रि) TSS (°B)	अम्लता (ग्रा/ली) Acidity (g/L)	50 मणि वजन (ग्रा) 50 Berry Wt. (g)
टी1/ T1	23.11	252.4	52.63	247.2	18.53	4.65	132.0
टी2/ T2	20.73	208.2	49.90	230.7	19.18	4.38	128.8
टी3/ T3	18.56	164.0	49.95	208.4	19.15	4.08	129.3
टी4/ T4	16.03	230.3	46.63	191.7	17.75	5.55	124.0
टी5/ T5	14.64	223.7	46.44	181.0	19.40	5.43	117.3
एसईएम/ SEm±	1.58		5.10	21.7	0.35	0.24	2.5
क्रांतिक अंतर CD (p=0.05)	3.44		NS	47.3	0.76	0.52	5.4

टी3 जहां सिंचाई जल (164 मिमी) कम दिया गया था, में पर्ण जल शक्यता (पजश) सार्थक रूप से अधिक था। हालांकि, टी2, टी4 और टी5 के बीच अंतर असार्थक था, हालांकि टी3 में छंटाई के 30 दिन पश्चात सार्थक रूप से अधिक थी। टी1, जहां अधिकतम सिंचाई जल दिया गया था, में न्यूनतम पजश दर्ज़ किया गया (चित्र 12)। अत: प्लास्टिक आवरण में टी3 की लताओं ने स्ट्रेस का सामना किया। छंटाई के 90 दिन पश्चात खुले में उगी लताओं के उपचार टी5 में उत्सर्जन, प्लास्टिक आवरण की अपेक्षा सार्थक रूप से अधिक था जिसका अनुसरण टी4 ने किया। हालांकि, उपचारों के बीच अंतर्लयन की दर में अंतर असार्थक था।

The leaf water potential (LWP) was significantly higher in the T3 where least irrigation water was applied (164 mm). However, it did not differ significantly among T2, T4 and T5 though T3 had significantly higher values at 30 DAP. The least LWP were recorded in T1 where highest irrigation water was applied (Figure 12). This showed that the vines under plastic cover in T3 experienced stress. The transpiration rates were significantly higher in T5 followed by T4 after 90 DAP compared to the treatments under Plastic. However, assimilation rates did not differ significantly among the treatments.



चित्र 12: पर्ण जल शक्यता पर विभिन्न उपचारों का प्रभाव
Figure 12: Effect of treatments on Leaf water potential

टी3 में कुल फिनोल सार्थक रूप से अधिक थे, हालांकि यह उपचार टी5 के समतुल्य था। हालांकि, छंटाई के 60 दिन पश्चात से तापमान कम होने के कारण, खुले में उगी लताओं अर्थात टी5 में अन्य की तुलना में फ़िनॉल मात्रा काफी अधिक थी। इसी तरह, कुल प्रोलीन के लिए भी ऐसा ही रुझान देखा गया। यह स्पष्ट दिखाता है कि कम तापमान के कारण, खुले में उगी लताएँ प्लास्टिक और ओलाजाल के नीचे उगी लताओं की तुलना में अधिक स्ट्रेस में थीं। सभी उपचारों में पर्ण वृन्तों में पोषक तत्व इष्टतम स्तर पर थीं।

प्लास्टिक की तुलना में खुले में उगी लताओं के गुच्छों पर (टी5) मिली बग तथा थ्रिप्स से क्षति काफी अधिक थी। प्लास्टिक के नीचे उगी लताओं की पत्तियों पर कैटरपिलर का नुकसान (टी5) खुले में उगी लताओं की तुलना में सार्थक था। इसी तरह, खुली परिस्थितियों के मुकाबले प्लास्टिक के नीचे उगी लताओं में जैसिड तथा माइट से क्षति अधिक थी। प्लास्टिक की तुलना में खुले में उगी लताओं (टी5) में पावडरी मिलड्यू से अधिक नुकसान था।

आरएमपी के अनुलग्नक 9 के सभी कीटनाशकों के लिए विभिन्न उपचारों के अंगूर नमूनों का विश्लेषण किया गया। प्रत्येक मामले में, परिणाम एमआरएल के नीचे थे और विभिन्न उपचारों में अवशेषों की मात्रा भी काफी समान थी।

The total phenols were significantly higher in T3, but on par with treatment T5. However, from 60 DAP as the temperature lowered, the phenol content was significantly higher in vines raised in open. Similar, trends were observed with total prolines also. This clearly showed that under low temperatures, the vines in open were more stressed as compared to vines under plastic and hailnet. The petiole nutrient content were at optimum levels in all the nutrients.

Mealy bugs and thrips damage were significantly higher on bunches in vines raised under open conditions. Significant damage of caterpillars on leaves was recorded in vines raised under plastics than on vines under open conditions (T5). Similarly, jassids and mites damage were higher in vines raised under plastics. Powdery mildew damage were significantly higher on vines raised under open conditions (T5) than under plastic.

The samples from various treatments were analysed for all the pesticides of the Annexure 9 of the RMP. In each case, the results were below MRL and the residue values in various treatments are also quite similar.

अंगूर की नई किस्मों के लिए वृद्धि नियामक अनुसूची का मानकीकरण

क्रीमसन सीडलेस और मांजरी नवीन की कायिक वृद्धि, उपज, गुणवत्ता और शैल्फ जीवन पर जीए$_3$ और सीपीपीयू का प्रभाव

यह प्रयोग 2013-14 के दौरान समान प्रबंधन परिस्थितियों में उगाई गई अंगूर की दो किस्मों क्रिमसन सीडलेस और मांजरी नवीन पर किए गए। पिछले वर्षों के दौरान प्रदर्शन के आधार पर, उपचारों को संशोधित किया गया और सीपीपीयू 0.25, 0.50, 1 और 2 पीपीएम तथा जीए$_3$ 10, 20, 30 और 40 पीपीएम के साथ संयोजन करके 3-4 मिमी और 6-7 मिमी मणि चरण पर अनुप्रयोग किया गया।

क्रिमसन सीडलेस

निर्यात में इसकी क्षमता होने की वजह से क्रिमसन सीडलेस जोकि एक नई किस्म है, लोकप्रियता प्राप्त कर रही है। वर्ष 2016-17 के दौरान जैवनियंत्रकों की विभिन्न डोज़ अध्ययन किया गया. जैवनियंत्रकों की विभिन्न अनुसूचियों के बीच परिणामों में सार्थक अंतर देखे गए। 10 पीपीएम जीए$_3$ + 1 पीपीएम सीपीपीयू के अनुप्रयोग मणि आकार तथा गुणवत्ता मानकों को सुधारने में प्रभावी पाया गया। इसी उपचार में शैल्फ लाइफ भी एक दिन अधिक देखी गई।

मांजरी नवीन

इसी प्रकार, बेहतर गुणवत्ता और शैल्फ लाइफ वाले मांजरी नवीन अंगूरों के उत्पादन हेतु जैवनियंत्रकों (जीए$_3$ और सीपीपीयू) का मानकीकरण किया गया।

जैवनियंत्रकों (जीए$_3$ और सीपीपीयू) की विभिन्न डोज़ों के परिणामों के बीच सार्थक अंतर देखे गए। 20 पीपीएम जीए$_3$ + 0.1 पीपीपी सीपीपीयू के अनुप्रयोग से मणि लंबाई और व्यास काफी अधिक थे। हालांकि, किसी भी उपचार में शैल्फ लाइफ एक दिन से आगे नहीं बढ़ी थी।

अंगूर में कार्यिकी विकार एवं उनकी प्रबंधन क्रियाएँ

फेंटासी सीडलेस अंगूरों में मणि तिरकाव पर विभिन्न कृषिरसायनों का प्रभाव

वर्ष 2016-17 के दौरान क्षेत्रीय परिस्थितियों के अंतर्गत फेंटासी सीडलेस की मणियों के तिरकाव पर सिलिक्सोल (0.8%) सहित विभिन्न कृषिरसायनों की प्रभाविकता के आंकलन पर अनुसंधान

STANDARDIZATION OF SCHEDULES OF GROWTH REGULATORS FOR NEW VARIETIES

Effect of GA$_3$ and CPPU on growth, yield, quality and shelf life of Crimson Seedless and Manjri Naveen

The experiment was started in 2013-14 in two grape varieties namely Crimson Seedless and Manjri Naveen raised under uniform management conditions. Based on the performance during the previous years, the treatments were modified and the experiment was carried out with the application of CPPU @ 0.25, 0.50, 1 and 2 ppm in combination with GA$_3$ @ 10, 20, 30 and 40 ppm were given at 3-4 mm and 6-7 mm berry stages as a dip.

Crimson Seedless

Crimson Seedless, a new variety is gaining popularity for export. The different doses of bioregulators were studied during the year 2016-17. The results indicated the significant differences among the different schedules of bioregulators. The application of 10 ppm GA$_3$ + 1 ppm CPPU was found effective in improving the berry size and quality parameters. With respect to shelf life, the same treatment recorded better shelf life only on 1st day.

Manjri Naveen

Similarly, the bioregulators like (GA$_3$ and CPPU) were standardized for production of better quality and shelf life of Manjri Naveen grapes.

The results indicated significant differences among the different doses of bioregulators (GA$_3$ and CPPU). The berry length and berry diameter were significantly higher in the treatment of 20 ppm GA$_3$ + 0.1 ppm CPPU. However, the shelf life was not increased beyond a day in any of the treatments.

PHYSIOLOGICAL DISORDERS AND THEIR MANAGEMENT IN GRAPES

Effect of different agrochemicals on berry cracking in Fantasy Seedless grapes

The research was conducted under field conditions during the year 2016-17 to evaluate the effectiveness of various agrochemicals including Silixol (0.8%) on berry cracking of Fantasy Seedless. Foliar spraying of

किया गया। छंटाई के 80 दिन पश्चात तथा 15 दिनों के अंतराल पर दो बार कृषिरसायनों की विभिन्न सान्द्रताओं का पर्णीय छिड़काव किया गया। विभिन्न कृषिरसायनों के अनुप्रयोगों के 10, 20, 30 दिनों के दौरान प्रत्येक उपचार में अंगूर की 10 लताओं के गुच्छे पर मणि तिरकाव दर्ज किया गया।

विभिन्न उपचारों में, सिलिक्सोल + कैल्शियम ग्लूकोनेट+ बोरन के पर्णीय अनुप्रयोग से मणि तिरकाव की प्रतिशतता में, रसायन अवशेषों तथा रसायनों से क्षति के बिना सार्थक कमी दर्ज की (चित्र 13)। हालांकि, फेंटासी सीडलेस में कोई भी उपचार मणि तिरकाव को पूर्णत: रोकने में प्रभावी नहीं था। मणि तिरकाव, टीएसएस, रस में रिड्यूसिग शर्करा और फिनॉल मात्रा के बीच नकारात्मक सहसंबंध पाया गया।

agrochemicals in different concentration was applied twice after 80 days of pruning at an interval of 15 days. The berry cracking was recorded from every bunches of 10 vines in each treatment at 10, 20, 30 days of applications of different agrochemicals.

Among different treatments, the foliar application of Silixol + Calcium gluconate + Boron significantly reduced the percentage of cracked berry (Figure 13) without any visible residue and damage from the chemicals. However, none of the treatment was effective to prevent berry cracking completely in Fantasy Seedless. The negative correlations were found between berry cracking, TSS, reducing sugar and phenol content in the berry juice.



चित्र 13: मणि तिरकाव पर विभिन्न रसायनों का प्रभाव
Figure 13: Effect of different chemicals on berry cracking

थॉमसन सीडलेस में सूर्यदाह पर विभिन्न कृषिरसायनों का प्रभाव

विभिन्न रसायनों जैसे सिलिक्सोल, सिलिका पाउडर, काओलोन, काइटोसन, मेनिटोल, सोर्बिटोल का सूर्यदाह रोकने के लिए परीक्षण किया गया। सिलिक्सोल (4 मिली/ली) + काइटोसन (2 ग्रा/ली) के अनुप्रयोग से न्यूनतम सूर्यदाह दर्ज किया गया। हालांकि, कोई भी कृषिरसायन सूर्यदाह रोकने में प्रभावी नहीं था।

Effect of different chemicals on sunburn in Thompson Seedless grapes

Different agrochemicals viz. Silixol, Si powder, kaolon, Chitosan, Manitol, Sorbitol were tested for their effectiveness in preventing sun burn. The minimum sunburn was recorded with the application of Silixol (4ml/l) + Chitosan (2g/l). However, none of the agrochemical was effective in preventing sunburn completely.



चित्र 14: थॉमसन सीडलेस अंगूर मे सूर्यदाह पर विभिन्न कृषिरसायनों का प्रभाव
Figure 14: Effect of different agrochemicals on sunburn in Thompson Seedless grapes

उपज और गुणवत्ता में सुधार के लिए नए रसायन/वानस्पतिक

निम्न कृषिरसायन अंगूर की उपज और गुणवत्ता में सुधार लाने में प्रभावी पाए गए।

NEW CHEMICALS/BOTANICALS FOR IMPROVED YIELD AND QUALITY

The following agrochemicals were found effective in improving yield and quality of grapes.

कृषिरसायन / Agrochemical	मात्रा / Dose	परिणाम / Results
Diamore Combine (Homobrassinoloide 0.03%)	1 ml/l	Improved bunch characters like berry weight, berry size
Divya Amrut and Divya Amrut-soil conditioner	4 ml/l 1.9 ml/vine	Improved yield and berry characters like berry size and weight
Paraquat dichloride 24% SL 0.6 ai	2.5 l/ha	Better weed control in vineyard

जीआईएस का उपयोग करते हुए भारत में उपयुक्त अंगूर उत्पादक क्षेत्रों का जलवायु आधारित स्थानिक श्रेणी निर्धारण

जीआईएस उपकरण का उपयोग कर अंगूर की खेती के लिए जलवायु योग्यता के स्थानिक वितरण की पहचान करने और अंगूर की खेती के लिए जलवायु उपयुक्तता का आकलन करने के लिए भू-स्थानिक मॉडल विकसित करने के उद्देश्य से इस परियोजना को प्रस्तावित किया गया। वर्ष के दौरान उपलब्धियां निम्नप्रकार हैं।

प्रारंभिक मॉडल के परिणामों की जांच सुधार के लिए की गई। प्रयोग की गईं कसौटी, परिभाषित उपयुक्तता श्रेणी और उपयुक्तता मॉडल में उपयोग किए जीआईएस साधन में आवश्यक सुधारों की पहचान की गई। औसत मासिक न्यूनतम तापमान मानदंड को अंगूर उत्पादन हेतु न्यूनतम तापमान की उपयुक्त ऊपरी सीमा के साथ जोड़ा गया। औसत वार्षिक वर्षा मानदंड को बहुत अधिक और कम वर्षा वाले क्षेत्रों को जो अंगूर उत्पादन के लिए उपयुक्त नहीं हैं को परिसीमित करने के लिए जोड़ा गया। उपयुक्तता परतों के पुनर्वर्गीकरण के लिए उपयुक्तता वर्गों को पुन: समायोजित किया गया। प्रोसेसिंग चरण तैयार किए गए। उपयुक्तता मॉडल में संशोधनों को लागू करने के लिए आंकड़ों का प्रसंस्करण किया गया। भारतीय क्षेत्र के लिए आंकड़ों के निष्कर्ष के लिए निकालने के लिए औसत वार्षिक वर्षा जलवायु पैरामीटर पर रेस्टर आंकड़े प्रसंस्कृत किए गए।

अंगूर खेती के लिए अनुकूलता हेतु (क) प्रत्येक बारह महीने के लिए औसत मासिक न्यूनतम तापमान के संशोधित मानदंड और (ख) भारतीय क्षेत्र के लिए निष्कर्षित औसत वार्षिक वर्षा आंकड़े के लिए पुन: वर्गीकृत जलवायु परिवर्तन स्तरों का विकास किया गया।

CLIMATE BASED SPATIAL DELIMITATION OF SUITABLE GRAPE GROWING REGIONS IN INDIA USING GIS

This project was proposed with the objectives to identify spatial distribution of climatic suitability for grape cultivation using GIS tools and to develop geo-spatial model to assess climatic suitability for grape cultivation. During the year following were the achievements.

The results from the preliminary model were examined for improvements. Improvements were identified in criteria used, suitability classes defined and GIS tools used in the suitability model. Average monthly minimum temperature criterion was added with upper limit of minimum temperature suitable for grape growing. Average annual rainfall criterion was added to delimit very high and low rainfall areas not suitable for grape growing. Suitability classes were readjusted for reclassification of suitability layers. Processing steps were designed. Data was processed for implementing the modifications in suitability model. Raster data on average annual rainfall climatic parameter was processed to extract data for Indian region.

Reclassified climatic data layers of suitability for grape cultivation were developed (i) for modified criteria for average monthly minimum temperature for each of twelve months and (ii) for average annual rainfall data extracted for Indian region.

बारह महीनों के लिए एग्रिस सॉफ्टवेअर टूल के ओवरले का प्रयोग कर मासिक जलवायु उपयुक्तता परतें विकसित की गई। जीआईएस प्रोसेसिंग टूल्स के उपयोग से उच्च अनुकूलता, मध्यम अनुकूलता, कम अनुकूलता और प्रतिकूलता वाले क्षेत्रों के लिए आंकड़ा परत विकसित की गईं। विभिन्न उत्पादन अवधियों के लिए अवधि अनुसार उपयुक्तता के लिए आंकड़ा परत विकसित की गईं (चित्र 15)। अत्यधिक उपयुक्त, मध्यम रूप से उपयुक्त और कम उपयुक्त क्षेत्रों के लिए उच्च या बहुत कम औसत वार्षिक वर्षा की बाधाओं वाले क्षेत्रों के लिए आंकड़ा परत विकसित की गईं। परिणामों का प्रारंभिक सत्यापन किया गया।

Monthly climatic suitability layers were developed using overlay tool of ARCGIS software for twelve months. Climatic suitability layers for twelve possible crop growth periods in a year were redeveloped. Data layers for regions with high suitability, moderate suitability, less suitability and no suitability were obtained using GIS processing tools (Figure 15). Data layers for period wise suitability for different growing periods were developed. Data layers for regions with constraints of high or very low average annual rainfall were developed for highly suitable, moderately suitable and less suitable regions. An initial verification of results was done.

IV. अंगूर में एकीकृत संरक्षण तकनीकों का विकास और शोधन

IV. DEVELOPMENT AND REFINEMENT OF INTEGRATED PROTECTION TECHNOLOGIES IN GRAPE

''अंगूर रोगों के जैविक नियंत्रण के लिए सूक्ष्मजैविक फोर्मूलेशन का विकास'' पर आईसीएआर–एएमएएएस उप–परियोजना

ट्राइकोडर्मा अफरोहरजियानम अथवा *बेसिलस*–टीएल–171 का सल्फर के साथ पत्तियों पर छिड़काव करने पर अंगूर बाग में पाउडरी मिल्ड्यू का नियंत्रण

पिछले साल के अध्ययन के आधार पर यह पता लगा कि *टी. अफरोहरजियानम,* पाउडरी मिल्ड्यू जोकि *एरिसिफे निकेटर* की वजह से होता है, के नियंत्रण के लिए काफी आशाजनक है। थॉमसन सीडलेस के बगीचों में इन पृथकों का, अक्तूबर 2016 – मार्च 2017 के फलन मौसम में आंकलन किया गया । जनवरी– फरवरी 2017 में, पहले ब्लॉक में, सात दिन के अंतराल पर सल्फर के छह छिड़काव लिए गए। इस पूरे मौसम में पाउडरी मिल्ड्यू के नियंत्रण के लिए अन्य कोई भी उत्पादकों का छिड़काव इस ब्लॉक में नहीं किया गया।

दूसरे ब्लॉक में, 1, 3 तथा 5वां छिड़काव सल्फर का न लेते हुये, *ट्राइकोडर्मा अफरोहरजियानम* अथवा *बेसिलस* टीएल–171 लिया गया। तीसरे ब्लॉक में पाउडरी मिल्ड्यू के लिए कोई भी छिड़काव नहीं लिए गए। सल्फर के उपचार में एरिया अंडर डीसीज प्रोग्रेस कर्व (एयूडीपीसी) 1247.91 मापा गया। सल्फर के स्थान पर तीन उपचार में *ट्राइकोडर्मा अफरोहरजियानम* अथवा *बेसिलस* टीएल–171 के प्रयोग की वजह से एयूडीपीसी को क्रमश: 858.30 तथा 996.20 तक प्रतिबंधित किया गया। अनुपचारित नियंत्रण में

ICAR-AMAAS SUB- PROJECT ON "DEVELOPMENT OF MICROBIAL FORMULATIONS FOR BIOLOGICAL CONTROL OF GRAPE DISEASES"

Control of powdery mildew in field by foliar application of *Trichoderma afroharzianum* or *Bacillus* TL-171 along with sulphur

T. afroharzianum was selected as the most promising for the control of grape powdery mildew caused by *Erysiphe necator* based on previous year's studies. The aqueous suspension of this isolate was evaluated in a field trial on Thompson Seedless vines during fruiting season (October 2016 - March 2017). In first block, six sprays of sulphur were made during January - February 2017 at seven-day interval and no other product was applied throughout the season for the management of powdery mildew.

In the second block, the 1st, 3rd and 5th sulphur applications were replaced by T. *afroharzianum* or *Bacillus* TL-171. In the third block, no treatment for powdery mildew was applied. The area under disease progress curve (AUDPC) in sulphur alone treatment was 1247.91. By replacing three sulphur applications with three *T. afroharzianum* or *Bacillus* TL-171 applications, the AUDPC was restricted to 858.30 and 996.20, respectively. The AUDPC was 1539.80 in untreated control. Results show that integration



चित्र 15: अंगूर उत्पादन के लिए जलवायु अनुसार (A) उच्च (B) मध्यम (C) निम्न (D) शून्य उपयुक्तता के क्षेत्र

Figure 15: Regions of climate suitability for grape cultivation (A) High (B) Moderate (C) Low and (D) No suitability

एयूडीपीसी 1539.80 था। इन नतीजों से यह पता लगता है कि *ट्राइकोडर्मा अफरोहरजियानम* अथवा *बेसिलस* टीएल-171 के रोग नियंत्रण के कार्यक्रम में एकीकरण से, सल्फर का उपयोग कम करते हुए भी, रोग नियंत्रण में सुधार किया जा सकता है।

मृदा में सूक्ष्मजीवों का प्रयोग कर मांजरी नवीन में सर्वांगी प्रतिरोध (आइएसआर) का प्रेरण

ट्राइकोडर्मा पृथकों का प्रयोग

मांजरी नवीन के बगीचो में *ट्राइकोडर्मा* स्ट्रेन 5आर, एनएएम सीसी-एफ-01812, एनएएमसीसी-एफ-01951, एनएएम सीसी-एफ-01769 और इनके मिश्रण (5आर + 01812, 01812 + 01951, 01769 + 01951 और 5 आर + 01951) से मिट्टी को सराबोर करने पर पाउडरी मिल्ड्यू पर होने वाले प्रभाव का अध्ययन किया गया। सात दिन के अंतराल पर *ट्राइकोडर्मा* (5×10^6 स्पोर/मिली) के जलनीय सस्पेन्शन का 2ली/लता की दर से सिंचाई-ड्रिपर के नीचे प्रयोग किया गया।

वनस्पतिक मौसम के दौरान 6 जून से 2 जुलाई के बीच 5 सराबोर अनुप्रयोग किए गए। इन उपचार के अंतर्गत लताओं पर इस मौसम में 4 सल्फर और 1 पोटेशियम का पाउडरी मिल्ड्यू के नियंत्रण के लिए छिड़काव किया गया। सभी *ट्राइकोडर्मा* उपचारों ने पाउडरी मिल्ड्यू के विकास को, केवल कवकनाशी छिड़काव किए लताओं की तुलना में, प्रतिबंधित किया। जिन लताओ पर *ट्राइकोडर्मा* 5आर तथा एनएएमसीसी-एफ-01812 का प्रयोग किया गया, उनमें कवकनाशी अनुप्रयोग की तुलना में काफी कम पीडीआई अभिलिखित किया गया। *ट्राइकोडर्मा* 5आर अगला श्रेष्ठ उपचार था। इन नतीजों से यह पता लगता है कि, पाउडरी मिल्ड्यू के कवकनाशी नियंत्रण में *ट्राइकोडर्मा* के मिट्टी में प्रयोग से काफी सुधार मिल सकता है।

फलन मौसम के दौरान, 15 नवम्बर से 14 दिसम्बर तक 5 सराबोर अनुप्रयोग किए गये। इन उपचार के अंतर्गत लताओं पर पाउडरी मिल्ड्यू के नियंत्रण के लिए इस मौसम में 5 सल्फर, 2 कोंटफ और 1 सिसथेन के छिड़काव लिए गए। कवकनाशी नियंत्रण में एयूडीपीसी 1411.84 था। इससे पाउडरी मिल्ड्यू के नियंत्रण के लिए कवकनाशी की अक्षमता दिखती है। *ट्राइकोडर्मा* एनएआईएम सीसी-एफ-01769 को छोड़कर सभी *ट्राइकोडर्मा* उपचारो नें रोग नियंत्रण को वर्धित किया। *ट्राइकोडर्मा* 5आर + 01812 से उपचारित लताओं में पत्तियों पर सबसे कम एयूडीपीसी दिखा जिसका अनुगमन *ट्राइकोडर्मा* 5आर और 01812 + 01951 ने किया।

गुच्छों में भी समान परिणाम देखे गए। नतीजे यह भी बताते हैं कि *ट्राइकोडर्मा* के मिट्टी में अनुप्रयोग से सिस्टेमिक प्रतिरोध प्रेरित

of *T. afroharzianum* or *Bacillus* TL-171 in the management schedule improved disease control while reducing sulphur application.

Induction of systemic resistance (ISR) in Manjri Naveen by soil application of microorganisms

Application of *Trichoderma* isolates

The effect of soil drenching with four *Trichoderma* isolates, viz. strains 5R, NAIMCC-F-01812, NAIMCC-F-01951, NAIMCC-F-01769 and their mixed application (5R + 01812, 01812 + 01951, 01769 + 01951 and 5R + 01951) for the control of powdery mildew was studied in a vineyard with variety Manjri Naveen. Aqueous suspensions of *Trichoderma* strains at the concentration of 5×10^6 spores/ml were applied below the irrigation drippers at 2 l/vine at seven-day intervals.

During vegetative season, five drench applications were made from 6th June to 2nd July. The vines under these treatments were given four sulphur and one potassium spray for the control of powdery mildew during the season. All *Trichoderma* treatments showed lower disease levels as compared to the only fungicide treated vines. Vines applied with the mixture of *Trichoderma* strain 5R and NAIMCC-F-01812 showed significantly lower per cent disease index (PDI) on leaves as compared to the fungicide treated vines. The next best treatment was *Trichoderma* strain 5R alone. Results show that soil applications of *Trichoderma* can be useful in improving powdery mildew control fungicide use.

During fruiting season, five drench applications were made from 15th November to 14th December. The vines under these treatments were given five sulphur, two contaf and one systhane spray for control of powdery mildew during the season. The AUDPC in fungicide control was 1411.84 showing the inefficacy of fungicides in providing required control of disease. All *Trichoderma* treatments, except 01769, enhanced disease control. Vines applied with the mixture of *Trichoderma* strain 5R + 01812 showed least AUDPC on leaves followed by strain 5R and 01812 + 01951.

Similar results were obtained on the bunches also. Results show that soil applications of *Trichoderma*

होते हैं और पाउडरी मिल्ड्यू के नियंत्रण को सुधारते हैं। काइटिनेस, β-1,3-ग्लूकानेस, पेरोक्साइड, पॉलीफेनोल ऑक्सीडेज एंजाइमों और कुल फिनोल्स की बढ़ी गतिविधि, पौधो में रोग प्रतिकार क्षमता बढाती है जो हमारे जैविक अवलोकन में भी देखा गया।

बेसिलस पृथकों का प्रयोग

पाउडरी मिल्ड्यू के नियंत्रण के लिए, *बेसिलस* के चार पृथक, यानि टीपी-232, टीएल-171, डीआर-92 और टीएस-45 और इनके मिश्रण (टीपी-232 + टीएल-171, टीएल-171 + डीआर-92, डीआर-92 + टीएस-45, टीएल-171 + टीएस-45) को लेकर परीक्षण किया गया। पंद्रह दिनों के अंतराल पर *बेसिलस* (1108 सीएफ़यू/मिली) के जलीय सस्पेंशन को दो लिटर प्रति लता की दर से मिट्टी में सराबोर किया गया। *ट्राइकोडर्मा* के समान उपचारों का प्रयोग तथा आंकलन किया गया। सभी उपचारों ने पाउडरी मिल्ड्यू के विकास को, केवल कवकनाशी छिड़काव किए लताओं की तुलना में, प्रतिबंधित किया। *बेसिलस* के मिश्रण टीपी-232 + टीएल-171और डीआर-92 + टीएस-45 ने ज्यादा से ज्यादा रोग की कमी दिखाई तथा बेसिलस टीएल-171 ने उनका अनुगमन किया। काइटिनेस, β-1,3-ग्लूकानेस, पेरोक्साइड, पॉलीफेनोल ऑक्सीडेज एंजाइमों और कुल फिनोल्स की गतिविधि, जो पौधो में रोग प्रतिकार क्षमता बढाती है वह, टीपी-232 + टीएल-171 और डीआर-92 + टीएस-45 उपचरित लताओं में ज्यादा थी जो इन उपचारों में कम से कम रोग होने का समर्थन करती है ।

फलन मौसम के दौरान, ऊपर बताए गए परीक्षणों का आयोजन किया गया और कवकनाशी नियंत्रण में एयूडीपीसी 1008.47 था जिसने रोगों के लिए आवश्यक नियंत्रण प्रदान करने के लिए कवनाशियों की अक्षमता को दर्शाया। वनस्पति मौसम की तरह, अकेले कवकनाशी अनुप्रयोग वाली लताओं की तुलना में सभी उपचारों ने, पत्तियों पर पाउडरी मिल्ड्यू के विकास को प्रतिबंधित किया । *बेसीलस* उपभेदों के मिश्रित अनुप्रयोग टीपी-232 + टीएल-171 ने रोग में अधिकतम कमी दी जिसका अनुगमन डीआर-92 + टीएस-45 और टीएल-171 के अकेले अनुप्रयोग ने किया। गुच्छे पर भी, *बेसीलस* टीआर-232 + टीएल-171 ने रोग की अधिकतम कमी दी जिसका अनुगमन टीआर-2 9 + टीएस-45 और टीएल-17 ने किया।

can be useful in inducing systemic resistance and improving powdery mildew control in vineyards. The enhanced activities of chitinase, β-1,3-glucanase, peroxidase, polyphenol oxidase enzymes and total phenols which impart disease resistance in plants supported the biological observations.

Application of *Bacillus* isolates

A trial was conducted with four *bacillus* isolates, viz. strains TP-232, TL-171, DR-92 and TS-45 and their mixed application (TP-232 + TL-171, TL-171 + DR-92, DR-92 + TS-45, TL-171 + TS-45) for the control of powdery mildew. Aqueous suspensions of *Bacillus* at the concentration of 1×10^8 cfu/ml were applied through soil drenching at the rate 2 l/vine at 15-day interval. Treatments were applied and evaluated as mentioned above in the case of *Trichoderma* isolates. All the treatments, restricted development of powdery mildew as compared to fungicide alone treated vines. Mixed application of *Bacillus* strains TP-232 + TL-171 and DR-92 + TS-45 gave maximum reduction of the disease followed by application of TL-171. The activities of chitinase, β-1,3-glucanase, peroxidase, polyphenol oxidase enzymes and total phenols which impart disease resistance in plants were higher in TP-232 + TL-171 and DR-92 + TS-45 treatments supporting the low disease in these treatments.

During fruiting season, the trials was conducted as mentioned above and the AUDPC in fungicide control was 1008.47 showing the inefficacy of fungicides in providing required control of disease. Like the vegetative season, all treatments restricted development of powdery mildew on leaves as compared to fungicide alone treated vines. Mixed application of *Bacillus* strains TP-232 + TL-171 gave maximum reduction of the disease followed by application of DR-92 + TS-45 and TL-171 alone. On bunches, too, *Bacillus* strains TP-232 + TL-171 gave maximum reduction of the disease followed by application of DR-92 + TS-45 and TL-171.

बहु-जीन विश्लेषण के आधार पर कुशल *ट्राइकोडर्मा* की पहचान

आइएसआर पृथक

स्ट्रेन 5आर, एनएएमसीसी-एफ-01769, एनएएम सीसी-एफ-01951 और एनएएमसीसी-एफ-01812 पृथकों की वंशावली स्थिति, आइटीएस अनुक्रमों के आधार पर जाँची गयी। इन वंशावली स्थिति की पुष्टि के लिए, एनसीबीआई जीनबैंक के *टी. एस्परेलोआइड्स, टी. एस्परेल्म* और *टी. कॉनिंजाय* के विश्वसनीय अनुक्रमों के साथ पृथको की *एसीटी, आरपीबी2* और *टीईएफ1* अनुक्रम के संयुक्त डाटासेट में जांच की गयी। सभी पृथक, *टी. एस्परेलोआइड्स* से संबन्धित थे। इन चार अलग-अलग पृथकों के जीन अनुक्रमों को एनसीबीआई डेटाबेस में जमा किया गया।

जैवनियंत्रण पृथक

एसीटी, *आरपीबी2* और *टीईएफ1* अनुक्रमों के संयुक्त डाटासेट के विश्लेषण के आधार पर, एनएएमसीसी-एफ-01965 *टी. एस्परेल्लोइड* प्रजाति से संबंधित पाया गया जबकि एनएएम सीसी-एफ-01938 *टी. एफ्रोहार्जियानम* प्रजाति से संबंधित था। दोनों पृथकों के जीन अनुक्रमों को एनसीबीआई डेटाबेस में जमा किया गया।

'शून्य' अवशेष अंगूर उत्पादन

चार स्थानों पर, 'शून्य अवशेषों' के अंगूर के उत्पादन के लिए जैव-सघन रोग प्रबंधन रणनीति तैयार की गई, और तीन किसानों के खेतों में और केंद्र में इसको कार्यान्वित किया गया। केंद्र और नासिक स्थलों पर, रोग की घटना कम थी और प्रायोगिक भूखंड (ईपी) को पाउडरी मिल्ड्यू के नियंत्रण के लिए क्रमश: चार और छ: छिड़काव दिए गए थे, जबकि सामान्य अभ्यास भूखंड (जीपीपी) में सात छिड़काव किये। रोग की गंभीरता दोनों भूखंडों में समान थी। सांगली स्थल पर, ईपी और जीपीपी को पाउडरी मिल्ड्यू के नियंत्रण के लिए केवल दो छिड़काव दिए गए थे। डाउनी मिल्ड्यू के नियंत्रण के लिए क्रमशः आठ और नौ छिड़काव दिये गए । पाउडरी मिल्ड्यू, डाउनी मिल्ड्यू और एन्थ्रेकनोज रोग की गंभीरता, दोनों भूखंडों में समान थी। जुन्नर-नारायनगांव स्थल पर, रोग की घटना कम थी और ईपी एवं जीपीपी को पाउडरी मिल्ड्यू के नियंत्रण के लिए केवल चार छिड़काव दिए गए। रोग की गंभीरता दोनों भूखंडों में समान थी। मिलने पर भी अवशेष की मात्रा एमआरएल से कहीं कम थी।

Identification of efficient *Trichoderma* isolates based on multi-gene analysis

ISR isolates

The phylogenetic position of strains 5R, NAIMCC-F-01769, NAIMCC-F-01951 and NAIMCC-F-01812 isolates was checked based on their ITS sequence. Their phylogenetic position was confirmed by analysis of combined dataset of *act, rpb 2* and *tef1* sequences of these isolates and the sequences of authentic *T. asperelloides, T. asperellum* and *T. koningii* strains retrieved from NCBI gene bank. All isolates were found to belong to the species, *T. asperelloides*. The gene sequences of these four isolates have been deposited in the NCBI database.

Biocontrol isolates

Based on the analysis of combined dataset of *act, rpb 2* and *tef1* sequences, the isolate NAIMCC-F-01965 was found to belong to the species, *T. asperelloides*; while isolate NAIMCC-F-01938 was found to belong to the species, *T. afroharzianum*. The gene sequences of both the isolates have been deposited in the NCBI database.

Production of 'Zero' residue grapes

Bio-intensive disease management strategy for the production of 'zero residue' grapes was prepared and implemented at four locations, three at farmer's fields and at this Centre. At Centre and Nasik sites, the disease incidence was low and the experimental plots (EP) were given only 4 and 6 sprays respectively for the control of powdery mildew while the general practice plots (GPP) received seven sprays. The disease severity was equal in both plots. At Sangli site, the EP and GPP were given only two sprays for the control of powdery mildew and eight and nine sprays, respectively, for control of downy mildew. The severity of powdery mildew, downy mildew and anthracnose diseases were par in both plots. At Junnar-Narayangaon site, disease incidence was low and the EP and GPP was given only four sprays for the control of powdery mildew. The disease severity was equal in both the plots. Residues if detected were much below the MRL.

भाकृअनुप – बाहरी परियोजना 'वाणिज्यिक अंगूर में *प्लास्मोपोरा विटीकोला* और *ईरीसिफ़ नेकेटर* की प्राकृतिक क्षेत्र की आबादी में कवकनाशी प्रतिरोध की निगरानी'

क्षेत्र में कवकनाशी प्रतिरोध *एरिसिपे नेकेटर* के पृथक

क्यूओआई और डीएमआई समूह से जुड़ी एज़ॉक्सीस्ट्रोबिन, ट्राइफ्लॉक्सीस्ट्रोबिन, मायक्लोबुटानिल, टेट्राकोनोझोल और डिफेंकोनाजोल के प्रति संवेदनशीलता का पता लगाने के लिए जैविक परख द्वारा पुणे, सोलापुर, सांगली और तमिलनाडु से एकत्रित ई. *नेकेटर* के साठ प्राकृतिक पृथकों का आंकलन किया गया। 29 पृथकों के आणविक विश्लेषण ने जी143ए में उत्परिवर्तन दिखाया जिसने 25 पृथकों में क्यूई कवनाशियों के प्रतिरोध के विकास की पुष्टि की, जबकि 15 चयनित पृथकों ने ए462टी उत्परिवर्तन दिखाया, जो डीएमआई कवनाशियों के प्रति प्रतिरोध दिखाता है। आगे के अध्ययन प्रगति पर हैं । हालांकि, परिणाम पाउडरी मिल्ड्यू प्रबंधन के अन्य सुरक्षित तरीकों को शामिल करने वाले प्रतिरोध प्रबंधन रणनीतियों का पालन करने के लिए तत्काल आवश्यकता का संकेत देते हैं।

प्लास्मोपोरा विटीकोला के क्षेत्र पृथकों में कवकनाशी प्रतिरोध

पुणे, सोलापुर, सांगली और नासिक क्षेत्रों से एकत्रित किए गए डाउनी मिलड्यू के 162 प्राकृतिक क्षेत्र के घावों का विश्लेषण जैविक परख द्वारा, क्रोसक्सीम मिथाइल, डिमेंथोमोर्फ, सिमॉक्सीनिल, और मेंटाइलेजिल कवकनाशी के प्रति संवेदनशीलता का पता लगाने के लिए किया गया। कुछ पृथक सभी चार कवकनाशी के लिए असंवेदी थे, जबकि अधिकतम पृथक एक या एक से अधिक कवकनाशियों के प्रति असंवेदी थे। बहुत कम पृथक सभी चार कवकियों के प्रति संवेदनशील थे। परिणाम डाउनी मिलड्यू प्रबंधन के अन्य सुरक्षित तरीकों को शामिल करने वाले प्रतिरोध प्रबंधन रणनीतियों का पालन करने के लिए तत्काल आवश्यकता का संकेत देते हैं।

एरीसिफे नेकेटर के हाइपरपैरासाइट

हाइपरपैरासिटिक प्रजाति, *लेकिनिसिलियम* (पहले *वर्टिसिलियम*) को भाकृअनुप-राअंअनु केंद्र, के प्रक्षेत्र से थॉमसन सीडलेस पर पाउडरी मिल्ड्यू कॉलोनी से अलग किया गया। शुद्ध इंनोकुलम ने थॉमसन सीडलेस के पत्ते और गुच्छों पर पाउडरी मिल्ड्यू वृद्धि को दबा दिया। प्रजति की पहचान *एल. एंटिलानम* के रूप में आईटीएस, *टीईएफ-1* और *β-ट्यूबुलिन* जीन विश्लेषण के आधार पर की गई।

ICAR-EXTRA MURAL PROJECT ON "MONITORING OF FUNGICIDE RESISTANCE IN NATURAL FIELD POPULATIONS OF *PLASMOPARA VITICOLA* AND *ERYSIPHE NECATOR* IN COMMERCIAL GRAPES"

Fungicide resistance in field isolates of *Erysiphe necator*

Sixty natural field isolates of *E. necator* collected from Pune, Solapur, Sangli, and Tamil Nadu were analysed by biological assays for detecting their sensitivity to azoxystrobin, trifloxystrobin, myclobutanil, tetraconazole and difenconazole, fungicides belonging to QOI and DMI group. Molecular analysis of 29 isolates showed G143A mutation confirming development of resistance to QoI fungicides in 25 isolates, while molecular analysis of 15 selected isolates showed A462T mutation confirming development of resistance to DMI fungicides. Further studies are in progress. However, results indicate urgent need to follow resistance management strategies incorporating other safer means of powdery mildew management.

Fungicide resistance in field isolates of *Plasmopara viticola*

One hundred and sixty two natural field lesions of downy mildew collected from Pune, Solapur, Sangli, and Nasik regions were analysed by biological assays for detecting their sensitivity to kresoxim methyl, dimethomorph, cymoxanil, and metalaxyl fungicides by bioassay. Few isolates showed insensitivity to all four fungicides, while maximum isolates were insensitive to one or more fungicides. Very few isolates were sensitive to all four fungicides. Results indicate urgent need to follow resistance management strategies incorporating other safer means of downy mildew management.

Hyperparasite of *Erysiphe necator*

A hyperparasitic *Lecanicillium* (earlier known as *Verticillium*) species was isolated from a powdery mildew colony on Thompson Seedless from ICAR-NRCG, Pune campus. Inoculum from a pure culture suppressed powdery mildew growth on leaves and bunches of Thompson Seedless. The species was identified as *L. antillanum* based on ITS, *tef-1* and *β-Tubulin* gene analysis.

प्लास्मोपारा विटीकोला के हाइपरपैरासाइट

पाँच हाइपरपैरासिटिक *फ़्यूजेरीयम,* अंगूर के डाउनी मिलड्यू के घावों से अलग किए गए। इनके शुद्ध इनोकुल्म ने पत्तियों पर *पी. विटाकोला* की ओर बढ़ते हुए और लपेट कर डाउनी मिलड्यू वृद्धी विकास को दबा दिया। प्रजातियों की रूपरेखा और आणविक विश्लेषण पर आधारित पहचान की जा रही है।

भारत में *ईरीसिफे नेकेटर* के आनुवंशिक समूह

तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश से एकत्रित 60 *ई. नेकेटर* नमूने के आणविक विश्लेषण से पता चला है कि सभी पृथक एस्कोस्पोर आनुवंशिक समूह से संबंधित हैं और कोई भी फ्लेग-शूट आनुवंशिक समूह का नहीं है। यह अवलोकन पहले के महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु से एकमात्र एस्कोस्पोर आनुवंशिक समूह के पता लगाने का समर्थन करता है। इन अवलोकनों से सवाल यह उठते हैं कि अगर यह शूट प्राइमर्डियल (निष्क्रिय कली) में या चास्मोथिया के रूप में जीवित नहीं है तो यह रोगकारक उत्तर भारत में ओवर-विंटरिंग और प्रायद्वीप भारत में ओवर-समरिंग कैसे करता है।

बैक्टीरियल लीफ स्पॉट (सीओ *जेंथोमोनस केंपेसट्रिस पीवी विटीकोला*) पर अध्ययन और अंगूर में इसका एकीकृत प्रबंधन

सभी संक्रमित पौधों के हिस्सों से, पृथकों ने पोषक अगार-माध्यम पर, सफेद, गोल, म्यूकोइड, चमकदार, उत्तल कोलोनियों का उत्पादन किया गया। सभी पृथक ग्राम नेगेटिव, रॉड-आकार और गतिशील पाये गए। पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड परीक्षण और कैटैलेज परीक्षण के लिए सभी पृथक सकारात्मक थे। सभी पृथकों के लिए ऑक्सिडेस टेस्ट और कार्बन और नाइट्रोजन के एकमात्र स्रोत के लिए एल-एस्पारेजिन टेस्ट नकारात्मक थे। उन्होंने इण्डोल परीक्षण और यूरीएज परीक्षण पर नकारात्मक प्रतिक्रिया भी दी लेकिन स्टार्च हाइड्रोलिसिस, केसिन हाइड्रोलिसिस और जिलेटिन द्रवीकरण के लिए सकारात्मक थे (तालिका 19)।

12 पृथकों के 16एस आरडीएनए अनुक्रमण विश्लेषण और ब्लास्ट खोज से इस रोगजनक के *जेंथोमोनस केंपेसट्रिस* पीवी *वीटिकोला* होने की पुष्टि होती है (चित्र 16)। 12 पृथकों के 16एस आरडीएनए जीन अनुक्रम जीनबैंक डाटाबेस में पृविष्टियां नंबर केएक्स257172 – केएक्स 257183 के तहत जमा किए गए हैं। *जेंथोमोनस केंपेसट्रिस* के चार पृथकों एनआरसीजी-एक्ससीवी-ए1, एनआरसीजी-एक्ससीवी-ए5, एनआरसीजी-एक्ससीवी-ए6, एनआरसीजी-एक्ससीवी-ए7 से प्लाज्मिड डीएनए निकाला गया। सभी ने 23.6-केबी के आकार के केवल एक ही प्लाज्मिड की उपस्थिति दिखायी है (चित्र 17)।

Hyperparasite of *Plasmopara viticola*

Five hyperparasitic *Fusarium* species were isolated from downy mildew lesions on grapes collected from different regions. Inoculum from pure cultures suppressed downy mildew growth on leaves, growing towards and coiling around *P. viticola*. The species are being characterized based on morphological and molecular analysis.

Genetic groups of *Erysiphe necator* in India

Molecular analysis of another 60 *E. necator* samples collected from TN and HP showed that all the isolates belonged to ascospore genetic group and none belonged to the flag-shoot genetic group. This supports the earlier detection of only ascospore genetic group from Maharashtra, Karnataka and Tamil Nadu. These observations raise questions on how the pathogen is over-summering in peninsular India and over-wintering in north India, if it is not surviving in shoot primordial (dormant buds) or as chasmothecia.

STUDIES ON BACTERIAL LEAF SPOT (C.O. *XANTHOMONAS CAMPESTRIS* PV. *VITICOLA*) AND ITS INTEGRATED MANAGEMENT IN GRAPES

From all the infected plant parts, isolates produced white coloured, circular, mucoid, glistening, convex colonies on nutrient agar medium. All isolates were found to be Gram negative, rod shaped and motile. All isolates were positive for potassium hydroxide test and catalase test. Oxidase test and L-asparagine test for sole source of Carbon and Nitrogen for all the isolates were negative. They also gave negative response to indole test and urease test but positive for starch hydrolysis, casein hydrolysis and gelatine liquefaction (Table 19).

The 16S rDNA sequence analysis of 12 different isolates and subsequent BLAS analysis confirmed the pathogen as *Xanthomonas campestris* pv. *viticola* (Figure 16). The 16S rDNA gene sequences of 12 isolates have been deposited in GenBank database under the accession numbers KX257172 - KX257183. Indigenous plasmid DNA was isolated from four isolates NRCG-XCV-A1, NRCG-XCV-A5, NRCG-XCV-A6, NRCG-XCV-A7 of *X. campestris* pv. *viticola.* All isolates showed presence of only single plasmid of size around 23.6-kb (Figure 17).

तालिका 19. *जेंथोमोनस कैंपेसट्रिस* पीवी *विटीकोला* की आकृति विज्ञान और जैव रासायनिक विशेषताएँ
Table 19. Morphological and biochemical characteristis of X c pv. viticola

क्र. सं./ Sr. no.	परीक्षण/ Test	दिखावट/ Appearance	परिणाम/ Result
1	ग्राम स्टेनिंग/ Gram Staining	गुलाबी, छोटे, छड़/ Pinkish, small, rods	- ve
2	गतिशीलता/ Motility	गतिशील/ Motile	+ ve
3	3% पोटॅश विलेयता परीक्षण/ 3% KOH Solubility test	धागे की तरह उत्पादित स्लाईम/ Produced thread like slime	+ ve
4	ओक्सिडेज परीक्षण / Oxidase test	कोई बैंगनी रंग का उत्पादन नहीं/ No purple colour produced	- ve
5	केटेलेज परीक्षण/ Catalase test	ऑक्सीजन के बुलबुलों का उत्पादन/ Produced O_2 bubbles	+ ve
6	स्टार्च हाइड्रोलिसिस परीक्षण/ Starch Hydrolysis test	आयोडीन स्टेन करने पर बैक्टीरिया के कॉलोनी के आसपास साफ क्षेत्र का उत्पादन/ Clear zone produced around bacterial colony in medium when stained with iodine	+ ve
7	केसिन हाइड्रोलिसिस परीक्षण/ Casein Hydrolysis test	माध्यम में बैक्टीरिया के कॉलोनी के आसपास साफ क्षेत्र का उत्पादन/ Clear zone produced around bacterial colony in medium	+ ve
8	जिलेटिन द्रवीकरण परीक्षण/ Gelatin liquefaction test	जिलेटिन माध्यम द्रवीभूत/ Liquefied the gelatin medium	+ ve
9	कार्बन और नाइट्रोजन के एकमात्र स्रोत के लिए एल-एस्पारेजिन टेस्ट/ L-Asparagine test for Sole source of Carbon and Nitrogen	माध्यम में कोई मैलापन नहीं/ No turbidity produced in medium	-ve
10	इण्डोल परीक्षण/ Indole test	गुलाबी रंग चक्र उत्पादन नहीं/ No pink colour ring produced	-ve
11	यूरिएज परीक्षण/ Urease test	रंग उत्पादन नहीं/ No colour changed	-ve

-ve = नकारात्मक / Negative, +ve = सकारात्मक / Positive



चित्र 16: *जेंथोमोनस कैंपेसट्रिस* पीवी *वीटिकोला* की फाइलोजेनेटिक स्थिति
Figure 16: Phylogenetic position of *X. campestris* pv. *viticola*

चित्र 17: *जेंथोमोनस कैंपेसट्रिस* पीवी *वीटिकोला* में प्लास्मिड का अलगाव
Figure 17: Isolation of indigenous plasmid in *X. campestris* pv. *viticola*

छेदकों पर नेटवर्क मोड में कंसोर्टियम अनुसंधान परियोजना

केरिओटाइप के माध्यम से *स्ट्रो. बारबॅटम* में लिंग विभेदन और गुणसूत्री उद्भव

केरिओटाइप के माध्यम से यह पता लगा कि मादा *स्ट्रो. बारबॅटम* में 2एन गुणसूत्र 20 (18 ऑटोसोम्स + XX) और नर *स्ट्रो. बारबॅटम* में 19 (18 ऑटोसॉम +X0) गुणसूत्र थे। नर तथा म ादा *स्ट्रो. बारबॅटम* में सैटेलाइट–गुणसूत्र पाए गए। मादा *स्ट्रो. बारबॅटम* में अतिरिक्त बी–गुणसूत्र पाया गया। साइटोजिनेटिकल विश्लेषण के आधार पर *स्ट्रो. बारबॅटम* में लिंग विभेदन देखा गया। इसके अलावा यह साइटोजिनेटिकल विश्लेषण, गुणसूत्री उत्क्रांति की घटनाओं के बारे में भी बताता है। प्रजातियों में गुणसूत्रों की संख्या संरक्षित पाई गई। अतिरिक्त गुणसूत्र मादा *स्ट्रो. बारबॅटम* में पाया गया। अध्ययन के दौरान, ट्रान्सलोकेशन और गुणसूत्रों के असामान्य पैरींग व्यवहार के बारे में भी पता लगा। प्रजातियां के विकास के लिए ऐसी घटनाएं जिम्मेदार हो सकती हैं।

सेलूलोज़ डिग्रेडेशन में लिप्त जीन/प्रोटीन की पहचान के लिए ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण

स्ट्रो. बारबॅटम के आद्यमध्यांत्र को निकाला गया। आद्यमध्यांत्र से आरएनए निष्कर्षण के लिए प्रोटोकॉल बनाया गया। इन आरएनए नमूनों को एकत्रित किया गया और अनुक्रमण के लिए सेवा प्रदाता को भेजा गया। कुल 45,006,669 ट्रांसक्रिप्ट पढ़े गए थे और आरएनए अनुक्रम आंकड़ों का *डीनोवो* विश्लेषण किया गया। *स्ट्रो. बारबॅटम* के 42875 ट्रांसक्रिप्ट पढ़े गए और 12 ट्रांसक्रिप्ट बैक्टीरिया से संबंधित थे। सबसे लंबे ट्रांसक्रिप्ट की लंबाई 25953 बीपी थी और 24517 ट्रांसक्रिप्ट में 1 से अधिक एफपीकेएम वैल्यू थी। ट्रांस्क्रिप्टोम आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण चल रहा है।

CONSORTIUM RESEARCH PROJECT ON BORERS IN NETWORK MODE

Sex differentiation and chromosomal evolution in stem borer, *Stromatium barbatum* through karyotyping

